राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 92
लखनऊ, मंगलवार 02 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समृद्ध समाज का आधार

विकसित भारत के लक्ष्य में यूपी की भूमिका अहम : ब्रजेश पाठक 03

ऑनलाइन हाजिरी व गैर विभगीय कार्यो का सचिवों ने किया विरोध 10

यूपी की आठ जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बोला धावा

एनआईए ने शाहीन के पिता सईद अंसारी से देर तक की बातचीत

एजेंसी

लखनऊ/श्रीनगर। दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला।

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर की शाम 6.52 बजे सफेद रंग की हुंडई कार में धमाका हुआ था। ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी। कार को आतंकी डॉ. उमर चला रहा था। कार ब्लास्ट में अब तक एनआईए ने मौलवी इरफान, डॉ. आदिल, जसीर बिलाल समेत 7 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं। धमाके में खुद को उड़ाने वाला डॉ. उमर भी पुलवामा का रहने वाला था। वह फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। दिल्ली ब्लास्ट की मास्टरमाइंड डॉ. शाहीन सईद के घर सोमवार सुबह एनआईए की टीम पहुंची। टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। डॉ. शाहीन का घर लखनऊ के लालबाग में है। यहां उसके पिता सईद अंसारी रहते हैं।

जांच के दौरान बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उधर लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया। एनआईए की टीम अंदर गई उसके पिता सईद अंसारी से काफी देर तक बातचीत की। बताया जा रहा था कि टीम अपने साथ डॉ. शाहीन को भी लेकर लखनऊ आई थी, लेकिन ऐसा नहीं है। एनआईए ने 17 नवंबर को जसीर को श्रीनगर से गिरफ्तार किया था। वह अनंतनाग के काजीकुंड का रहने वाला है। उसने अनंतनाग जिले के काजीगुंड से पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया है। दिल्ली ब्लास्ट में इसकी सक्रिय भूमिका रही है। आरोप है कि जसीर बम विस्फोट के लिए ड्रोन मॉडिफाई करता था और रॉकेट बनाने की भी कोशिश की थी। जसीर पिछले साल अक्टूबर में कुलगाम की एक मस्जिद में उमर से पहली बार मिला था। इसके बाद वह टेरर मॉड्यूल में शामिल हो गया। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआत में अन्य आतंकी चाहते थे कि जसीर जैश-ए-मोहम्मद के लिए एक एक्टिव वर्कर के रूप में काम करे, लेकिन उमर ने उसे आत्मघाती हमलावर बनने के लिए उकसाया।

हालांकि, अप्रैल 2025 में जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या को हराम बताते हुए आत्मघाती हमलावर बनने से इनकार कर दिया। लेकिन उसने आतंकी उमर को टेक्निकल सपोर्ट देना जारी रखा। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास शाम 6.52 बजे सफेद रंग की हुंडई कार में धमाका हुआ था। ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास शाम 6.52 बजे सफेद रंग की हुंडई कार में धमाका हुआ था। ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी।

जांच में पता चला कि डॉ. उमर और डॉ. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपए को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था। टीम ने फरीदाबाद की अल-अलाह यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद से मौलवी इश्तियाक को गिरफ्तार किया था। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपए मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था।

टीम तलाश रही है सबूत

एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक टीमें ऐसे सबूतों की तलाश कर रही हैं जो व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। तलाशियों में नए सबूत मिले या नहीं इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

फिलहाल वीपीएन सेवाएं बंद

पुंछ जिले में सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी वीपीएन सेवाएं दो महीने के लिए बंद कर दी हैं। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में बढ़ी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, वीपीएन के जरिए जानकारी बाहर जाने और संदिग्ध गतिविधियों के बढ़ने का खतरा था। इसलिए पूरे जिले में वीपीएन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल वीपीएन एक ऐसा एप या सर्विस होती है जो आपके मोबाइल/कंप्यूटर की इंटरनेट लोकेशन और पहचान छिपा देती है। जब आप वीपीएन ऑन करते हैं, तो आपका इंटरनेट किसी दूसरे देश या दूसरी जगह से चलता हुआ लगता है।

संसद को चुनावी हार-जीत की निराशा व न बनने दें अहंकार का अखाड़ा : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि उन्हें चुनावी हार-जीत के परिणामों से बाहर निकलकर इसकी निराशा या अहंकार का अखाड़ा संसद को नहीं बनाना चाहिए और जनता की आकांक्षाओं तथा लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुरूप संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि संसद का महत्वपूर्ण शीतकालीन सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चलेगा और सभी सदस्य देश की प्रगति के लिए तथा चुने हुये प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देने के लिए सदन को चलाने में अपना सहयोग करेंगे।

श्री मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसे और आगे बढ़ने की ऊर्जा देने का काम शीतकालीन सत्र करेगा, उन्हें ऐसा उन्हें विश्वास है। चुनावी हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र की मजबूती का दायित्व हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निजी एजेंडे के लिए संसद की कार्यवाही बाधित नहीं होनी चाहिए। नये सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए और सदन के कार्यवाही बाधित कर उनके अवसर को छीना नहीं जाना चाहिए। इस नए सांसदों को अभिव्यक्ति का अवसर दीजिए अपनी निराशा और अपनी पराजय में सांसदों को बली मत बनने दिजिये। पीएम ने कहा कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास मजबूत होता रहता।

मणिपुर वस्तु व सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पास कर दिया है। यह विधेयक अध्यादेश की जगह लेगा। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 02 दिसंबर तक के लिए स्थगित हो गई, जो मंगलवार सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगी। इससे पहले संसद की शीतकालीन सत्र के पहले दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025, नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल, 2025 और मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025 को पेश किया। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक-2025, मणिपुर गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (दूसरा संशोधन) अध्यादेश की जगह लेगा, जिसे 7 अक्टूबर, 2025 को जारी किया गया था।

एसआईआर को लेकर विपक्ष का हंगामा

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ, लेकिन लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच बाधित रही। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्रीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों के सांसदों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। दूसरी ओर, राज्यसभा की कार्यवाही फिलहाल सुचारू रूप से चल रही है। सत्र की शुरुआत में लोकसभा में पूर्व सांसद कर्नल सोना राम चौधरी, विजय कुमार मल्होत्रा, रवि नाइक, धर्मेंद्र और श्रीप्रकाश जायसवाल सहित 5 पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक जताया गया। सदन ने उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोक प्रस्ताव के बाद जैसे ही सदन की नियमित कार्यवाही शुरू हुई और विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे को लेकर हंगामा करते हुए अध्यक्षीय आसन (वेल) के पास आ गए।

-: सर्राफा बाजार भाव :-

सोना		प्रति 10 ग्राम
24 कैरेट	=	1,29,820/
22 कैरेट	=	1,19000/
18 कैरेट	=	97,370/
चांदी		प्रति किलो
	=	185,000/

भारत में रहना है तो सूर, कबीर-तुलसी बनकर रहो : जगतगुरु रामभद्राचार्य

समृद्धि न्यूज

संभल। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि भारत माता को डायन कहने वालों को तो हम सहन नहीं करेंगे। यहां अकबर बन कर या बाबर बन कर तो कोई यहां नहीं रह सकता। यहां रहना है तो स्वामी तुलसीदास, सूरदास या कबीरदास बन कर रहो।

भारत में रहने वाले सभी लोगों को वंदे मातरम गायन करना चाहिए और गाय को माता मानकर पूजा करनी चाहिए। वंदे मातरम न कहने वाले पाकिस्तान चले जाएं। जगद्गुरु रामभद्राचार्य उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के एंचौड़ा कम्बोह में स्थित कल्कि धाम में आयोजित कल्कि महोत्सव में प्रथम श्रीकल्कि कथा सुनाने पहुंचे हैं। धाम में सोमवार से सात दिवसीय श्री कल्कि कथा का आयोजन शुरू हुआ है। यह दिसंबर तक चलेगी। कल्कि धाम पहुंचने पर पद्मविभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रथम श्रीकल्कि कथा से पहले पत्रकारों से वार्ता की।

लक्ष्य पूरा न कर पाने पर बीएलओ ने किया सुसाइड

पत्नी ने पांच करोड़ मुआवजा और नौकरी की रखी मांग

समृद्धि न्यूज



मुरादाबाद। मुरादाबाद में हड़कंप मच गया जब एक सहायक अध्यापक की पत्नी ने शव का पोस्टमॉर्टम ही रुकवा दिया। रोते-बिलखते महिला ने प्रशासन के सामने 5 करोड़ रुपये मुआवजा और पति की जगह नौकरी की मांग रख दी। मामला इतना गंभीर हो गया कि पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

मृतक सहायक अध्यापक का नाम सर्वेश सिंह था। वे मुरादाबाद के कंपोजिट विद्यालय जाहिदपुर भगतपुर टांडा में बतौर सहायक अध्यापक तैनात थे।

वे बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर का काम भी कर रहे थे। उनकी पत्नी बबली देवी ने मीडिया के सामने खुलकर सारी रोते हुए बताया, मेरे पति एसआईआर फॉर्म भरने के दबाव में थे। डीएम, एसडीएम, सुपरवाइजर के मैसेज लगातार आते थे काम करो, टारगेट पूरा करो, तुम्हारा टारगेट बहुत नीचे जा रहा है। इसी टेंशन में उन्होंने आत्महत्या कर ली। बबली ने आगे कहा, वे मुझसे बार-बार कहते थे, अगर यह काम पूरा नहीं किया तो मेरे ऊपर कार्रवाई होगी, जेल भी हो सकती है। सर्वेश ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसमें उन्होंने अपनी मजबूरी लिखी है।

नोट में सर्वेश सिंह ने लिखा, मेरी चार छोटी-छोटी बेटियाँ हैं। सास हैं। देवर-देवरानी बाहर रहते हैं। अभी किसी बच्ची की शादी भी नहीं हुई। मैं जा रहा हूँ तो ये सब कैसे जिएंगे? यह पढ़कर बबली का दिल टूट गया। वे बार-बार बेहोश हो रही थीं और चीख रही थीं मेरे बच्चों का क्या होगा? ये इतनी छोटी हैं, कैसे पालूंगी?

संक्षिप्त समाचार

पीएम ने की शिवगंगा हादसे में सहायता राशि की घोषणा

चेन्नई। तमिलनाडु के शिवगंगा में दो बसों की टक्कर से 11 लोगों की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार रो गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख व घायलों को 50,000 रुपये की मदद का ऐलान भी किया है। राज्य सरकार ने भी 3 लाख रुपये की राहत राशि घोषित की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में दो सरकारी बसों की टक्कर में 11 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की मदद देने का ऐलान भी किया।

42 लाख की ठगी करने वाला अपराधी देहरादून से गिरफ्तार

कानपुर। जिले की कोतवाली पुलिस ने 42 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज मुकदमे में फरार अपराधी कई महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर उसे देहरादून से गिरफ्तार कर लिया गया। एडीसीपी पूर्वी अंजली विश्कर्मा ने बताया कि कोतवाली में 420 के तहत दर्ज एक मुकदमे में 42 लाख 29 हजार 600 रुपये की ठगी करने वाला अपराधी नरेन्द्र नाथ सोनी लंबे समय से फरार चल रहा था।

भारत ने बांग्लादेशी ट्रॉलर पकड़ा, 15 मछुआरे गिरफ्तार

कोलकाता। सोमवार सुबह बंगाल की खाड़ी में गश्त के दौरान भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेश के एक ट्रॉलर को भारतीय जलसीमा में घुसते हुए पकड़ लिया। ट्रॉलर में कुल 15 मछुआरे थे। पूछताछ के बाद सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, सुबह गश्त के दौरान तटरक्षक बल ने एक संदिग्ध ट्रॉलर को देखा। तटरक्षक बल की स्पीड बोट ने उसे पीछा कर रोका। पूछताछ में पता चला कि ट्रॉलर बांग्लादेश का है। इसके बाद 15 मछुआरों को हिरासत में लिया गया।

यूपी में शुरू हुई बिजली बिल राहत योजना

बकायेदारों के लिए 100 प्रतिशत ब्याज माफी व 25 प्रतिशत मूलधन में छूट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित और उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का आज पूरे प्रदेश में विधिवत शुभारंभ हो गया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस ऐतिहासिक योजना की शुरुआत की।

उन्होंने प्रतापगढ़ के कुंडा सब स्टेशन और रायबरेली के ऊंचाहार सब स्टेशन में भी मेगा कैंप का उद्घाटन किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास व सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगी। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और परिणामकारी कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। श्री शर्मा ने पहले पंजीकरण करने वाले पाँच उपभोक्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। शुरुआत उन उपभोक्ताओं के लिए राहत की नई किरण है, जिन पर वर्षों से बकाया बिलों का बोझ बना हुआ था।

योजना के प्रथम चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी एवं मूलधन पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे उनकी देनदारियाँ काफी कम हो जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट पर संबंधित खंड-उपखंड कार्यालय, जन सेवा केंद्र या किसी भी विभागीय कैश काउंटर से से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ पा सकें। योजना तीन चरणों में चलेगी।

पाक एजेंसियों के लिए जासूसी करने वाला पंजाब का युवक गिरफ्तार

जयपुर। सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान की जयपुर टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के लिए जासूसी गतिविधियों के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय से ही आईएसआई के संपर्क में था और भारतीय सेना के वाहनों की आवाजाही, सैन्य संस्थानों की स्थिति से संबंधित सूचनाएं एकत्र कर पाकिस्तान स्थित अपने हैंडलर्स को भेज रहा था। पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया है कि फिरोजपुर निवासी प्रकाश सिंह उर्फ बादल सोशल मीडिया के माध्यम से आईएसआई के संपर्क में था।

देश की बीस विधानसभाएं हुईं डिजिटल एक राष्ट्र-एक एप्लीकेशन से मिली गति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत चल रही राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) परियोजना ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। अब तक देश की राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की 20 विधानसभाओं को पूरी तरह से डिजिटलीकरण कर दिया गया है। यह जानकारी संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

मुरुगन ने बताया कि इस परियोजना का लक्ष्य देश के सभी 37 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों को डिजिटल बनाना है। इसलिए, अब तक 28 राज्य और प्रदेशों ने इस परियोजना को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 20 विधानसभाओं में पहले ही नेवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल शुरू हो चुका है और पूरी तरह से डिजिटल हो गए हैं। परियोजना का उद्देश्य विधानमंडल सचिवालयों की सभी शाखाओं का कंप्यूटरीकरण करना, ताकि जानकारी का आदान-प्रदान तेज़ी से होगा। विधायकों, सचिवालय कर्मचारियों व राज्य अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण, विधायकों की सहायता के लिए विशेष नेवा सेवा केंद्र स्थापित करना व पोर्टलों के माध्यम से विधायी जानकारी को आम जनता तक पहुँचाना है।

बिहार विस का पहला सत्र शुरू, विधायकों ने ली शपथ

पटना। नवगठित बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने विधायकों को शपथ दिलाई। विधानसभा की बैठक शुरू होने के बाद प्रोटेम स्पीकर श्री यादव ने कहा कि जनता ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने प्रतिनिधियों को विधायक चुन कर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्वाचित विधायकों की जिम्मेदारी है कि वे देश के लोकतांत्रिक ढांचे में संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदन में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएं। श्री यादव ने कहा कि वाईफाई सुविधाओं के साथ विधायकों की सीटों पर 'टैब' की व्यवस्था की गयी हैं।

कोलंबो में फंसे भारतीयों को लेकर वायु सेना का विमान पहुंचा तिरुवनंतपुरम

विमान में चढ़ने से पूर्व लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर वायु योद्धाओं का किया अभिवादन

एजेंसी

नई दिल्ली। श्रीलंका में चक्रवात दित्वा से हुई तबाही के बाद ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत की ओर से वायु सेना और नौसेना श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर सहायता पहुंचा रही हैं। बाढ़ में फंसे भारतीयों समेत अन्य विदेशी नागरिकों को सुरक्षित निकालकर कोलंबो पहुंचाया गया है।

कोलंबो के भंडारनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों का आखिरी जत्था लेकर वायु सेना का विमान तिरुवनंतपुरम पहुंचा है। बचाए गए लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर वायु योद्धाओं का अभिवादन किया। कोलंबो के भंडारनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे भारतीय यात्रियों के एक जत्थे को हाई कमिश्नर संझा ने तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना किया। विमान में चढ़ने से पूर्व यात्रियों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया। रविवार की रात 8 बजे तक 300 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को एयरलिफ्ट करके भारत वापस लाया गया। वायु सेना ने श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ मिलकर लैंडस्लाइड से प्रभावित कोटमाले इलाके में बड़े रेस्क्यू और लोगों को निकालने के मिशन चलाए, जो सड़क पर रुकावट की वजह से पूरी तरह से अलग-थलग है।

संबोधन — मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की जनता के नाम संबोधित योगी की पाती पोस्ट करते हुए कहा

2027 तक उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त प्रदेश बनाना लक्ष्य

समृद्धि न्यूज

यूनेस्को मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण

लखनऊ । संविधान दिवस पर पेरिस से आई एक विशेष तस्वीर ने पूरे देश, खासकर उत्तर प्रदेश को गर्व से भर दिया। यूनेस्को मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'योगी की पाती' के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया और बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश को वर्ष 2027 तक गरीबी मुक्त प्रदेश बनाने की बात कही है। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदेश की जनता के नाम संबोधित योगी की पाती पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व समुदाय जब बाबा साहेब के योगदान को सराहता है, तो यह क्षण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का होता है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की मूल भावना को जीवन में उतारने वाले युगांतरकारी महापुरुष थे। शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने की उनकी कोशिशें आज भी सामाजिक परिवर्तन का आधार हैं। योगी ने कहा कि उनकी ही प्रेरणा से उत्तर प्रदेश की सरकार ने दलितों, वंचितों और कमजोर तबकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चलाई हैं। शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास सुविधाएँ, प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सहायता—इन सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी जरूरतमंद सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब की सोच पर चलते हुए प्रदेश में 'जीरो पॉवर्टी अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत कमजोर वर्गों तक आवास, राशन, पेंशन, शिक्षा, श्रम योजनाएँ और बाल विकास कार्यक्रमों का लाभ तेज गति से पहुँचाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस, 6 दिसंबर को हम बाबा साहेब को श्रद्धापूर्वक नमन करेंगे और संविधान की मूल आत्मा—समानता, न्याय और बंधुत्व—को जीवन में उतारने का संकल्प लेंगे। मुख्यमंत्री ने अपील की कि समाज का व्यक्ति इन मूल्यों को अपनाकर संवेदनशील व्यवस्था के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा साहेब के मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बन सकता है।

एड्स के मरीजों से नहीं, बीमारी के कारणों से बनाएं दूरी

विश्व एड्स दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, समय पर जांच व नियमित दवा सेवन ही एड्स नियंत्रण की सबसे मजबूत कड़ी

समृद्धि न्यूज

बहराइच। विश्व एड्स दिवस पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट कार्यालय से सीएमओ कार्यालय तक स्कूली बच्चों की विशाल रैली निकाली गई, जिसे जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में बच्चों व शिक्षकों ने पोस्टर और स्लोगन के जरिए सुरक्षित जीवनशैली अपनाने, समय पर जांच कराने और एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने का संदेश दिया। इस वर्ष की थीम बाधाएँ होंगी दरकिनार, एचआईवी/एड्स पर सशक्त प्रहार रही। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षित व्यवहार और समय पर जांच ही एचआईवी/एड्स के नए मामलों को रोकने की सबसे प्रभावी रणनीति है। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने इसे सामाजिक संवेदनशीलता का विषय बताते हुए संक्रमित व्यक्तियों के प्रति समर्थन की अपील की।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि नियमित दवाओं का पालन करने पर एचआईवी संक्रमित व्यक्ति वर्षों तक सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरणों में लक्षण न दिखने के कारण लोग अनजान रहते हैं, इसलिए जोखिम की स्थिति में तुरंत जांच कराना आवश्यक है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज सहित रिसिया, कैसरगंज, पयागपुर, फखरपुर, नानपारा, शिवपुर और मिहींपुरवा में आईसीटीसी केंद्रों पर गोपनीय परामर्श व एचआईवी जांच निःशुल्क उपलब्ध है। इन केंद्रों पर औसतन 4 हजार से अधिक व्यक्तियों की जांच हर माह की जाती है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्थित एआरटी सेंटर पर निःशुल्क दवाएं, इलाज और नियमित मॉनिटरिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। सभी गर्भवती महिलाओं की एचआईवी स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाती है, ताकि जन्म से ही संक्रमण रोकने में मदद मिल सके। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि जागरूकता, समय पर जांच और नियमित दवा सेवन ही एड्स नियंत्रण की मूल कुंजी है।

उन्होंने अपील की कि एड्स के मरीजों के प्रति भेदभाव न करें, क्योंकि यह लड़ाई इंसान के विरुद्ध नहीं बल्कि बीमारी के विरुद्ध है और इसमें समाज की भागीदारी सबसे आवश्यक है। एचआईवी/एड्स के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि लगातार कमजोरी और थकान, बिना कारण वजन कम होना, बार-बार बुखार या रात में पसीना आना, अधिक समय तक खांसी या गले का संक्रमण, त्वचा पर दाने या बार-बार फंगल इंफेक्शन, बार-बार दस्त लगना तथा महिलाओं में लगातार योनि संक्रमण होने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें और जांच कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीएफओआईओ बृजेश सिंह, टी.आई. शरणम् संस्थान के परियोजना प्रबंधक संदीप सिंह, आईसीटीसी और एआरटी केंद्र के कर्मचारी, जिला बंदीगृह व सीएमसी विहान के प्रतिनिधि तथा एनटीईपी के स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन हाजिरी पर सचिवों का सीधा प्रहार विशेश्वरगंज में काली पट्टी बांधकर आंदोलन शुरू

समृद्धि न्यूज

विशेश्वरगंज, बहराइच। ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली (फेशियल रिकॉग्निशन बेस्ड अटेंडेंस) लागू किए जाने और लगातार बढ़ते गैर-विभागीय कार्यों से नाराज ग्राम सचिवों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। सचिवों ने इसे सिस्टम पर सीधा वार बताते हुए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया।

आंदोलन की कमान पंचायत विभाग अध्यक्ष अरुण पांडेय और विकास विभाग अध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी ने संभाली। उनके नेतृत्व में महेश प्रताप सिंह,सतवंत सिंह, लक्ष्मी नारायण, प्रवीण, अर्जुन, विजय मिश्र, अनुराधा चौरसिया, सहित सभी ग्राम सचिव विरोध में शामिल हुए।सचिवों ने कहा कि बिना संसाधन उपलब्ध कराए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली थोपना ग्रामीण परिस्थितियों के विपरीत है। नेटवर्क, बिजली और तकनीकी साधनों के अभाव में इसे लागू करना जमीनी तौर पर अव्यावहारिक है। उन्होंने यह भी कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन सत्यापन, शिक्षा विभाग की ड्यूटी, गौशाला प्रबंधन, पराली व सोलर लक्ष्य जैसे गैर-विभागीय दायित्व उन्हें उनकी मूल जिम्मेदारियों से दूर कर रहे हैं। सचिवों ने बताया कि आंदोलन प्रदेश संगठन के आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से चल रहा है जिसमें 01 से 04 दिसंबर तक सभी सचिव काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रखेंगे, 05 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय पर सत्याग्रह कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा, अगले चरण में वे सरकारी कार्यों के लिए निजी वाहन का उपयोग बंद करेंगे और विभागीय व्हाट्सऐप समूहों से अलग होने की प्रक्रिया अपनाएंगे। इसके अतिरिक्त 15 दिसंबर को सभी सचिव डोंगल जमा करेंगे। सचिवों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे संपूर्ण कार्य बहिष्कार जैसे कठोर निर्णय लेने को बाध्य होंगे।

खबरें एक नजर में

पुलिस वैन को बचाने के चक्कर बोलेरो पलटी, दो घायल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित सिंचाई विभाग के गेट के पास पुलिस वैन की गाड़ी को बचाने के चक्कर में एक बोलेरो गाड़ी अचानक ब्रेक लगाने से अनियंत्रित हो कर पलट गई जिस में सवार चालक सहित दो लोग घायल हो गए। अयोध्या जनपद के बीका पुर थाना क्षेत्र के खुजराहट ग्राम के निवासी 25 वर्षीय संदीप पुत्र राम जगत और 35 वर्षीय विपुल सिंह रविवार के दिन फोर्विश गंज में स्थित एक मैरेज हाल में बोलेरो से बारात आए थे। सोमवार की सुबह करीब 9 वापस अयोध्या जा रहे थ। सिंचाई विभाग के गेट के पास चौराहे पर अचानक एक पुलिस वैन की गाड़ी मुड़ गई जिस को बचाने के चक्कर बोलेरो चालक संदीप ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिस से बोलेरो गाड़ी अचानक पलट गई जिस में सवार दोनों लोग घायल हो गए। चौराहे पर एक चाय की दुकान पर चाय पी रहे आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा उर्फ अज्जू पंडित अपने साथियों के साथ तुरत घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और स्थानीय एक निजी चिकित्सक के पास ले जा कर इलाज कराया। अजय कुमार उर्फ अज्जू पंडित ने बताया कि पुलिस वैन ने अचानक चौराहे पर गाड़ी को मोड़ दिया जिस से सामने से आ रही बोलोरो गाड़ी ने ब्रेक लगा दिया जिस से घटना घट गई। पुलिस वैन की गाड़ी रुकी नहीं चली गई।

कार्रवाई : 30 वाहनों पर 60 हजार का जुर्माना

बहराइच, समृद्धि न्यूज। यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी लाने के उद्देश्य से जनपद में लगातार अभियान चलाया है। इसी क्रम में, लखनऊ–बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एक विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान, स्पीड रडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जांच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 30 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। इन 30 वाहनों पर कुल साठ हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। यह कार्रवाई तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। यातायात पुलिस ने लोगों से वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने जोर दिया कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

सफाई कर्मी की लाश घर में लटकती हुई मिली

झझरी/ गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन काशी राम कालोनी में रह रहे नगर पालिका के सफाई कर्मी 35 वर्षीय विक्रम उर्फ कुन्नू पुत्र बाबू लाल की लाश सोमवार के दिन घर में लटकती हुई मिली है। आस पास के लोगों ने घटना की जानकारी नगर पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे सिविल लाइन चौकी प्रभारी ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतक विक्रम उर्फ कुन्ने मनका पुर थाना क्षेत्र के आई टी आई का निवासी था। गोंडा में नगर पालिका में संविदा पर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। उस के चार बच्चे दीपक दीपिका अभय कुमार और दीपाली है। कुछ दिनों पूर्व उस की पत्नी पिंकी से उसका झगड़ा हुआ था। वह दो बच्चे अभय और दीपाली को साथ में लेकर कही चली गई थी। दो बच्चे दीपक और दीपिका इस के मां शोभावती के साथ मनका पुर आईटी आई में रहते है। मृतक विक्रम काशी राम कालोनी में अकेला रहता था। पत्नी पिंकी छोड़ कर चली गई थी। दारू पीने की वजह से ही इस के पत्नी पिंकी से झगड़ा हुआ था। इस के बाद वह घर छोड़ कर चली गई थी। नगर कोतवाल विवेक द्विवेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला स्वदेश रत्न सम्मान 2025



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। सागर कला भवन, स्वदेश संस्थान (एस.बी. सागर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट) अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित रविन्द्र नाथ टैगोर स्वदेश रत्न सम्मान 2025 के लिए इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया का चयन किया गया है। संस्था द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जनपद गोण्डा अंतर्गत विकास खण्ड परसपुर निवासी जादू की दुनिया के बेताज बादशाह मिस्टर इंडिया को उनकी विशिष्ट कला, जनसेवा तथा सांस्कृतिक योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सागर कला भवन आयोजन समिति ने बताया कि 'स्वदेश रत्न सम्मान' का उद्देश्य पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित करना है। समिति ने बताया कि यह एक पंजीकृत संस्थान है और इसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत में विस्तारित है। संस्थान ने ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया के चयन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि उनका उत्कृष्ट कार्य समाज को नई दिशा प्रदान करता रहेगा।

छह फूस के मकान में लगी आग, गृहस्थी जली, दमकल ने पाया काबू

समृद्धि न्यूज

बहराइच। जिले के कैसरगंज इलाके में स्थित ग्राम गोडहिया नंबर 3 में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस अग्निकांड में छह फूस के मकान जलकर खाक हो गए। सुबह करीब 11 बजे फूल चंद्र नामक ग्रामीण के फूस के मकान में आग लगी।

देखते ही देखते आग ने पड़ोस में स्थित संतोष, माथर, माता प्रसाद, राम नरेश और भगत राम के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। कैसरगंज थाना प्रभारी बृजेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को जानकारी दी। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण छह फूस के मकान जले हैं। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन राजस्व विभाग की टीम करेगी।

जेल में बंद वृद्ध कैदी की इलाज के दौरान मौत

बहराइच। जिला कारागार में बंद हत्या के प्रयास के एक मामले के वृद्ध कैदी की रविवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। 72 वर्षीय सुरेंद्र सिंह को शनिवार को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुरेंद्र सिंह हुजूरपुर थाना क्षेत्र के निवासी थे। उनके खिलाफ लगभग 20 वर्ष पूर्व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। जमानत मिलने के बाद वह काफी समय से अदालत में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके चलते न्यायालय ने वारंट जारी किया था। पुलिस ने उन्हें बीते 25 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जिला कारागार भेज दिया गया था। वृद्धावस्था के कारण सुरेंद्र सिंह अक्सर अस्वस्थ रहते थे। शनिवार को उनकी तबीयत अचानक अधिक खराब हो गई, जिसके बाद कारागार प्रशासन ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिला कारागार के जेलर अजय झा ने बताया कि सुरेंद्र सिंह अधिक उम्र के साथ-साथ मानसिक रूप से भी बीमार थे।

गैंगेस्टर एक्ट के फरार आरोपियों पर कसा शिकंजा

▸ प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में गांव-गांव चस्पा हुई उद्घोषणा नोटिस

समृद्धि न्यूज़

बहराइच। थाना चिल्हिया में पंजीकृत मु0अ0सं0 055/2025 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। विवेचना अधिकारी प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, थाना शोहरतगढ़ की नेतृत्वकारी भूमिका में फरार चल रहे कुल पाँच आरोपियों के खिलाफ धारा 84 बीएनएसएस की उद्घोषणा नोटिस गांव-गांव चस्पा कराई गई।

निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के अनुसार अभियुक्त–इंदल चौहान पुत्र ठाकुर, संवारी पुत्र भूखन, विनोद कुमार चौहान पुत्र अंतू निवासी टिकुरी थाना खैरीघाट बहराइच, नंद किशोर पुत्र स्व0 लालाराम निवासी अड़गोडवा थाना मोतीपुर बहराइच तथा बछराम पुत्र दयाराम निवासी दल्लापुरवा–लंबे समय से पुलिस और न्यायालय के सामने हाजिर नहीं हो रहे थे। आरोपियों के लगातार फरार रहने और अपनी संपत्तियाँ बेचकर स्थायी रूप से भागने की आशंका के आधार पर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर ने धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा नोटिस जारी किया।

नवीन कुमार सिंह अपनी टीम–उपनिरीक्षक संतोष यादव व हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव के साथ न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए स्वयं संबंधित गांवों में पहुंचे। उनकी अगुवाई में पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपियों के घरों, दीवारों और सार्वजनिक स्थानों पर उद्घोषणा नोटिस चस्पा किए। इसके बाद गांवों में घूम-घूमकर लाउडस्पीकर से मुनादी भी कराई गई, जिसमें आरोपियों को निर्धारित समय में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने की चेतावनी दी गई। मुनादी कराने वाले को पुलिस द्वारा नियमानुसार मेहनताना भी प्रदान किया गया।निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के निर्देशन में की गई इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से स्थानीय क्षेत्रों में चर्चा तेज है, जबकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश लगातार जारी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के 92 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़

गोण्डा। जनपद गोण्डा में विधानसभा निर्वाचन से संबंधित प्रमुख कार्यों के अंतर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर फार्म के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 92 बीएलओ को आज जिला पंचायत सभागार में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मान जताया।

यह सम्मान उन सभी बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य, समयबद्धता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनके सहयोग और समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर फॉर्म का पूर्ण डिजिटाइजेशन निर्वाचन कार्यों को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी कार्यों में सटीकता, समयबद्धता और तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता होती है। समय से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना न केवल विभागीय टीमवर्क का उदाहरण है, बल्कि यह प्रशासन की कार्यकुशलता को भी दर्शाता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी 92 बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक बीएलओ की मेहनत, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी प्रशंसनीय है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार गणना प्रपत्रों के वितरण, भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त करने तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुझाये गये 13 अभिलेखों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए बताया कि आयोग द्वारा पुनरीक्षण अभियान में प्रपत्रों को जमा करने की तिथि को 04 दिसम्बर से बढ़ा कर 11 दिसम्बर 2025 कर दी गई है। डीएम ने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि बीएलए को सक्रिय कर दें ताकि जनपद में अधिक से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र को जमा कराया जा सके। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के ऐसे मतदाता जिनके द्वारा भरे गये गणना-प्रपत्र में दिया गया।

2.50 लाख के आभूषणों से भरा बैग यातायात पुलिस ने किया बरामद

समृद्धि न्यूज

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद पुलिस ने त्वरित एवं संवेदनशील पुलिसिंग का परिचय देते हुए नेपाल से विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला का आभूषणों से भरा गुमशुदा बैग कुछ ही समय में खोजकर सकुशल बरामद कर पीड़िता को सुपुर्द किया।

नेपालगंज, जिला बाँके (नेपाल) निवासी रेखा कुमारी तमोली पत्नी दीपक तमोली अपने जीजा आकाश पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी जानकीनगर (भूतहाताल), निकट सूरज होटल, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा के यहां शादी में आई थीं। रोडवेज बस स्टेशन से ऑटो द्वारा जाते समय उनके पास रखा लगभग 2,50,000 मूल्य का आभूषणों (सोने का हार 15 ग्राम, सोने की अंगूठी 10 ग्राम सहित अन्य सामग्री) से भरा बैग ऑटो में ही छूट गया। पीड़िता की सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के दिशा-निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई । यातायात टीम ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो पर अंकित टोकन संख्या 436 की पहचान कर संबंधित ऑटो का पता लगाया । तत्पश्चात ऑटो चालक मोनू पुत्र शिवप्रसाद, निवासी ग्राम सोनई इमलिया मिश्रा, थाना को0 देहात, जनपद गोण्डा को पूछताछ हेतु यातायात कार्यालय बुलाया गया। आवश्यक पूछताछ के उपरांत गुमशुदा बैग बरामद कर समस्त सामग्री सहित पीड़िता को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया। बैग की बरामदगी पर पीड़िता द्वारा गोण्डा पुलिस द्वारा की गई त्वरित एवं जनसेवा की भावना से युक्त कार्यवाही की सराहना की गई। गोण्डा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा, सहायता एवं विश्वास के संरक्षण हेतु सदैव तत्पर है।

ग्राम नेवलगंज में दुःखद घटना में पीड़ित परिवार से मिले डीएम, हर सम्भव मदद का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। विकासखंड हरैया सतघरवा अंतर्गत बरहवां रेंज के ग्राम नेवलगंज में मानव-वन्यजीव संघर्ष की अत्यंत दुखद घटना के बाद जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन आज पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

जिलाधिकारी ने घटना स्थल तथा आसपास के वन क्षेत्रीय ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन सर्वोपरि हैं, इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु हरसंभव कदम उठाए जाए। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वन विभाग को निगरानी प्रणाली और सुदृढ़ करते हुए ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद के संबंधित विभागों के साथ समन्वय मजबूत करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने वन्य क्षेत्रों के ग्रामों में गन्ना पर्चियों का शीघ्र वितरण तथा गन्ना कटान समयबद्ध रूप से कराए जाने के निर्देश दिए। इससे जोखिम कम होगा तथा मानव-वन्यजीव संपर्क की संभावना घटेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वन क्षेत्र में विशेष सतर्कता रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। इस दौरान एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान, वन विभाग के रेंजर उपस्थित रहें।

निर्देश — आयुक्त ने एसपी, एसडीएम और अधिकारियों को भेजा पत्र, कहा–शिकायतों में बिल्कुल भी न बरती जाए ढिलाई

विशेष महिला जनसुनवाई में 14 महिलाओं ने रखी अपनी पीड़ा



समृद्धि न्यूज़

गोण्डा। देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में सोमवार को 14 महिलाओं ने अपने-अपने मामलों को रखते हुए न्याय और समाधान की मांग की। जनसुनवाई की अध्यक्षता आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने की। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को अधिकतम दो सप्ताह की अवधि में अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा व उपायुक्त खाद्य उपस्थित रही।

जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रकरणों में कई गंभीर और संवेदनशील मुद्दे सामने आए। ग्राम मुण्डेरवा कला की बुजुर्ग पीड़िता राजपता देवी ने अविवाहित पुत्र की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के बाद आपदा राहत राशि न मिलने की समस्या रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखापाल और कानूनगो द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर उनके मृत पुत्र को विवाहित दिखा दिया गया, जिसके कारण उन्हें सहायता नहीं मिल सकी।

इसी बीच बहराइच जनपद से पहुंचे दलित मजदूर दंपति ने सुजौली थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों पर गंभीर उत्पीड़न, मारपीट, जातिसूचक अपशब्द, 50 हजार रुपये की अवैध मांग और थाने में अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया। पीड़ित ने आरोपों की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

बहराइच जिले के ग्राम आनन्दनगर बरखड़िया, थाना सुजौली की रहने वाली सीमादेवी ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी पक्ष द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को हटवाने की मांग की है। सीमादेवी के अनुसार जिलाधिकारी बहराइच के आदेश पर 3 मीटर चौड़ा और 100 मीटर लंबा खड़ंजा मार्ग बनाया जा रहा था, लेकिन विपक्षीगण जबरन रास्ते पर पक्का व फूस का निर्माण कर रहे हैं, जिससे रास्ता बाधित होने की आशंका है। पीड़िता का कहना है कि उसने एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया है, लेकिन राजस्व लेखपाल द्वारा विपक्षियों से मिलकर गलत रिपोर्ट लगाई गई। जिलाधिकारी द्वारा अवैध निर्माण रोकने का निर्देश होने के बावजूद स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता से निर्माण जारी रहा। सीमादेवी ने रास्ता मुक्त कराए जाने और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

वहीं ग्राम बुधईपुरवा, पूरे शिवाबख्तावर की मीना देवी ने मण्डलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुश्तैनी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग की है। उनका आरोप है कि विपक्षियों ने अपनी हिस्सेदारी से अधिक जमीन पर जबरन कब्जा करते हुए उनकी भूमि पर नवनिर्माण कर रहे हैं। मीना देवी का कहना है कि वह कमजोर और गरीब महिला हैं, जबकि विपक्षी दबंग व प्रभावशाली लोग हैं। उन्होंने मण्डलायुक्त से तत्काल निर्माण रुकवाने और अस्थायी निषेधाज्ञा जारी करने की मांग की है ताकि उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके। जबकि करनैलगंज क्षेत्र के बांसगांव की रहने वाली मंजू देवी ने देवीपाटन मंडल के आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर चकमार्ग पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने चकमार्ग को जोतकर गेहूँ बो दिया है तथा रास्ते पर बांस-बल्ली लगाकर करंटयुक्त तार डाल दिया है, जिससे जानवरों और बच्चों की जान को गंभीर खतरा है। मंजू देवी का कहना है कि विरोध करने पर विपक्षी फौजदारी पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल रोकथाम कर चकमार्ग को मुक्त कराने की मांग की है। आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान उठे गंभीर आरोपों और सुरक्षा संबंधी मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को फोन कर एवं पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई किसी भी शिकायत में बिल्कुल भी ढिलाई न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

भाजपा का अभियान : घर-घर पहुंचकर बढ़ाया मतदाता जागरूकता का संदेश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत 'कुंडी खटकाओ' विशेष अभियान को पूरे जोर-शोर के साथ आगे बढ़ाया।

अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट से जोड़ना है। राजधानी के कई इलाकों में सुबह से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करते नजर आए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्वयं अभियान में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ की कॉलोनियों में पहुंचे। उन्होंने लोगों से कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर पात्र नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ा हो। उन्होंने जनता से यह भी आग्रह किया कि परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य का नाम सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ें। घर में मौजूद किसी भी व्यक्ति का नाम न छूटने दें। मतदाता पुनरीक्षण टीम को पूरा सहयोग दें। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा का यह अभियान महज राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहभागिता का बड़ा जन-आंदोलन है।

टेढ़ी पुलिया से कुर्सी रोड सिटी क्लब तक ट्रैफिक व्यवस्था राम भरोसे

आखिर किसकी लापरवाही है जाम के झाम का कारण सुबह से देर रात तक अक्सर फंसे रहते हैं वाहन

शोएब गाजी

लखनऊ। राजधानी भर में लगभग लगभग हर चौराहों पर डाइवर्जन कर ट्रैफिक पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला तो झाड़ लिया। किन्तु शहर भर में ट्रैफिक व्यवस्था अक्सर ध्वस्त रहती है।

मेन प्वाइंट पर तैनात ट्रैफिक कर्मी भी कुर्सियों पर आराम फरमाते नज़र आ जाते हैं फिर चाहे जाम में एम्बुलेंस फंसे या कोई मंत्री नेता, चाहे प्राइवेट वाहन में कोई मरीज फंसा हो ट्रैफिक कर्मियों की लापरवाही साफ़ देखी जा सकती है, फिर अपनी जिम्मेदारियों का ठीकरा स्थानीय थाने की पुलिस पर फोड़ देते हैं। यदि आपको टेढ़ी पुलिया कुर्सी रोड से सृष्टि अपार्टमेंट, सेंट मैरी हॉस्पिटल, या सिटी क्लब होते हुए आगे इंटीग्रल, बेहटा जाना है तो आप घर से एक दो घंटे का एक्स्ट्रा समय लेकर निकलिए क्योंकि अगर आप जाम में फंस गए तो फंसे ही रह जाएंगे। ठीक उसी तरह आप बेहटा कुर्सी रोड की तरफ से आकर इंटीग्रल होते हुए टेढ़ी पुलिया चौराहे पर होकर शहर जाना चाहते हैं तब भी आपको वही जाम के झाम से निपटना पड़ेगा। अब बात करते हैं इतनी एरिया में जाम लगने के कारण की तो टेढ़ी पुलिया से सिटी क्लब तक पहले तो कई कट ओपन थे किन्तु बाद में कई कट बंद कर दिए गए जिस से कई वाहन चालक उल्टी दिशा में भी फर्राटा भरते चले जाते हैं जिस से अक्सर जाम लग जाता है और ऐसे लापरवाह चालकों को रोकने के लिए कोई भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आता। कई जगहों पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट के सहारे ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने का सिलसिला तो कुर्सियों पर बैठकर ही देखा जाता है। टेढ़ी पुलिया से सिटी क्लब तक कई प्वाइंट ऐसे हैं जहां ट्रैफिक पुलिस की हाजिरी ज़रूरी बन जाती है जैसे कि टेढ़ी पुलिया चौराहे से कुर्सी रोड पर आगे बढ़ते ही लगभग 500 मीटर की दूरी पर चार नम्बर चौराहा, फ़िर पहाड़पुर चौराहा, आगे गुडंबा थाने के पास 23 नम्बर चौराहा फिर आ जाइए सेंट मैरी हॉस्पिटल के सामने वाला चौराहा इन जगहों पर कुछ दिनों तक तो ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती महज खानापूर्ति बनकर रह गई। जनता को जाम के झाम से राहत तो थी पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की इन जगहों से ड्यूटी हटते ही फिर से जाम का सिलसिला बदस्तूर जारी है। और तो और शहर में बढ़ते ई रिक्शा की तादाद भी जाम को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ती, टेढ़ी पुलिया से 4 नम्बर तक लगने वाली सब्जी फल की दुकानों पर आए ग्राहक भी सड़क पर बे तरतीब वाहन खड़ा करने में ज़रा भी गुरेज नहीं करते। कुर्सी रोड की जनता लगातार जाम के झाम से परेशान होती नज़र आ रही है कई बार तो इमरजेंसी मामलों में लोगों को जाम की वजह से बड़े नुकसान भी उठाने पड़ जाते हैं। अब देखना दिलचस्प यह है कि जनता को जाम से छुटकारा दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय पुलिस के उच्च अधिकारी क्या ही फैसला लेते हैं। या कुर्सी रोड की ट्रैफिक व्यवस्था राम भरोसे ही चलती रहेगी।

खबरें एक नजर में

गोमतीनगर में दीवार से टिकाकर बैठाया मिला महिला का शव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में अजीब ढंग से रखा हुआ महिला का शव मिला। शव को सड़क के किनारे नाली के ऊपर दीवार के सहारे रखा गया था। आने-जाने वाले लोगों को घंटों तक यही लगता रहा कि कोई महिला बैठी होगी। जब वह दोपहर तक अपनी जगह से हिली नहीं तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो पता चला कि वह किसी महिला की डेडबॉडी है। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पूरे शरीर पर घसीटने की वजह से मिट्टी लगी हुई थी। पैरों में भी पकड़ने के निशान बने थे। पुलिस के अनुसार, महिला की हत्या की गई होगी। उसके बाद शव को यहां ठिकाने लगाया गया है। गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विशालखंड-2 में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव रिटायर्ड आईएएस प्रीतम सिंह के बाहर रखा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी ने कहा महिला की उम्र 45 साल के आसपास लग रही है। आसपास टीम में लगाकर पहचान कराई जा रही है। वहीं, मामले में एसीपी गोमतीनगर बृज नारायण ने कहा- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही कुछ कह पाना संभव है।

युवक की मौत, किसान पथ के किनारे मिला शव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सुशांत गोल्फसिटी इलाके में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हो गई। युवक किसान पथ के किनारे पड़ा मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी उपेंद्र सिंह ने बताया कि किसान पथ के किनारे एक युवक का शव मिला है। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। मेन हाईवे पर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम युवक की शिनाख्त में लगी है। प्रारंभिक जांच में हादसा लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ साफहो पाएगा।

स्ट्रीट डॉग्स के समर्थन में उतरे लोग, सीजेआई को लिखा पत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ में डॉग लवर्स का पत्र लिखने का सिलसिला जारी है। कुत्ता प्रेमियों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर स्ट्रीट डॉग पुनर्वास आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। एनिमल लवर खुशबू ने बताया कि हम लोग स्ट्रीट डॉग्स को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 10 हजार से अधिक लोग पत्र लिख चुके हैं। इन्होंने बताया कि 7 नवंबर को जो फैसला आया हम लोग उसकी पूरी तरह विरोध करते हैं। खुशबू ने कहा कि हम लोग डॉग्स को बचाने के लिए अलग-अलग तरह की लड़ाई लड़ रहे हैं। विरोध प्रदर्शन किया सड़कों पर उतरे और अब लेटर मुहिम चल रही है। लावारिस कुत्तों को हटाना उचित नहीं है और इसके लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। उन्होंने ABC रूल को बढ़ाने और जन जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। डॉग लवर्स ने कहा कुत्तों को हटाने या स्थानांतरित करने का आदेश बिल्कुल भी प्रैक्टिकल नहीं है।

विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के मार्ग दर्शन एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत कैडेट निकिता सिंह, अनुष्का पटेल, वैष्णवी श्रीवास्तव, शुभी सिंह ने एचआईवी एड्स के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि संक्रमित सुई के प्रयोग से,असुरक्षित यौन संबंध से, गर्भवती माता से होने वाले शिशु को तथा संक्रमित रक्त के चढ़ाने से कोई भी इस बीमारी से संक्रमित हो सकता है। इस रोग से ग्रसित रोगी की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन कार्यक्रम में नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया

समस्याओं के समाधान पर निगरानी रखें पुलिस अधिकारी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जनता दर्शन कार्यक्रम में नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए लिखित आवेदनों की समीक्षा की और उन्हें समय पर सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने उपस्थित बच्चों से भी गर्मजोशी से बातचीत की, उनकी चिंताओं का समाधान किया और उन्हें सामुदायिक विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।उन्होंने सरकार और जिला अधिकारियों को संभल के चरणबद्ध विकास के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जिले का विकास सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में तैनात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को पीड़ितों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर समाधान पर विशेष जोर दिया।पुलिस से जुड़े मामलों में निष्पक्षता व पारदर्शिता पूर्वक कार्रवाई पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। जनता दर्शन में 42 से अधिक फरियादी पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हर एक से मिलकर उनकी समस्याएं जानीं और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। जनता दर्शन में जमीनी विवाद, राजस्व व पुलिस से संबंधित भी कई मामले आए।

इस पर सीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस कार्रवाई निष्पक्षता व पारदर्शिता से की जाए। पुलिस कमिश्नर, एडीजी, एसएसपी व एसपी जनता की समस्याओं की निगरानी रखें और प्रमुखता से उसके निस्तारण पर ध्यान दें। दो पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से अतिरिक्त आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर उन्होंने दोनों फरियादियों को मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार हर पीड़ित की मदद के लिए खड़ी है।

चिकित्सा के लिए नियमित रूप से पीड़ितों को आर्थिक मदद की जा रही हैमआप भी एस्टिमेट बनवाकर उपलब्ध कराएं, सरकार मदद करेगी। योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन जन सुनवाई की है। इससे पहले, उन्होंने अपने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार और रविवार को श्जनता दर्शनश् कार्यक्रम के तहत कुल 400 लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए।

सपरिवार राम मंदिर पहुंचे अवधेश प्रसाद, गर्भगृह में किया पूजन

लखनऊ। 25 नवंबर के दिन हुए राम मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया था कि उन्हें इस कार्यक्रम में इसलिए आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि वह दलित समाज से आते हैं। राम मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद अपने परिवार के साथ राम मंदिर गए और रामलला के दर्शन और पूजन किया। गर्भगृह में विधि विधान से पूरा अर्चना की। मीडिया से मुखातिब सपा सांसद ने मंदिर दर्शन के बाद कहा कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में उन्हें इसलिए नहीं बुलाया गया था क्योंकि वह दलित हैं। कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति को भी इसलिए आमंत्रित नहीं किया गया था क्योंकि वह भी वंचित समाज से आती हैं।

बिजली बिल राहत योजना में सहयोग के साथ निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में आरडीएसएस स्कीम और बिजनेस प्लान के तहत अरबो रुपए की योजनाएं स्वीकृत करने के बाद इन निगमों को निजी घरानों को मात्र 6500 करोड रुपए की रिजर्व प्राइस पर सौंपने का क्या औचित्य है।

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि जितनी धनराशि सुधार के लिए खर्च की जा रही है उससे कहीं कम धनराशि की रिजर्व प्राइस पर इन विद्युत वितरण निगमों को बेचा जा रहा है। उपभोक्ताओं के लिए 01 दिसंबर से प्रारंभ बिजली बिल राहत योजना में आज पहले दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं को इस योजना में रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रेरित किया। बिजली कर्मी पूरे दिन काम में लगे रहे तथा निजीकरण के विरोध में कार्यालय समय के उपरांत समस्त जनपदों में प्रदर्शन किया गया। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजी घरानों के साथ मिली भगत में प्रदेश के मुख्यमंत्री को अंधेरे में रखकर एक लाख करोड रुपए की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल बेचना चाहते हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि उप्र पॉवर कॉरपोरेशन ने बिजनेस प्लान के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 824.65 करोड़ रुपए और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 819 करोड रुपए का बिजनेस प्लान स्वीकृत किया है।

2.31 करोड़ से सजेगा बुद्धेश्वर महादेव मंदिर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्राचीन बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को आधुनिक स्वरूप देने के लिए सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से जारी है। इस परियोजना के लिये 2.31 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत की गई है। वर्तमान में मंदिर परिसर में आगंतुक सुविधाओं के उन्नयन, आवाजाही में सुधार और ऐतिहासिक महत्व के संरक्षण से जुड़े अनेक कार्य प्रगति पर हैं। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रमुख धार्मिक स्थलों को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर लखनऊ के प्राचीन शिव मंदिरों में से एक है और प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्य लगभग पूर्णता की ओर हैं।

'धागे से धरोहर तक' थीम पर खादी महोत्सव आयोजित

खादी महोत्सव में 3.20 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 में इस बार बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। धागे से धरोहर तक थीम पर हुए आयोजन में कुल कारोबार 3.20 करोड़ रुपये तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष की 2.25 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 42 फीसदी अधिक है।

अंतिम दिन खरीदारी का दबाव सबसे अधिक रहा और देर शाम तक स्टॉलों पर भीड़ बनी रही। खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद, जूट हस्तशिल्प और माटी कला इस बार ग्राहकों की पहली पसंद रहे। महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग के 120 और माटी कला के 08 स्टॉल सहित कुल 160 उद्यमियों ने भाग लिया। लखनऊ, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर सहित विभिन्न जिलों से आए कारीगरों ने बताया कि इस वर्ष न केवल भीड़ बढ़ी, बल्कि खरीदारी को लेकर उत्साह भी पहले की तुलना में ज्यादा देखी गई। स्वराज्य आश्रम के प्रेम कुमार, ग्राम सेवा संस्थान के सतेन्द्र कुमार, मुजफ्फरनगर के अब्बास अंसारी, जूट आर्टिजन्स की अंजलि सिंह, बाराबंकी के प्रेमचन्द्र और रॉयल हनी के प्रो. नितिन सिंह के अनुसार इस बार युवा ग्राहकों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसने बिक्री को नया आयाम दिया। पूरे आयोजन में युवाओं, छात्रों और महिलाओं की लगातार उपस्थिति रही। आगंतुकों ने बताया कि एक ही जगह पर खादी, स्थानीय शिल्प और प्राकृतिक उत्पादों की इतनी व्यापक रेंज मिलना एक दिलचस्प और भरोसेमंद अनुभव रहा।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मेयर के साथ देखी शहर की सफाई व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

गलियों में गंदगी, नालियां चोक मिलने पर भड़के मंत्री

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सफाई व्यवस्था की पोल अधिकारियों के सामने खुल गई। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मेयर के साथ सोमवार को शहर की सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्हें गलियों में गंदगी, नालियां चोक मिलीं तो भड़क उठे। उन्होंने साथ चल रही मेयर से कहा कि सुधार की जरूरत है। सफाई व्यवस्था के जिम्मेदार अधिकारी से लेकर सफाईकर्मियों तक का एक दिन का वेतन काट लिया जाए।

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मेयर सुषमा खर्कवाल के साथ शहर के 4 वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर झाड़ू न लगने, नालियों की सफाई न होने और व्यापक गंदगी मिली। स्थिति देखकर मंत्री और महापौर दोनों ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण बिजली पासी फर्स्ट, बिजली पासी सेकंड, खारिकापुर फर्स्ट और खारिकापुर सेकंड वार्डों में किया गया। खारिकापुर फर्स्ट में व्यवस्था बेहद खराब मिली। सड़कों पर झाड़ू नहीं की गई ती और नालियों की न तो नियमित सफाई हुई थी, न ही फावड़े से कीचड़ हटाया गया था। खारिकापुर सेकंड में नगर निगम और आवास विकास परिषद की खाली पड़ी जमीनों को लेकर भी चिंता जताई गई। मंत्री ने कहा कि यदि इन्हें तुरंत व्यवस्थित कर उपयोग में नहीं लाया गया तो यहां कूड़े के ढेर लगेंगे और अवैध कब्जे की नौबत आ सकती है। संबंधित विभागों को इन जमीनों का त्वरित और उपयोगी समाधान निकालने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पुनर्गठन समिति को दोबारा सक्रिय करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि सफाई संचालन में जवाबदेही तय हो और बेहतर निगरानी के साथ काम हो सके। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सुधार दिखना चाहिए, केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। चारों क्षेत्रों में मौजूद झीलों और पार्कों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

पत्रकारों द्वारा जंतर-मंतर, नई दिल्ली पर किए गए धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) ने भी प्रतिभाग किया। समृद्धि न्यूज

विकसित भारत के लक्ष्य में यूपी की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विकसित यूपी कॉन्क्लेव में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में यूपी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव में नीति आयोग, नियोजन विभाग, फिक्की तथा चौंबर ऑफ कॉमर्स के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। प्रदेश में 25,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 3500 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 200 से अधिक विशिष्ट अस्पताल, 81 मेडिकल कॉलेज सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। एंबुलेंस सेवा 102-108 का रेस्पॉन्स टाइम कम किया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की गति और दक्षता बढ़ी है। सरकार संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने पर निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं। हमारी कोशिश है कि एडवांस मेडिकल सुविधाएं जिले और तहसील स्तर तक पहुँचें और उत्तर प्रदेश विकसित भारत के स्वास्थ्य मॉडल का नेतृत्व करे। राज्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मयंकश्वर शरण सिंह ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका निर्णायक रहेगी। आर्थिक प्रगति का आधार स्वस्थ जनसंख्या है और इसी दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर सुधार कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, जीएन सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ऋतु महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव व आयुक्त राज्य कर ने किया सांख्यिकी पत्रिका वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज एवं आयुक्त राज्य कर डा नितिन बंसल ने आज विभाग की सांख्यिकी पत्रिका वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 का सचिवालय लाल बहादुर शास्त्री भवन के सभागार में विमोचन किया। आयुक्त राज्य कर डा. नितिन बंसल ने बताया कि यह पत्रिका वर्ष के सभी सांख्यिकी आंकड़ों का संकलित रूप है तथा विभिन्न प्रकार के विभिन्न वर्षो के कर निर्धारण, वाद, रजिस्ट्रेशन संग्रह जनपद व वस्तु वार डीलर वार संकलित है जो राज्य कर के अधिकारियों के शासकीय कार्यो के लिए उपयोगी है। इसमें राज्य कर विभाग को भारत सरकार के आदेश से प्राप्त होने वाले आईजीएसटी आदेश और रिफंड आदेश भी रिकॉर्ड के रूप में संकलित करके रखे जाते हैं।

हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता : मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है।

मेजर जनरल मनीष कुकरेती ने संभाला मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया का दायित्व

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मेजर जनरल मनीष कुकरेती ने आज मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया का कमान दायित्व ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने स्मृतिका स्मारक, केंद्रीय कमान में पुष्पचक्र अर्पित कर मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण अर्पित करने वाले वीर सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

दायित्व संभालने के अवसर पर जनरल अधिकारी ने सभी रैंकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना की पहचान अनुशासन, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता हमेशा सर्वोपरि रहेगी और मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया इन मूल्यों को और दृढ़ता से आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों का कल्याण मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया की निरंतर प्राथमिकता रहेगा। संचालन, प्रशासन और आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास और अधिक गति और संवेदनशीलता के साथ जारी रहेंगे। मेजर जनरल मनीष कुकरेती पूर्व में जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली के कमांडेंट के रूप में कार्यरत थे। उनके पास व्यापक परिचालन अनुभव, प्रशासनिक समझ और सैनिक हितों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है।

मिशन — **मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश से डिजिटल कृषि नीति पर जोरों से हो रहा काम**

आर्थिक क्रांति के ध्वजवाहक बने किसान, गांवों में भी निर्मित हो रहा प्रोसेसिंग पार्क

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसान अब पहले की तुलना में लगातार समृद्धि के वाहक बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के मिशन से किसानों को भी जोड़ने का काम किया है।

मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश से डिजिटल कृषि नीति पर जोरों से काम हो रहा है। अन्नदाता किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ की हड्डी माने जाते हैं। वो न केवल नागरिकों का पेट पालते हैं बल्कि अर्थव्यवस्था में भी योगदान करते हैं। वर्तमान डिजिटल क्रांति के युग में किसान पीछे न छूट जाएं इसके लिए डिजिटल एग्रीकल्चर इकोसिस्टम के विकास के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है।

अन्नदाता की आय में डिजिटल एग्रीकल्चर इकोसिस्टम से वृद्धिउत्तर प्रदेश में योगी सरकार अन्नादाता को कृषि सम्बंधित डाटा एकीकृत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करा रही है। किसान अब बीज, उर्वरक, मौसम, सिंचाई, बीमा, बाजार, लॉजिस्टिक और फसल से सम्बंधित डाटा आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। डिजिटल कृषि नीति को अतंरराष्ट्रीय तकनीक से जोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश में डिजिटलीकरण, ई-मार्केट लिंकिंग, वेयरहाउसिंग, प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट उन्मुख नीतियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई जान दे रही हैं। डिजिटल कृषि के विकास पर योगी सरकार द्वारा 4000 करोड़ की परियोजना को तेज गति से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंडियों को तकनीक से जोड़ने पर किसानों को लाभ उत्तर प्रदेश में पहले कृषक मंडियां पुराने ढर्रे पर चलती थीं जिसमें तकनीक का कोई विशेष योगदान नहीं था। इसकी वजह से अन्नदाता और खरीददारों के बीच पारदर्शी प्लेटफॉर्म की कमी थी। पुरानी व्यवस्था में बिचौलिये सारा फायदा उठा ले जाते थे और किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। योगी आदित्यनाथ सरकार की नीतियों का परिणाम है कि मंडियों का अब डिजिटलीकरण कर दिया गया है कि जिससे अन्नदाता को फसल और मौसम की सटीक जानकारी मिल रही है। इससे किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउस सुविधाओं का विकासराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की पहुंच कोल्ड स्टोरेज तक सीमित थी। 2017 में यूपी की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउस को बढ़ाने पर जोर दिया। देश के कुल स्टोरेज में से 40न्न कोल्ड स्टोरेज उत्तर प्रदेश में हैं। इस समय प्रदेश में लगभग 2500 कोल्ड स्टोर हैं। इसकी कुल

खबरें एक नजर में

खलीफा सूफी चांद शाह हुए सुपुर्दे खाक

तिलहर, शाहजहांपुर। कादरिया चिश्तिया शमशिया हातिमी के खलीफा सूफी रियासत अली उर्फ चांद शाह मियां का इंतकाल हो गया। जिन्हें उमरपुर ईदगाह स्थित कब्रिस्तान में सैकड़ो लोगों ने नाम आंखों के बीच सुपुर्द ए खाक किया। नगर के मोहल्ला उमरपुर निवासी सूफी रियासत मियां उर्फ़ चांद शाह मियां काफ़ी दिन से बीमार चल रहे थे। रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इंतेकाल की खबर फैलते ही लोग उनके घर पर पहुंचते रहे। सोमवार को अपरान्ह दो बजे उनके जनाजे की नमाज़ मुफ्ती डॉ फुरकान रजा नूरी ने अदा करा कराई। इसके बाद उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जनाजे में से सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोहम्मद आसिफ फरीदी, चांद साबरी, सभासद अकरम खान, जिहनत उल्ला खान, लाल बाबू, बसपा जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह, राकेश कुमार सागर, नईम फरीदी, मौलाना वकार हुसैन समेत तमाल लोग शामिल हुए।

शिकायत पर कमेटी गठित

सिंधौली, शाहजहांपुर। नव भारती किसान यूनियन संगठन अराजनेतिक के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार उर्फ सोनू मिश्रा ने गत सप्ताह खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर ग्राम पनवड़ी में ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजे की पुरानी ईंट उखाड़ कर और पिला ईंट सहित घटिया समग्री का इस्तेमाल किए जाने को लेकर शिकायत की थी। जिस पर खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने जांच हेतु त्रिस्तरीय कमेटी गठित कर तीन दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए आदेश जारी किया।

बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध समेत दो घायल

तिलहर, शाहजहांपुर। नशे में धुत बाइक सवार ने हाइवे किनारे खड़े बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से एक वृद्ध को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को शाम करीब पौने पांच बजे नगर के मोहल्ला घेर चौवा निवासी रामपाल पुत्र पुत्तूलाल 60 अपने भतीजे सूरज पुत्र बुधपाल 30 के साथ बाइक से गांव बिलहरी जा रहे थे। सूरज ने बताया कि बिलहरी मोड पर वह बाइक खड़ी करके खड़ा ही हुआ था कि पीछे से आर रहे बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रामपाल का सिर फट गया और नाक से रक्त बहने लगा। वहीं दूसरा बाइक सवार गांव हरनोखा निवासी जगवीर उर्फ कल्लू पुत्र जगतपाल 30 की भौं फट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। जहां से रामपाल को प्राथमिक उपचार देकर गर्भावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

ओवरलोड़ पिकअप फंसने से पुल पर लगा जाम

जलालाबाद, शाहजहांपुर। कोलाघाट पुल से पहले लगे हाइट गेज में ओवरलोड पिकप फंसने से पुल के दोनो तरफ करीब तीन किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। करीब एक घंटे जाम मे फंसे रहने से राहगीर हलकान हो गये। पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा सकी। बता दें कि कोलाघाट पुल से पहले भारी व बड़े वाहनो की आवाजाही रोकने के लिये दोनो तरफ हाइटगेज लगाये गये है। लेकिन ओवरलोड पिकप या अन्य तरह के छोटे वाहन जगह न होने के बाद भी जबरदस्ती निकलने का प्रयास करते हैं। इस दौरान कई बार हाइटगेज क्षतिग्रस्त भी हो चुका है। सोमवार शाम इस हाइटगेज मे एक साथ दो वाहन फंस गये। इन दिनों सहलग का समय चल रहा है। कुछ दिनों से फर्रुखाबाद हाइवे के रामगंगा पुल पर बार बार जाम लग रहा है। इस समस्या से बचने के लिये फर्रुखाबाद या उधर से शाहजहाँपुर की तरह आने जाने वाले ज्यादातर छोटे वाहन चालक बाया अमृतपुर, राजेपुर से कोलाघाट होकर जा रहे हैं। इस कारण कोला रोड पर बड़ी संख्या मे वाहनो का आना जाना है। सोमवार शाम पांच बजे हाइटगेज मे वाहन फंस जाने से कुछ ही देर में पुल सहित दोनो तरफ वाहनों की लम्बी कतार गई गई। इंस्पेक्टर क्राइम रवि कुमार ने बताया इस जाम खुलवा दिया गया है। फर्रुखाबाद हाइवे पर बार बार जाम लगने से लोग कोला रोड होकर आ जा रहे है। ट्रैफिक का अत्यधिक लोड हो जाने से जाम लग गया।

जलभराव से एक दर्जन घरों के लोग परेशान

जलालाबाद, शाहजहांपुर। मदनापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत खाई खेड़ा मे निकास बंद हो जाने से खाईखेड़ा चौराहे से नगरा को जाने वाले रोड पर जलभराव की समस्या से करीब एक दर्जन घरों के लोग बहुत परेशान है साथ ही उधर से होकर गुजरने वाले अन्य राहगीरों के लिये भी यह जलभराव मुसीबत का सबब बना हुआ है। यह रोड लोक निर्माण विभाग का है लेकिन दोनो ओर पक्की नाली नही बनी है। आसपास बने मकान के मालिकों द्वारा पानी निकास की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई। इस बस्ती के पवन, ओमदेव, रविंद्र, अनंगपाल आदि ने बताया कि पास मे ही खाली पड़े प्लाट की बिक्री हो गई और खरीदने वाले ने वहाँ मकान बनाने के दौरान वैकल्पिक नाली को बंद कर दिया। बीते पंद्रह दिन से पानी का निकास बंद रहने से रोड पर करीब एक दर्जन मकानों के सामने बीस पच्चीस मीटर की दूरी के बीच जल भराव हो गया। जिन मकानो के सामने यह पानी भरा है वह लोग सबसे ज्यादा परेशान है। उन लोगों ने बताया कि समस्या का समाधान कराने को कई बार प्रधान से कहा जा चुका हैं।

बाइक, ई-रिक्शा और साइकिल की टक्कर, तीन घायल

जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना कलान क्षेत्र दसिया गांव के पास में ई रिक्शा मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर हो गई। जिससे विमला देवी (35) सुबह सिंह (37) सुखपाल (47) तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाराकला से बाजार करके दासिया गांव जा रहे थे। तभी अचानक ई रिक्शा और दूसरी तरफ से मोटरसाइकिल और साइकिल आ रही थी। अचानक तीनो की भिड़ंत गई जिससे मोटरसाइकिल सड़क पर गिर गई। और मोटरसाइकिल वाले बुरी तरीके से घायल हो गए। मोटरसाइकिल वाले ने निःशुल्क 108 एंबुलेंस को फोन किया,सूचना पर पहुंची 108 की एम्बुलेंस संख्या न्च32मळ1465 पर तैनात ई एम टी योगेंद्र यादव पायलट मुनेश ने सतर्कता दिखाते हुए पहले सिर की ब्लीडिंग कंट्रोल किया और उसके वाइटल चेक किया और ई आर सी पी की सलाह से प्राथमिक उपचार करते हुए जिला शाहजहांपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलान में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

ऑपरेशन करा लौटे चाचा को भतीजे ने लात-घूंसों से पीटा

जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव कुमरुआ निवासी रामलडैते ने थाने में शिकायत दर्ज करने के बाद सोमवार दोपहर के 12 बजे बताया कि उनका भाइयों से जमीन के विवाद को लेकर सिविल कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। अचानक बीमार हो जाने के कारण वह बरेली में किडनी का ऑपरेशन करने गए। उनके पीछे उनके भतीजे अंकित रामजीत व प्रिंस व उनके भाई ने विवादित जमीन पर बिना पूछे जबरन बाउंड्री वाल उठा ली। सोमवार सुबह जब वह बरेली से ऑपरेशन करा कर बीमारी हालत में लौटा तो देखा कि आरोपी बाउंड्री वॉल में गेट लगा रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो भतीजे ने लात घुसो से पीट दिया जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़ित का आरोप है भतीजो ने उनकी माता के हिस्से की जमीन का धोखा धड़ी करके अपने नाम दान पत्र के रूप में रजिस्ट्री करवा दी जिसका मुकदमा चल रहा है और यह लोग उसका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया की तहरीर मिल गई है और हल्के की पुलिस को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

यातायात माह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित

डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को दिया बढ़ावा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस लाइन में यातायात माह समापन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं एसपी राजेश द्विवेदी ने यातायात जागरूकता माह के दौरान उत्कृष्ट सहभागिता व सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। समारोह में वीडीएफ स्कूल, एस.के. पब्लिक स्कूल, जी.आई.सी. स्कूल, आकांक्षा स्कूल, जनता इंटर कॉलेज तथा सुदामा स्कूल सहित अनेक विद्यालयों को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही व्यापार मंडल, सहयोग संस्था, वर्क संस्था, मानवता वेल्फेयर जैसे स्वयंसेवी संगठनों को भी जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस के कर्मचारी मुख्य आरक्षी ओवेन्द्र, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र तथा मुख्य आरक्षी कोमल को यातायात व्यवस्था, जागरूकता एवं प्रवर्तन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नागरिक पुलिस के थाना प्रभारियों, कोतवाली, सदर बाजार, रामचन्द्र मिशन, पुंवाया, सिंधौली तथा गढ़िया रंगीन को भी यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य संपादन हेतु सम्मान से नवाज़ा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में सुरक्षित यातायात की भावना

को सुदृढ़ करना तथा समाज के विभिन्न वर्गों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को जागरूकता के इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी बड़े पैमाने पर लोग यातायात नियमों को जानते हुए भी उनका पालन नहीं करते, जो उनके जीवन एवं सुरक्षा के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का मूल मंत्र है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में सर्वाधिक दुर्घटनाएं दो पहिया वाहनों से संबंधित हैं, इसलिए इस वर्ग को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से विशेष रूप से अनुरोध किया कि वे विद्यालयों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि बच्चों पर शिक्षकों की बात का सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है, इसलिए यदि विद्यालय स्तर पर यातायात अनुशासन का संस्कार दिया जाए, तो समाज में व्यापक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों के मन में यह दृढ़ता से स्थापित किया जाए कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन तथा बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाया जाए। उन्होंने यह भी अपील की कि प्रत्येक परिवार अपने घरों में बच्चों एवं सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को सप्ताह में कम से कम एक बार बच्चों को नई सीख अवश्य देनी चाहिए, जिससे उनका सिविक सेंस विकसित हो तथा वे समाज में जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि शहर की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसपीआरए दीक्षा भंवरे, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यातायात पुलिस निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पतंग उड़ाने वाले लोगों को परेशान न किया जाएः तनवीर

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पतंग उड़ाने वाले व पतंग बनाने वाले व सादा कॉटन वाला मांझा बेचने वाले लोगों को शाहजहांपुर पुलिस द्वारा अवैध रूप से परेशान करने व उनकी गिरफ्तारी करने के विरोध में 1 दिसंबर को सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में एक सपा का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौप कर उक्त लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग की। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से कहा कि जनपद में पचास वर्षो से पतंग उड़ाने के टूर्नामेंट जनपद में होते चले आए हैं ये लोग चाइनीज मांझे का इस्तेमाल नहीं करते हैं ये लोग सादा कॉटन वाले मांझे का इस्तेमाल करते हैं और खुले मैदान में जहां आबादी वाला क्षेत्र नहीं होता है वहां पर ही पतंग उड़ाने का काम करते हैं उन्होंने कहा पुलिस

द्वारा पतंग उड़ाने वालों पर रोक लगाने से उन गरीब लोगों की रोजी-रोटी चली जाएगी जो लोग घरों पर पतंग बनाकर पतंग बेचने का काम करते हैं और सादा कॉटन वाला मांझा बेचने का काम करते हैं लेकिन जो लोग सादा कॉटन वाला मांझा इस्तेमाल कर रहे हैं उन लोगों पर रोक ना लगाई जाए उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले शाहजहांपुर के मोहल्ला ककरा काकर कुंड में नदी के पास रेतीले इलाके में बरेली और शाहजहांपुर की टीम पतंग बाजी कर सादा कॉटन वाले मांझे का इस्तेमाल कर पेज लड़ा रहे थे तभी शाहजहांपुर कोतवाली पुलिस ने सभी का सादा कॉटन वाले मांझे की चर्खियां व पतंगे जप्त कर ली थी और तीन लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया था तभी पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना कोतवाली के पुलिस इंस्पेक्टर को फोन पर वार्ता कर कहा कि किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करने को मना किया और जप्त किए गए सामान को वापस करने को कहा इस पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि पुलिस चाइनीज मांझे पर रोक लगाए लेकिन जो लोग सादा कॉटन वाला मांझा इस्तेमाल कर रहे है उन पर पुलिस रोक ना लगाए और इन लोगों को पतंग उड़ाने से भी ना रोका जाए। इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, नासिर खान, जुगनू, सिद्दीक खान, संजीव कुमार, हम्माद अली, जितेंद्र कुमार, यश मौर्य, तजम्मुल हुसैन, आदिल, मनसुब खान, चंदू, सुनील, हाजी शाज़ेब, नुसरत उल्ला, राजू सरदार, फहीम, नदीम खान, सोनू मौर्य, कपिल, जहांगीर अक्षय, असलम खान,प्रतीक, रानू खान, गुफरान अल्वी आदि मौजूद रहे।

आठ लाख के जेवरात भरा बैग रोडवेज बस से चोरी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को बरेली से भतीजे की शादी समारोह से वापस लौटे रहे एक युवक का लगभग 8 लाख रूपए का जेवरात रखा बैग और 65 सौ रूपए की नगदी रोडवेज बस से चोरी हो गयी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, तो पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। इसके बाद पीड़ित तहरीर लिए तीन घंटे तक कोतवाली प्रभारी का इंतजार करता रहा। लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले की

तीन घंटे इंतजार के बाद भी कोतवाली प्रभारी से नहीं हुई मुलाकात

रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज नही की थी। हरदोई के थाना बेहटा गोकुल के गांव शिरोमणिनगर निवासी बालकृष्ण वाजपेयी अपनी पत्नी लता वाजपेयी के साथ बरेली भतीजे की शादी में गए हुए थे। ट्रेन से वह शाहजहांपुर पहुंचे, इसके बाद वह ईरिक्शा से रोडवेज बस अड्डे पर आए। दोनों लोग रोडवेज बस अड्डे पर आने के बाद हरदोई जाने के लिए बस पर बैठ गए और उन्होंने रोडवेज पर अपने बैग रख दिए। इसके बाद बालकृष्ण लघुशंका के लिए चले गए। जब वह वापस आए तो उन्होंने अपने बैग चेक किए तो पता लगा कि जिस बैग में 8 लाख रुपए की कीमत के जेवरात और 65 सौ के लगभग रूपए रखे थे वह बैग गायब हैं, अन्य दो बैग रखे हुए थे। बैग नही मिलने पर वह सन्न रह गए। इसके बाद उन्होंने 112 पुलिस को सूचना दी, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। लेकिन चोरों का कोई सुराग नही लग सका। पीड़ित तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचा, तो लेकिन तीन घंटे इंतजार करने के बाद पीड़ित की कोतवाली प्रभारी से मुलाकात हुई। इसके बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने देर शाम तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नही की थी।

मुमुक्षु आश्रम में गीता जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

मुमुक्षु आश्रम में गीता जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दैवी सम्पद ब्रह्मचर्य महाविद्यालय के सत्संग भवन में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता का पाठ किया गया। साथ ही गीता उपदेशों के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य आदेश कुमार पांडे ने इस मौके पर गीता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता हमें जीवन जीने का एक व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें उस दिव्य ज्ञान की याद दिलाता है जो भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अर्जुन को प्रदान किया था। वह केवल यु (भूमि का उपदेश नहीं था बल्कि मानव जीवन के संघर्षों में मार्ग दर्शन देने वाला सार्वभौमिक दर्शन था। श्री पांडे ने कहा कि गीता न किसी धर्म विशेष की पुस्तक है और न किसी युग के लिए यह मानवता के जीवन का शाश्वत मार्गदर्शक है। गीता हमें कर्म, संतुलित जीवन, आत्मविश्वास, कर्तव्य निष्ठा, धैर्य और ईमानदारी का संदेश देती है। गीता सभी ग्रंथों का सार है। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन भी किया गया। इस दौरान शिक्षक रूचि मिश्रा, बेवी शर्मा व बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

शाहजहांपुर। युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व मे आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण खेल लीग के अंतर गत विधायक खेल स्पर्धा का समापन हुआ। समापन समारोह मे जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया द्वारा विजेता खिलाड़ियो को पुरस्कार प्रदान कर किया। कार्यक्रम प्रभारी व्यायाम प्रशिक्षक सतेंद्र कुमार, कार्यक्रम सहयोगी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, राहुल उपाध्याय, अनुराग कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजयपाल वर्मा, ऑफिसियल प्रिया मिश्रा, इन्द्रजीत लोधी, निशांत, पंकज सक्सेना, कार्यक्रम प्रभारी ने में बताया आज की प्रतिगिताओ में सब जूनियर बालिका कबड्डी में शांति देवी विद्यालय उपविजेता, आर्यमहिला इंटर कॉलेज जूनियर में स्पोर्ट स्टेडियम विजेता आर्यमहिला उपविजेता, बालक वर्ग सिनियर एसएस कॉलेज, फुटवाल सब जूनियर स्पोर्ट स्टेडियम विजेता, सीनियर सपोर्ट स्टेडियम उपविजेता पी के स्पोर्ट एकेडमी रही। कार्यक्रम में मंगल दल से नेहा कश्यप, आशीष वर्मा, पी आर डी जवान वेदप्रकाश, ओमकार, सुआलाल, मुकेश चंद्र, महेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

यूरिया खाद की कालाबाजारी को रोका जाएः सुभाष

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रवादी पार्टी के मण्डल प्रभारी आचार्य सुभाष पाण्डेय की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिले की आम जनमानस की जन समस्याओं को लेकर दिया गया। जिसमें शहर में प्रतिदिन लगता जाम से मुक्ति दिलाने, जनपद में यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने, आवारा पशुओं को गौशाला में भेजने, थाने पर पड़ी लंबित विवेचनाओं को अतिशीघ्र न्यायालय में दर्ज कराने, बस शहर के अंदर टूटी हुई सड़कों की आति शीघ्र मरमत करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों मे राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल, मण्डल प्रभारी आचार्य सुभाष पाण्डेय, मण्डल सह प्रभारी दिलीप सिंह, जिलाध्यक्ष एस सी एस टी प्रकोष्ठ रामवीर कठेरिया, जिला महासचिव गोविन्द सिंह चौहान, जिला सचिव अर्पित सिंह, जिला सचिव उदयवीर सिंह व सदस्यगण दयाराम, रामदीन, राजबहादुर आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुमुक्षु क्रिकेट लीग के नवें मुकाबले में जीत साइंस इलेवन के नाम

ताबड़तोड़ चला अंकित का बल्ला, प्लेग्राउंड पर रहा दर्शकों का जमावड़ा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में नवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम साइंस-11 तथा स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम एसडीएस-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भीड़ का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस एसडीएस-11 टीम ने जीतकर

पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एसडीएस-11 की टीम 16 ओवर में 6 विकेट खोकर महज 95 रनों का स्कोर खड़ा कर सकी। साइंस-11 की टीम ने जवाबी पारी में धुंआधार प्रदर्शन करते हुए मात्र 6.5 ओवर में केवल 2 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाकर जीत अपने नाम करते हुए मैच को समाप्त कर दिया। 19 गेंदो पर 6 छक्के और 3 चौके जड़कर 55 रन बनाने वाले साइंस-11 के जुझारू खिलाड़ी डॉ अंकित अवस्थी को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। डॉ आलोक कुमार सिंह ने खेल की बेहतरीन एवं प्रभावशाली कमेंट्री करके दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ. शालीन सिंह, डॉ. प्रांजल शाही, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अभिजीत मिश्र, श्रीप्रकाश डबराल, डॉ. मनोज अग्रवाल, चंद्रभान त्रिपाठी सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सूचना

आधार कार्ड में मेरा नाम नसरीन दर्ज है तथा कुछ स्थानों पर रूखसाना दर्ज है, नसरीन व रूखसाना दोनों मेरे ही नाम हैं। दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है।

नसरीन उर्फ रूखसाना पत्नी तौहीद खां नि.मो. जलालानगर बाहर चुंगी (शांतिपुरम कालोनी) शाहबाजनगर रोड़ थाना सदर बाजार-शाहजहांपुर।

मौलाना लियाकत हुसैन फाज़िले तिलहरी का दो दिनी उर्स आज से

तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हजरत मौलाना लियाकत हुसैन फाजिले तिलहरी रहमतुल्लाह अलैह का 28 वां दो दिवसीय सालाना उर्स शरीफ मोहल्ला कांकड़ स्थित दरगाह शरीफ पर मंगलवार (आज) शुरू होगा। उर्स में बढ़ी तादाद में जायेरीन पहुंचने की उम्मीद है। तिलहर नगर में 12 अक्टूबर वर्ष 1924 को नमाज़े फजर के बाद उनकी पैदाइश हुयी। मौलाना लियाकत हुसैन का घराना निशापुर शहर से यहाँ आबाद हुआ था। मौलाना का घराना इल्मी मुमताज़ घराना में शुमार किया जाता है। वर्षों से इल्म और बुजुर्गी इस घराने की इम्तियाज़ी पहचान रही। मौलाना लियाकत हुसैन के वालिदे मोहतमर मौलवी सखावत हुसैन रहमतुल्लाह अलैह के इन्तकाल के समय केवल 9 वर्षो के थे। वालिदा ने निहायत हौसले से तालीम व तरबियत तथा खानदानी रिवायत को जारी रखते हुए मौलाना को मदरसा मन्ज़रे इस्लाम बरेली शरीफ में अपने वालिद के शार्गिद मुफ्ती अबरार की सरपरस्ती में मदरसा मन्जरे इस्लाम बरेली पहुंचे। लेकिन कुछ दिनों के बाद मदरसा हाफज़िया कादरिया दादो अलीगढ़ में चार साल अरबी, फारसी की तालीम हासिल की। सालाना इम्तेहान में हमेशा इम्तियाज़ी नम्बर हालिस किये। सन् 1935 में यहाँ का तालीमी निजाम बिगड़ जाने से फलसफा मनतित की आला

बड़े दर्जे के अलीम थे मौलाना लियाकत

तालीम हासिल करने के लिए उत्तरी भारत का मशहूर दरगाह मदरसा आलिया रामपुर में दाखिला ले लिया। दर्स निजामी की तालीम के साथ अरबी, फारसी के इम्तेहान भी पास करते रहे। सन् 1941 में फाजिल के इम्तेहान अव्वल से पास किये। सन् 1944 में पंजीब यूनिवर्सिटी से मुन्शी फाजिल किया और दर्से निज़ामी मुकम्मल किया। दो साल बाद वो रामपुर की रज़ा लाइब्रेरी एशिया की मशहूर लाइब्रेरियन के ओधे पर फायज़ हुये। वहाँ से तिलहर लौट आये चार साल तक एलबीजेपी इण्टर कालेज में उर्दू, फारसी के टीचर रहे कुछ मजबूरियों के कारण उन्हें यह सिलसिला यहीं रोकना पड़ा। शायरी का शौक मौलाना लियाकत हुसैन को शुरू से ही था। गज़ल व नज़्म पर सामान अधिकार हासिल था। उर्दू, अरबी, फारसी जुबानों में कलाम लिखते थे। हज़रत शाह बिलगिरामी जैसे तारीखसाज शख्सियत की सानिध्य और बेबाक शाहजहांपुरी से इस्लाहे सुखन ने मौलाना की खूबिओं का उजागर किया। उनका कलाम उदबी दुनिया में काफी शोहरत हासिल कर चुका था। शायरी के साथ-साथ मौलाना को मजमून निगारी गघ लेखन पर भी महारत हासिल थी। उन्होंने ने अरबी में कई अहम मजमून लिखे। मौलाना लियाकत हुसैन का रुझान शुरू से ही तसव्वुफ की तरफ था। एकांत को इख्तियार कर लिया। जब उनको पीरे तरीक्त की तलाश हुई अल्लाह ताला के क्रम से पीर रोशन जमीर आलिमे कबीर उलमा के उस्माद हज़रत सय्यद मोहम्मद खलील काजमी चिश्ती कादरी साबरी अमरोही के हाथ पर अक्टूबर 1947 पर बैत कर ली और हज़रत ने आपको खिलाफत अता फरमाई। ज़िन्दिगी भर आप जमाते अहले सुन्नत की इस्लाह फरमाते रहे। आप एकता के प्रतीक थे अरफी, फारसी और कई अन्य भाषाओं के जानकार थे। आप धर्म गुरू समाज सुधारक इमाम थे। मुल्क में काफी आपके मानने वाले हैं। मुल्क का नाम रौशन किया।

सीडीओ ने नगर निगम की निर्माणाधीन बिल्डिंग का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह द्वारा ककरा में बनाई जा नगर निगम की निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न चरणों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयसीमा की प्रगति का मूल्यांकन संबधित कार्यदायी संस्था के जेई किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि नगर निगम कार्यालय में निर्माणाधीन कार्यो को देखा गया है, कार्य में गति धीमी पाई जाने पर दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले लोगों पर एक्शन लिया जाएगा।

सूचना

मैं जीतेन्द्र कुमार पुत्र राम सहाय निवासीः मोहल्ला-भटीपुरा, जनपद-महोबा (उ.प्र.) मेरे भाई संतोष कुमार पुत्र श्री राम सहाय निवासी : मोहल्ला-भटीपुरा, जनपद-महोबा के नाम एक कित्ता प्लाट मोहल्ला-भटीपुरा, तहसील/जनपद-महोबा में स्थित है, जो कि मुझ प्रार्थी को दानकर्ता संतोष कुमार पुत्र श्री राम सहाय के द्वारा रजिस्टर्ड दानपत्र के जरिए दिनांक 30-04-2024 के आधार पर प्राप्त हुआ है। प्रार्थी का उपरोक्त दानपत्र बिलेख खो गया है। जिसकी प्रमाणित प्रति भी मैने श्रीमान उपनिबंधक महोबा से प्राप्त कर ली है।

सूचनार्थी
जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम सहाय निवासी मोहल्ला-भटीपुरा, तहसील व जिला-महोबा (उत्तर प्रदेश)

विश्व एड्स दिवसः जनजागरूकता रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट से 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर एच.आई.वी./एड्स विषयक जनजागरूकता हेतु एक वृहद 'विश्व एड्स दिवस रैली' का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम बाधाएं दरकिनार, एच आई वी पर सशक्त प्रहार स्लोगन के बैनर पोस्टर लेकर रैली निकली है। सीडीओ अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर सी.एम.ओ. कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हाथ में जागरूकता स्लोगन लिखे हुए बैनर पोस्टर लेकर रैली में प्रतिभाग किया। रैली में आर्य महिला इण्टर कॉलेज, स्काउट गाइड

बैंड बेसिक शिक्षा विभाग जनता इण्टर कॉलेज, आर्य महिला डिग्री कॉलेज, राजकीय इण्टर कॉलेज, देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज, इस्लामिया इण्टर कॉलेज, जीआई एफ कॉलेज, सार्वजनिक ग्रामीण विकास संस्थान टी आई शाहजहांपुर सहित समस्त एन.ए.सी.पी. स्टाफ, एन.जी.ओ जनजागरूकता रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एड्स दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

शाहजहांपुर। सोमवार को जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एड्स दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह सिनसिनवार द्वारा की गयी। सर्वप्रथम विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त एनसीसी के कैंडिडेट्स एवं स्काउट गाइड के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। जागरूकता रैली के पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में शिविर का आयोजन किया

गया जिसमें जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा एवं डॉक्टर पीपी श्रीवास्तव द्वारा विश्व एड्स दिवस के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये सभी को जागरूक किया गया। पीएलवी अनिल कुमार वर्मा द्वारा एड्स दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की गयी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क सेवाओं व सुविधाओं के बारे में बताया गया। साथ ही साथ आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई तथा उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 18001805235 के बारे में भी अवगत कराया गया। शिविर में पीएलवी राकेश कुमार, आशा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कुत्ते से टकराई बाइक, पीआरडी जवान गंभीर

शाहजहांपुर। पुवायां थाना क्षेत्र के नगरिया प्रयागपुर के रहने वाले विश्वनाथ पीआरडी जवान खुटार में ड्यूटी करने जा रहे थे जैसे ही बाइक बितोनी गांव के पास पहुंची तभी रोड पर अचानक कुत्ता आ जाने से बाइक कुत्ते से टकरा गई और पीआरडी जवान गंभीर घायल होगया। घायल पीआरडी जवान विश्वनाथ को 108 एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पीआरडी जवान संदीप ने बताया कि विश्वनाथ शराब का सेवन कर बाइक चला रहा था और हेलमेट भी नहीं लगा हुआ था। और उसकी बाइक बितौनी गांव के पास रोड पर कुत्ते से टकरा गई जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पीआरडी जवान संदीप द्वारा कहा गया कि पीआरडी जवानों की 70 किलोमीटर दूर ड्यूटी लगा दी जाती है जबकि अधिकारियों को इस समस्या को लेकर अवगत भी कराया जा चुका है मगर किसी भी अधिकारी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है, जिससे कि पीआरडी जवान मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं।

लेखपाल पर तीन हजार रुपए लेने का आरोप, फिर भी नहीं किया काम

शाहजहांपुर। एक युवक ने लेखपाल पर तीन हजार रूपए लेने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र दिया हैं। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल ने पैमाइश का खर्चा बताकर रूपए लिए हैं और अभी तक पैमाइश नही की हैं। ब्लाक कांट के गांव कुटरा आजादपुर निवासी भैया लाल ने बताया कि उसकी भूमि गाटा संख्या 254 एवं 255 है। उन्होंने अपनी भूमि की पैमाइश हेतु आवेदन किया था, लेकिन पैमाइश के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उनसे पांच हजार रुपये की अवैध माँग की गई। रुपये न देने पर उन्होंने उसी समय पर 3,000 रुपये उनकी पत्नी से ले लिए। जिसे लेखपाल ने पैमाइशन का सरकारी

▸ पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

खर्चा बताया है। उन्होंने तदुपरांत उसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की, जिस पर भी गलत रिपोर्ट लगा दी गई। रिपोर्ट में जो फोटो और विवरण की जिक्र की गई वह नगर निगम क्षेत्र से संबंधित हैं जबकि उसकी भूमि ग्रामीण क्षेत्र में आती हैं। आरोप है कि उनकी अभी तक कोई पैमाइश नही की गई और वह अधिकारियों से चक्कर लगाते घूम रहा है। मांग कि उनकी सही पैमाइशन कराई जाए, लेखपाल द्वारा ली गई धनराशि पर विभागीय कार्यवाही की जाए अन्यथा उनकी धनराशि वापस कराई जाए, निस्तारण की जानकारी उन्हें लिखित उपलब्ध कराने की मांग की है। जब इस संबंध में लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अभी तक भैया लाल से मिला भी नही है और रूपए लेने की बात बिल्कुल गलत हैं। उनका मामला एडीएम के पास हैं, उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट लगा दी थी, जब उन्हें आदेश मिलेगा तो वह पैमाइश का कार्य करेंगे।

गेहूं की बुवाई लगभग पूरी...., फिर भी मंडी में धान की ट्रालियां कतारों में

बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में किसान गेहूं की बुवाई तक कर चुके हैं, फिर भी नवीन गल्ला मंडी में धान से भरी ट्रालियों की कतारें लगी हुई है। यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर इतना धान कहां से आ रहा है? जिलाधिकारी भी बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं वही एसडीम पुवायां एसडीएम द्वारा विगत दिनों बिचौलियों पर लगाम कसने के दिए गए निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। बंडा क्षेत्र में इस समय किसान पूरी तरह गेंहू फसल की तैयारियों में जुट चुके हैं। जहां ज़्यादातर खेतों में गेहूं की बुवाई हो चुकी है, वहीं मंडियों में धान की खरीद बदस्तूर जारी है। बंडा की नवीन गल्ला मंडी के सामने लंबी-लंबी कतारें रोज धान से भरी ट्रालियों का जमावड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि बड़ी मात्रा में बाहरी धान की खरीद बंडा में धड़ल्ले से हो रही है। इससे क्षेत्रीय किसानों की उपेक्षा के साथ ही सरकारी खरीद व्यवस्था की पोल भी खुल रही है। बीतें शनिवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल ने निरीक्षण के दौरान बंडा मंडी में मंडी सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बंडा क्षेत्र में स्थापित 24 क्रय केंद्रों में प्राथमिकता से क्षेत्रीय किसानों के धान की ही खरीद सुनिश्चित कराई जाए और बिचौलियों की मंडी में एंट्री पर रोक लगाई जाए। परंतु जमीन पर

▸ बंडा मंडी में बिचौलियों का बोलबाला, प्रशासनिक आदेश बेअसर

तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। एसडीएम के निर्देशों की अनदेखी करते हुए मंडी सचिव पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लग रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बाहरी जिले व पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाले व्यापारी ट्रालीयों में धान लाकर बंडा मंडी में बेच रहे हैं, जिससे उनका हक मारा जा रहा है। स्थानीय किसानों के धान की बजाय बड़े पैमाने पर बिचौलियों द्वारा लाया गया धान खरीदा जा रहा है। इससे न केवल मंडी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं बल्कि किसानों में

आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। इधर जब बंडा मंडी का जब क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी ने मंडी का चार्ज संभाला, तो मंडी में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी की सक्रियता देखते ही बिचौलियों में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया था। कई ट्रालियों को मंडी परिसर से हटाते देखा गया। क्षेत्रीय खाद्य वितरण अधिकारी ने मौके पर खरीद की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सख्त चेतावनी दी कि केवल पंजीकृत व क्षेत्रीय किसानों के धान की ही खरीद की जाए। साथ ही निर्देश दिया गया कि प्रत्येक किसान से खरीद के दौरान उसके पहचान पत्र, भू-अभिलेख और फसल पंजीकरण विवरण की शत-प्रतिशत जांच अनिवार्य रूप से की जाए। जानकारों के अनुसार बिचौलियों के सहारे आने वाले धान की खरीद से सरकार को भी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन मंडी सचिव की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि बंडा क्षेत्र के किसानों का अधिकार सुरक्षित रह सके और सरकारी खरीद व्यवस्था का असली उद्देश्य पूरा हो सके। वहीं क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी मंडी में आर के सोनकर ने बताया कि मंडी में जगह ना होने के कारण एसडीएम द्वारा क्षेत्रीय क्रय केंद्रों पर धान की ट्रालियों को भेज कर उन्हें तुलवाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन लेकिन बाहर के क्रय केंद्रों पर उनके ट्रालियां नहीं भेजी जा रहे हैं यदि क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों पर किसने की ट्रालियां पहुंच जाए तो एक अटर लगा बंद हो जाएंगे।

गाड़ियों पर यातायात सुरक्षा के पोस्टर लगाए.., नियम पढ़ाए

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय युवा चेतना मंच द्वारा रोजा पुलिस यातायात पुलिस शाहजहांपुर व हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा के साथ रोजा अड्डा पर यातायात सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें यातायात नियमों का पालन कर रहे यात्रियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही अनियमित चालकों को सचेत किया गया एवं गाड़ियों पर यातायात सुरक्षा के पोस्टर लगाए गए। इससे पूर्व हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा रोजा मालगोदाम से बल्लियां होते हुए रोजा अड्डा तक एक यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं बच्चों द्वारा ट्रैफिक नियमों के लिए बनाए गए पोस्टरों एवं मॉडल का प्रदर्शन किया गया। जिसे काफी संख्या में लोगो ने देखा एवं

सराहना की ट्रैफिक प्रभारी विनय पांडे ने चालकों को सचेत करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु का ग्राफ बहुत अधिक है। यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा कर इसको रोका जा सकता है। रोजा क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह ने बच्चों के कार्य को बहुत प्रशंसनीय बताते हुए उनकी अपील पर लोगों को ध्यान देने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। भारतीय युवा चेतना मंच अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने यातायात नियमों का पालन कर रहे। चालकों को बच्चों द्वारा बनाए गए गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया एवं कहा कि यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिए है न कि हम पर कोई बोझ है अपनी ओर परिवार की सुरक्षा के लिए हमको इनका पालन जरूर करना चाहिए। मुख्य रूप से नीरा त्यागी, मयंक मिश्रा, रविन्द्र, प्रदीप मिश्रा, गोपाल दीक्षित, योगेंद्र त्यागी, शेखर त्यागी, रामरक्ष पाल, सुमन दीक्षा, सोनल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर वितरित किया साहित्य

तिलहर, शाहजहांपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर में गृह संपर्क अभियान शुरू कर भारत माता का चित्र व संघ का साहित्य वितरित किया। कार्यकर्ताओं ने गुरुनानक बस्ती में आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह रघुवीर सहाय के संयुक्त नेतृत्व में हिंदू परिवारों से संपर्क किया।

इस दौरान उन्होंने घर-घर भारत माता का चित्र और संघ का साहित्य वितरित किया। गुरुनानक बस्ती के परिवारों में स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर

लोगों से संवाद किया और पुस्तिका देकर सनातन और संघ पर चर्चा की। अतुल राठौर व पीयूष राठौर समेत तमाम लोगों को साहित्य भेंट किया गया और संघ की विचारधारा से अवगत कराते हुए उन्हें राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखने वाला संगठन बताया। सह विभाग कार्यवाह ने बताया कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक हिंदू परिवार तक भारत माता का चित्र और संघ का साहित्य पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अखिलेश चंद्र ने संपर्क के दौरान संघ के पंच परिवर्तन विषय की जानकारी दी। अभियान में नगर विद्यार्थी प्रमुख अनुराग मोहन, आदित्य मोहन गटनायक, आकर्ष राठौर आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।

कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

पत्रांकः320 / एन0पी0के0/निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक-01/12/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

शासन द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये है। स्वीकृत कार्यों की धनराशि अन्तरण की प्रत्याशा में नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित है। ठेकेदार अपने सीलबन्द टैण्डर कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 09.12.2025 को अपराह- 02:00 बजे तक डाल सकते हैं। उक्त प्राप्त समस्त निविदायें अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 10.12.2025 को पूर्वाह 11:00 बजे खोली जायेंगी।

पंजीकृत ठेकेदार पंजीयन प्रमाण पत्र/रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति सहित लिखित आवेदन के साथ स्वयं उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र दिनांक 08.12.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कुलपहाड़ में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। अन्य नियमों व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का विवरण

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि (लाख रु. में)	अर्नेस्ट मनी 10 प्रतिशत	निविदा मूल्य+18% GST			कार्य का नाम
				निविदा मूल्य	जी.एस.टी. टैक्स 18%	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	भोले यादव के मकान से लालदिवान रैकवार के मकान तक एवं लालदिवान के मकान से नन्दन रैकवार के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-13 नेता जी वार्ड)	4.27	42700.00	400.00	72.00	472.00	3 माह
2	ब्रजेन्द्र यादव से फेमिल सिंह ईसाई एवं कुलपहाड़ नौगांव रोड से सुनील श्रीवास के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-03 लोहिया नगर वार्ड)	4.69	46900.00	500.00	90.00	590.00	3 माह
3	गुड्डो खंगार से चन्द्रप्रकार कपडिया के मकान तक एवं हरिश्चन्द्र कपड़िया से प्रताप कपडिया के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-07 गोविन्दनगर वार्ड)	4.65	46500.00	500.00	90.00	590.00	3 माह
4	जयराम रैकवार के मकान से कलीम मौलवी तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-09 राजा वार्ड द्वितीय)	2.61	26100.00	300.00	54.00	354.00	3 माह
5	कडोरा मंसुरी के मकान से पप्पू रैकवार के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-12 सतियनपुरा वार्ड)	2.28	22800.00	200.00	36.00	236.00	3 माह
6	कल्ला श्रीवास से छिद्दी रैकवार के मकान तक एवं कमलापत रैकवार से लखन कुशवाहा के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-08 टोरियापुरा वार्ड)	4.10	41000.00	400.00	72.00	472.00	3 माह
7	मुन्ना बाल्मीकि से कुलपहाड़ नौगांव रोड तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-02 सेनापत वार्ड)	4.53	45300.00	500.00	90.00	590.00	3 माह
8	पवन प्रजापति के मकान से रामतीर्थ कपडिया के मकान तक इण्टर 8 लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड नं0-07 गोविन्दनगर वार्ड)	2.50	25000.00	300.00	54.00	354.00	3 माह
9	शिवमंदिर से नरवा वाले बब्बा तक एवं संजय सोनी से सरकारी अस्पताल की दीवार तक इण्टर लॉकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। (वार्ड न0-06 हटवारा वार्ड)	4.91	49100.00	300.00	54.00	354.00	3 माह

(प्रवेन्द्र कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

(वैभव अरजरिया)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

तमंचा, कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

पुवायां। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यहकार्रवाई रविवार देर रात करीब 12 बजे हुई, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर युवक जेवां बाईपास हाईवे के पास अवैध असलहे के साथ घूम रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सौरभ पुत्र राजेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम हरदयाल कुचा, थाना पुवायां के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, सौरभ इलाके का शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पुवायां कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सौरभ को सोमवार दोपहर करीब 2 बजे मेडिकल परीक्षण के लिए लेकर गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मेडल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, टीचर्स को बोला थैक्यू

▸ एसके पब्लिक स्कूल के बच्चों को यातायात माह समापन पर किया पुरस्कृत

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

निगोही के संडा खास स्थित प्रसिद्ध एसके पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने यातायात जागरूकता संगोष्ठी में अपने विचारों एवं सक्रियता से सभी को प्रभावित किया। यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडे ने बच्चों को सम्मानित करने का वादा किया था। पुलिस लाइन में आयोजित यातायात माह नवम्बर 2025 के समापन समारोह में कक्षा

छह की रिया वर्मा एवं संजय गुर्जर, कक्षा चार की माही तथा यूकेजी के हृदय रोहित सिंह और फलक को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य सौरभ कुमार शर्मा, शिक्षिका प्रगति दीक्षित, शिप्रा सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

छोटी-छोटी शिकायतों को लेकर जिला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ेः सीडीओ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

मुख्यालय स्तर पर ग्राम पंचायतों की आने वाली शिकायतों को लेकर सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। जिससे कि गांवों का समग्र विकास और ग्रामीणों को मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर परेशान न होना पड़े। इसी क्रम में सोमवार को सीडीओ द्वारा ददरौल विकास खंड की ग्राम पंचायत रायखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न विकास कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था, लाभार्थी योजनाओं की स्थिति तथा ग्राम स्तर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण हों और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गांव वालों को छोटी छोटी

शिकायतों को लेकर जिला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़े, इसका विशेष ध्यान संबधित अधिकारी रखे। क्योंकि हम प्रायः देखते हैं कि गांव की साफ सफाई, गोवंश की समस्या, पेयजलापूर्ति आदि की शिकायतें मिल रही है, इसको लेकर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान सचिव, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में तीन युवक घायल, दो गंभीर

पुवायां, शाहजहांपुर। नाहिल से दियूरिया कॉलोनी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे तीन युवक रविवार देर शाम सड़क हादसे का शिकार हो गए। जुझारपुर के पास उनकी बाइक एक ट्राली से टकरा गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों की पहचान हंसापुर थाना बंडा निवासी कुलदीप पुत्र राजाराम, साहतेपुर स्टेशन रोड निगोही थाना निगोही निवासी नितिन कुमार पुत्र विजय कुमार और नाहिल निवासी अंकित पुत्र रामलखन के रूप में हुई है। ये तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदारी की बारात में जा रहे थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने जांच के बाद कुलदीप और नितिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दोनों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, अंकित को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

अवसाद से मुक्ति

अक्सर देखा जाता है कि परीक्षाओं के दौरान छात्र तनावग्रस्त हो जाते हैं। एक भय हावी हो जाता है, जिससे वे परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते। कुछ छात्र तो अक्सर खूब पढ़कर जाने के बावजूद परीक्षा के दौरान तनाव के चलते सब कुछ भूल जाते हैं। दरअसल, हमारा शैक्षिक परिवेश हाल के दिनों में बेहद प्रतिस्पर्धी हो चला है। मासूम बच्चों के सामने गला-काट स्पर्धा होती है। विडंबना यह है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले देश में रोजगार के अवसर जनसंख्या के अनुपात में नहीं बढ़े हैं, जिससे स्पर्धा और कठिन हो गई है। उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश हो या फिर नौकरी के अवसर, वे प्रतियोगियों के मुकाबले बहुत कम होते हैं, जिसकी परिणति छात्रों में बढ़ते तनाव और कालांतर में उसके अवसाद में बदलने के रूप में होती है। यही वजह है कि स्कूल-कालेजों के परीक्षा परिणाम आने पर देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की सुर्खियां अखबारों में बनती हैं। सुखद है कि अब आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने ऐसे शारीरिक संकेतकों का पता लगाया है, जिससे पता चल सकेगा कि किन छात्रों में परीक्षा के दौरान चिंता बढ़ने का जोखिम अधिक है। इस खोज को शिक्षा प्रणाली में तनाव प्रबंधन व प्रदर्शन सुधारने हेतु बड़े बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल ही में यह शोध 'बिहेवियरल ब्रेन रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है। इससे छात्रों के लिए व्यक्तिगत तनाव प्रबंधन योजना भी तैयार हो सकेगी। यह वैज्ञानिक सत्य है कि किसी भी व्यक्ति में मस्तिष्क व हृदय के बीच संचार-तंत्र टूटने से तनाव पैदा होता है। ऐसे में आईआईटी मद्रास ने परीक्षा के तनाव को पहचानने के जो जैविक संकेत पहचाने हैं, वे आने वाले समय में परीक्षा तनाव प्रबंधन में मददगार साबित हो सकते हैं। कोशिश है कि अब एआई की मदद से छात्रों के तनाव जोखिम की पहचान की जा सके। दरअसल, नये शोध की मुख्य बातें दो शारीरिक संकेतों को जोड़ने में निहित हैं। फ्रंटल अल्फा एसिमिट्री यानी एफएए, जो कि भावनात्मक नियमन का मस्तिष्क आधारित संकेतक है। दूसरा हार्ट रेट वैरिएबिलिटी, जो हृदय के अनुकूलन नियंत्रण को मापता है। ये संकेत चिंताग्रस्त छात्रों की पहचान करने में मदद करते हैं। शोधार्थियों ने पाया कि जिन छात्रों में एफएए पैटर्न नकारात्मक होता है, उनमें तनाव से हृदय के संतुलन तंत्र की क्षमता कमजोर पड़ जाती है। दरअसल, परीक्षा को लेकर जो अधिक फिक्र है, वो हृदय की प्रतिक्रिया को भी बाधित करती है। परिणामस्वरूप वे अधिक तनाव में आ जाते हैं। शोध में इन तथ्यों को भी समझने का प्रयास हुआ कि कुछ छात्र परीक्षा के तनाव के बावजूद बेहतर प्रदर्शन करने में कैसे सफल हो जाते हैं। वहीं कुछ छात्र चिंताग्रस्त होकर परीक्षा में सफल नहीं हो पाते हैं। दरअसल, साल भर नियमित पढ़ाई न करने और परीक्षा सामने आने पर वे घबराहट में तनावग्रस्त हो जाते हैं। एनसीआरटी का एक अध्ययन बताता है कि देश में 81 फीसदी छात्र परीक्षा को लेकर तनाव में रहते हैं। उम्मीद है नया शोध का निष्कर्ष समस्या का कारगर समाधान करेगा।

भारत का मेजर ताकत बनना बड़ी उपलब्धि, सुपर ताकत बनना बड़ी चुनौती

आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा

आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी संस्था द्वारा जारी एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करना इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारत शक्तिशाली देशों की कतार में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। लोवी द्वारा जारी इंडेक्स में मेजर पॉवर का दर्जा हासिल करने वाला भारत एकमात्र देश है जबकि सुपर पॉवर के रुप में अमेरिका और चीन अपना दबदबा बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। भारत ने मेजर पॉवर का दर्जा हासिल कर लिया है पर सुपर पॉवर का दर्जा हासिल करने में अभी भारत को लंबा समय और कड़ी मेहनत व प्रयास करने होंगे।

दरअसल, 8 पेरामीटर्स में 100 में से 70 से अधिक अंक अर्जित करने वाले देश ही सुपर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और अमेरिका इसमें 80.5 अंक प्राप्त कर सुपर पॉवर बना हुआ है। वहीं, चीन भी अमेरिका के पीछे-पीछे 73.7 अंकों के साथ दूसरा सुपर पॉवर बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रम्प के आने के बाद अमेरिका ने बहुत कुछ खोया है फिर भी पहले स्थान का ताज आने वाले सालों में भी छिनता हुआ नहीं लगता है। भारत ने अवश्य जापान को पछाड़ कर तीसरा स्थान बनाया है और 40 अंक प्राप्त कर मेजर पॉवर तो बन ही गया है। 40 या 40 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश मेजर पॉवर की श्रेणी में आते हैं और यह दर्जा प्राप्त करने वाला भारत अकेला देश बन गया है। एशिया प्रशांत के 27 देशों से शेष 23 देश मिडिल पॉवर व उससे नीचे की श्रेणी में हैं। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान इस इंडेक्स में पहले दस में भी स्थान नहीं बना पाया है। पाकिस्तान सूची में 16 वें स्थान पर रहा है। निश्चित रुप से यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि और इंटरनेशनल जगत में भारत के बढ़ते दबदबे का स्पष्ट संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर और इससे पहले भी जिस तरह से भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया है और इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में भारत की अग्रगामी भूमिका तय की गई है उसका बड़ा प्रभाव पड़ा है।

आर्थिक क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने इसे तीसरे पायदान पर लाने में खासी भूमिका तय की है। भारत आज दुनिया के देशों में बड़ी आर्थिक शक्ति के रुप में उभरा है और दुनिया के देशों में सबसे अधिक यानी कि विदेशी निवेश में भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी द्वारा 2018 से एशिया पॉवर इंडेक्स जारी करना आरंभ किया है। 2025 में एशिया पॉवर इंडेक्स का सातवां संस्करण जारी किया है। लोवी द्वारा 8 पेरामीटर्स के आधार पर अंक जारी किये जाते हैं। इसमें सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध, कूटनीतिक व सांस्कृतिक संबंध, लचीलापन, भविष्य के संसाधन आदि पेरामीटर्स के आधार पर 27 देशों का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑपरेशन सिन्दूर ने भारत की सैन्य शक्ति और ताकत से दुनिया के देशों को झकझोर कर रख दिया है। सैन्य संसाधनों में आज भारत आत्मनिर्भर होता जा रहा है। इसके साथ ही जिस तरह से भारत की इकोनोमी तेजी से आगे बढ़ती जा रही है उससे दुनिया के देशों में भारत ने अलग ही स्थान अर्जित कर लिया है। भारत में देसी-विदेशी निवेश का जिस तरह का माहौल बना है और जिस तेजी से विपरीत वैश्विक हालातों के बावजूद और यहां तक कि ट्रंप की टैरिफ नीति के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था व विकास का स्तर लगातार बने रहना बड़ी उपलब्धि है। ऑपरेशन सिन्दूर, आर्थिक क्षेत्र में बढ़ती साख, सैन्य क्षमता में बढ़ोतरी भारत की ताकत बन गई है। भारत के साथ सबसे बड़ी ताकत स्थिर और कड़े निर्णय लेने में भी सक्षम सरकार होना एक सकारात्मक पक्ष है तो दूसरी ओर जेन जेड और उसके बाद की जैनरेशन की बड़ी भूमिका हो गई है। आज तकनीकी रुप से भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत युवाओं का देश हो गया है। सैन्य क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, इकोनोमिक क्षमता और प्रौद्योगिकी, डिजिटलाइजेशन, कूटनीतिक और सांस्कृतिक रिलेशन आदि क्षेत्र में भारत ने पिछले साल की तुलना में अधिक अंक अर्जित किये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत का वैश्विक स्तर पर आत्मविश्वास बढ़ा है और इसी का परिणाम है कि भारत आज आंख से आंख मिलाकर बात करने और आंतरिक व बाहरी निर्णय लेने में सक्षम और स्वतंत्र देश के रुप में उभरा है। हालांकि भारत के सामने अभी चुनौतियां बहुत है। सबसे बड़ी चुनौती जो विषय से अलग हटकर है वह है हमारे ही लोगों द्वारा विदेशी मीडिया व विदेशी धरती पर देश की छवि खराब करना। होना यह चाहिए कि लाख राजनीतिक मतभेदों के बावजूद विदेश की धरती पर एक रहना और एक रहने का संदेश देना जरुरी हो जाता है।

रक्षा नेटवर्क को और अधिक विस्तारित करने की चुनौती के साथ ही कूटनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अमेरिका की ट्रंप की देशी-विदेशी नीति के कारण अमेरिका के अंकों में गिरावट दर्ज की गई है। देखा जाए तो भारत की सैन्य क्षमता के साथ साथ इकोनोमी के क्षेत्र में क्षमता का तेजी से विकास हुआ है। हालांकि रक्षा नेटवर्क के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना है।

एशिया पॉवर इंडेक्स 2025 में भारत का मेजर पॉवर बनना और तीसरा स्थान बनाना भारत की दुनिया के देषों में बढ़ती साख का परिचायक है। निश्चित रुप से यह बड़ी उपलब्धि है पर अब भारत को इसे बनाये रखने और अन्य पेरामीटर्स के क्षेत्र में भी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है। चुनौतियां बहुत हैं पर चुनौतियों से पार पाते हुए ही कुछ अधिक अर्जित करना बड़ी बात हो जाती है। मेजर पॉवर से सुपर पॉवर बनना बड़ी चुनौती है पर सकारात्मक प्रयासों से सुपर पॉवर बनने के लक्ष्य के साथ ही भारत को आगे बढ़ना होगा।

विचार

शीतकालीन सत्र में बढ़ेगा सियासी तापमान

वहीं राजद सांसद मनोज झा ने एक गंभीर बात कही है कि सरकार की तरफज्यादातर राजनीतिक चर्चाएं आभासी होती हैं, जबकि जनता के बुनियादी मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि सरकार चुनावों से आगे भी सोचेगी। भारत की जीडीपी वृद्धि से लेकर एसआईआर विषय तक, इन पर व्यापक चर्चा होनी चाहिएय वरना संसद सिर्फएक संग्रहालय जैसी संरचना बनकर रह जाएगी। दरअसल पिछले सत्रों को देखें तो मनोज झा की बात ही सच भी दिखती है कि सरकार की दिलचस्पी संसद चलाने से अधिक समय बिताने की है। अगर सत्र चलेंगे तो विपक्षी सांसद सवाल पूछेंगे, जिनके जवाब ऑन रिकॉर्ड देना सरकार की मजबूरी हो जाएगी।

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरु हो रहा है, जो 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र शुरु होने से पहले रविवार को परंपरानुसार सर्वदलीय बैठक हुई, जिसके बाद सरकार की तरफ से दावा किया गया कि सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष के साथ तालमेल बिठाया जाएगा। वहीं विपक्ष से उम्मीद जताई गई कि वह अपने सवालों को अध्यक्ष के जरिए सदन में उठाए और लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए संसद की मर्यादा बनाए रखे। सत्र को अकारण बाधित न करे। जिन लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादा की उम्मीद सरकार विपक्ष से कर रही है, असल में वही अब भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनने वाले हैं।

क्योंकि विपक्ष ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि लोकतंत्र में मतदान के अधिकार को बचाने के लिए एसआईआर के खिलाफ बड़ी लड़ाई छेड़ी जाएगी और संसद में इस मुद्दे को पूरे दमखम के साथ उठाया जाएगा।वहीं लालकिले के पास आतंकी हमला, दिल्ली का प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में तैयारी की कमी, आर्थिक सुरक्षा और कमजोर पड़ती विदेश नीति जैसे अहम मुद्दों पर भी विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा। लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया कि यह शायद अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा, जिसमें केवल 15 कामकाजी दिन ही होंगे। श्री गोगोई ने कहा कि ऐसा लगता है कि सरकार खुद संसद को डिरेल करना चाहती है।

वहीं राजद सांसद मनोज झा ने एक गंभीर बात कही है कि सरकार की तरफ ज्यादातर राजनीतिक चर्चाएं आभासी होती हैं, जबकि जनता के बुनियादी मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि सरकार चुनावों से आगे भी सोचेगी। भारत की जीडीपी वृद्धि से लेकर एसआईआर विषय तक, इन पर व्यापक चर्चा होनी चाहिएय वरना संसद सिर्फ एक संग्रहालय जैसी संरचना बनकर रह जाएगी।दरअसल पिछले सत्रों को देखें तो मनोज झा की बात ही सच भी दिखती है कि सरकार की दिलचस्पी संसद चलाने से अधिक समय बिताने की है। अगर सत्र चलेंगे तो विपक्षी सांसद सवाल पूछेंगे, जिनके जवाब ऑन रिकॉर्ड देना सरकार की मजबूरी हो जाएगी। इसलिए सत्र सरकार की तरफ से ही कई बार बाधित किया जाता है। पिछले मानसून सत्र में यही हुआ। एसआईआर पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी और विपक्ष इसकी मांग करता रह गया। नतीजा यह हुआ कि 120 घंटों की जगह केवल 35 घंटे काम हुआ। इस बार भी ऐसा ही होने की आशंका बलवती है। क्योंकि बिहार चुनाव में धांधली के आरोप अब भी बरकरार हैं और इसके बाद प.बंगाल, उत्तरप्रदेश समेत 12 राज्यों में जो एसआईआर चल रही है, उसमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौतें गंभीर मुद्दा बन चुका है। तृणमूल कांग्रेस की शुक्रवार को ही चुनाव आयोग के साथ दो घंटे बैठक हुई, जिसमें टीएमसी सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के मुंह पर ही कह दिया कि चुनाव आयोग के हाथों में खून लगा है। हालांकि आश्चर्य की बात ये है कि ज्ञानेश गुप्ता ने इस बात से अनभिज्ञता जाहिर की कि कई बीएलओ एसआईआर के दबाव में अकाल मौत का शिकार हो चुके हैं।

बिहार के बाद चुनाव आयोग एसआईआर को अन्य राज्यों में शुरु कर चुका है। भाजपा भी यह मान रही है कि वह बिहार के बाद प.बंगाल को फतह कर लेगी और बाकी राज्यों में भी उसी की जीत होगी। संसद सत्र की तारीखों का काफी पहले ऐलान इसी अति आत्मविश्वास को दिखाता है। आम तौर पर संसद सत्र की तारीखों की जानकारी हफ्ते-दस दिन पहले दी जाती है, लेकिन इस बार 8 नवंबर को ही संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने बता दिया था कि संसद का शीतकालीन सत्र कब से कब तक चलेगा। वह समय बिहार चुनावों का था। जिसमें जमीनी रिपोर्ट्स बता रहीं थी कि एनडीए के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। एसआईआर में लाखों वोटों का कटना, कानून व्यवस्था का मामला, बेरोजगारी, महंगाई इन सबके साथ 20 बरसों की नीतीश सरकार के लिए एंटी इन्कमबेंसी जैसे कारक एनडीए का नुकसान दिखा रहे थे। वहीं महागठबंधन में लोग नयी उम्मीद देख रहे थे। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री के लिए जनता की पहली पसंद लगातार बने रहे और राहुल गांधी की लोकप्रियता बिहार में नरेन्द्र मोदी से ज्यादा थी, यह कई सर्वे में जाहिर हुआ। लेकिन भाजपा के नेता पूरी तरह आश्वस्त थे कि कुछ भी हो, सरकार उन्हीं की बनेगी।

भारत विश्व के लिए आदर्श और प्रेरणादायी देश बनेगा

अवधेश कुमार

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ शास्त्रीय परंपरा के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वैसी ही हैं जैसी 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा के समय थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डा. मोहन भागवत के बटन दबाने के साथ ध्वज का धीरे-धीरे ऊपर चढना और अंततरू मंदिर के शिखर पर विराजमान होकर लहराना भारत के बहुत बड़े वर्ग के लिए वेदनाओं से पूर्ण संघर्ष के युग के समापन और नये युग के सूत्रपात का साक्षात स्वरूप बन गया।

सच है कि राजनीतिक और गैर-राजनीतिक विपक्ष ने कभी भी श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य तो छोड़िए, इसके विचार का समर्थन नहीं किया। प्रत्यक्ष और परोक्ष इसके मार्ग में जितनी अड़चनें डाली जा सकती थीं डाली गई। जिन लोगों ने शास्त्रों में वर्णित अयोध्या को ही काल्पनिक साबित करने के लिए इतिहास के नाम पर पुस्तकें लिखवाई, अभियान चलाया न्यायालय में इसके विरुद्ध मुकदमे लड़े और इलाहाबाद उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर आज तक प्रश्न खड़ा करते रहे हैं, उनसे हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया या समर्थन करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ध्यान रखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहन भागवत के उद्बोधनों के भाव में बिल्कुल समानता थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वर भी ऐसा ही था? भारत की सही समझ और राष्ट्र के लक्ष्य की यथार्थ कल्पना के कारण स्वर में समानता बिल्कुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की याद दिलाते हुए ध्वजारोहण के साथ सम्बन्ध किया तो भारत को समझने वालों के लिए यह बिल्कुल स्वाभाविक है। जिन्हें समझ नहीं या समझते हुए भी राजनीतिक रूप से विरोध करना है उनके लिए यह उपहास और विरोध का ही विषय होगा। बात अत्यंत सरल है। किसी भी समाज के अंदर यह भाव बिठा दिया जाए कि आपकी संपूर्ण सभ्यता जो धर्म से निर्धारित है वह कपोल कल्पनाओं, मिथकों और बहुत हद तक अंधविश्वासों से भरी है तो उसके अंदर एक समाज और राष्ट्र के रूप में बड़े लक्ष्य पाने की प्रेरणा का स्रोत पैदा होना कठिन हो जाएगा। श्रीराम मंदिर आंदोलन केवल एक सामान्य मंदिर के लिए नहीं था बल्कि उसका लक्ष्य सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय पुनर्जागरण तथा स्थायी प्रेरणा स्रोत खड़ा करने के लिए था ताकि भारत जागृत रहे और हम सब देश को शीर्ष पर ले जाने के लिए प्राणपण से संकल्पित हो। सनातन परंपरा में शिखर पर लहराते ध्वज को मंदिर का रक्षक, ऊर्जा का वाहक और पूर्णता तथा ईश्वर की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है। ध्वजा से ही मंदिर को पूर्णता प्राप्त होती है। कौन सा निशान रामलला के धाम की पवित्रता और युगों तक कायम रहने वाली सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करेगा इसके चयन के लिए अनेक ग्रंथों को खंगाला गया। रामचरितमानस,भारत की सभी भाषाओं के रामायण देखे गए। विश्वकर्मा वास्तु शास्त्र के अध्याय 42 में ध्वजाओं के लक्षणों का विस्तृत वर्णन है। महाभारत, ऋग्वेद, विष्णुधर्मोत्तर पुराण में ध्वज का वर्णन है। इसमें भगवान विष्णु के ध्वज का रंग पीला और सुनहरा बताया गया है जो इनके अवतार होंगे उनके ध्वज का रंग केसरिया और पीतांबरी होगा। सूर्यवंशी होने के कारण सूर्य का निशान अंकित है। सूर्य जीवंतता और ऊर्जा का भी प्रतीक होता है। रघुकुल का राजकीय निशान होने के कारण कोविदार वृक्ष को अंकित किया गया है। हरिवंश पुराण में उल्लेख है कि महर्षि कश्यप ने पारिजात के पौधे में मंदार के गुण मिलाकर इसे तैयार किया था। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड के अनुसार चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को ध्वजों से विभूषित अश्व और रथों से आती हुई सेना की सूचना दी और इसके बारे में पता लगाने को कहा। इसे देखकर लक्ष्मण ने कहा कि 'निश्चय ही दुष्ट दुर्बुद्धि भरत स्वयं सेना लेकर आया है।

राशिफल

मेषः- कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

बृषभः- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

मिथुनः- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

कर्कः- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

सिंहः- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें।

कन्याः- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

तुलाः- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

वृश्चिकः- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

धनुः- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

मकरः- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

कुंभः- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

मीनः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित

देश में तर्क से ज्यादा मजबूत है अंधविश्वास

बड़े राजनीतिक मौकों से पहले केदारनाथ, काशी विश्वनाथ और दूसरी पवित्र जगहों पर उनके दौरे दूर-दूर तक जाने जाते हैं। जहां समर्थक आस्था देखते हैं, वहीं आलोचक रणनीति देखते हैं लेकिन किसी भी तरह से, देश ने देखा है कि उनके करियर के अहम दौर अक्सर भगवान को चुपचाप प्रणाम करने से शुरू होते हैं। इसी तरह, भारत में लंबे समय से सुना जा रहा है कि अलग-अलग पार्टियों के नेता चुनाव से पहले चुपचाप ज्योतिषियों से सलाह लेते हैं। इंदिरा गांधी जैसी पुरानी नेता खुले तौर पर आध्यात्मिक सलाह लेती थीं और यह सब जानते हैं कि ज्योतिषियों ने कभी कांग्रेस की राजनीतिक प्लानिंग में भूमिका निभाई थी। कहा जाता है कि दिल्ली में ऑफिस को वास्तु शास्त्र के हिसाब से एक से ज्यादा बार रीडिजाइन किया गया है। दीवारें बदली गई हैं, शीशे लगाए गए हैं, फव्वारे लगाए गए हैं। यह सब यह पक्का करने के लिए किया गया है कि राजनीतिक एनर्जी उत्तर-पूर्व की ओर बहे और मुसीबत में न पड़े।

देवी एम. चेरियन

ऐसे देश में जहां लोग शनिवार को अपने नाखून नहीं काटते या तीन ज्योतिषियों और पड़ोस की आंटी से पूछे बिना प्रॉपर्टी नहीं खरीदते, यह मानना बिल्कुल नादानी होगी कि भारतीय नेता, क्रिकेटर और फिल्म स्टार सिर्फ लॉजिक से चलते हैं। पावर पॉलिसी से, टैलेंट ट्रेनिंग से और फेम कड़ी मेहनत से मिल सकती है लेकिन पर्दे के पीछे कहीं,अभी भी एक छोटा नारियल तोड़ा जा रहा है, दरवाजे पर एक नींबू रखा जा रहा है और बस किसी भी स्थिति के लिए प्रार्थना फुसफुसाई जा रही है। चलिए राजनीति से शुरू करते हैं। गंभीर चेहरों, लंबे भाषणों और अजीब समय पर लिए गए फैसलों की दुनिया देखिए। यह कोई सीक्रट नहीं है कि नरेंद्र मोदी, एक मजबूत और निर्णय लेने वाले नेता के तौर पर देखे जाने के बावजूद, आध्यात्मिक प्रक्रिया में गहराई से जुड़े हुए हैं।

बड़े राजनीतिक मौकों से पहले केदारनाथ, काशी विश्वनाथ और दूसरी पवित्र जगहों पर उनके दौरे दूर-दूर तक जाने जाते हैं। जहां समर्थक आस्था देखते हैं, वहीं आलोचक रणनीति देखते हैं लेकिन किसी भी तरह से, देश ने देखा है कि उनके करियर के अहम दौर अक्सर भगवान को चुपचाप प्रणाम करने से शुरू होते हैं। इसी तरह, भारत में लंबे समय से सुना जा रहा है कि अलग-अलग पार्टियों के नेता चुनाव से पहले चुपचाप ज्योतिषियों से सलाह लेते हैं। इंदिरा गांधी जैसी पुरानी नेता खुले तौर पर आध्यात्मिक सलाह लेती थीं और यह सब जानते हैं कि ज्योतिषियों ने कभी कांग्रेस की राजनीतिक प्लानिंग में भूमिका निभाई थी। कहा जाता है कि दिल्ली में ऑफिस को वास्तु शास्त्र के हिसाब से एक से ज्यादा बार रीडिजाइन किया गया है। दीवारें बदली गई हैं, शीशे लगाए गए हैं, फव्वारे लगाए गए हैं। यह सब यह पक्का करने के लिए किया गया है कि राजनीतिक एनर्जी उत्तर-पूर्व की ओर बहे और मुसीबत में न पड़े। नेता हर इंटरव्यू में इससे इंकार करेंगे लेकिन फिर भी पार्लियामैंट कॉम्प्लैक्स में धीरे-धीरे और सावधानी से कदम रखते हुए जाएंगे जैसे कि फर्श खुद ही बुरी किस्मत के प्रति सैंसिटिव हो। अगर राजनीति ड्रामा है तो क्रिकेट भाव है। और अगर कोई ऐसा मैदान है जहां अंधविश्वास सच में स्टेडियम की लाइट से ज्यादा चमकता है तो वह क्रिकेट पिच है। सचिन तेंदुलकर अपना बायां पैड पहले पहनने के लिए मशहूर थे। भगवान या इत्तेफाक, किसी ने भी ऑर्डर बदलने की हिम्मत नहीं की। धोनी जो बाहर से बर्फ की तरह ठंडे हैं, मिलिट्री डिसिप्लिन के साथ रूटीन पर टिके रहने के लिए भी जाने जाते हैं। एक समय में उनके लंबे बाल सिर्फ एक स्टाइल नहीं थे। फैंस का मानना था कि यह टीम इंडिया के लिए किसी लक्की चार्म से कम नहीं है। फिर विराट कोहली हैं, जिन्हें बड़े टूर्नामैंट से पहले मंदिरों में जाते, पवित्र धागे बांधते और यह पक्का करते देखा गया है कि कुछ आध्यात्मिक आदतें उनकी जिंदगी का हिस्सा बनी रहें। और कौन भूल सकता है कि कैसे पूरा देश अचानक अच्छी वाइब्स में विश्वास करने लगा जब अनुष्का शर्मा को टैंशन वाले मैचों के दौरान स्टैंड्स में मैडिटेशन करते देखा गया। अगर इंडिया जीता तो लोग मजाक में कहते थे कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि बॉलर तक 'पॉजिटिव योग एनर्जी' पहुंच गई थी। सबसे निडर बॉलर और हिटर के दिमाग में भी अनदेखी लिस्ट होती है। वही मोजे, वही ग्लव्स, वही वार्म अप प्लेलिस्ट, पिच तक जाने का वही रास्ता तय होता है। रास्ता बदलो और अचानक विकेट गिर जाता है। साइंस भले ही हंसे लेकिन क्रिकेट फैंस इस पर आपसे लड़ेंगे। और अब हम बॉलीवुड पर आते हैं। एक ऐसी दुनिया जो डायरैक्टर नहीं बल्कि स्टार चलाते हैं। स्क्रीन पर भी और आसमान में भी। अजय देवगन लंबे समय से नंबर 9 से जुड़े रहे हैं, उन्होंने अपनी कई फिल्में इसी तारीख को रिलीज की हैं क्योंकि न्यूमरोलॉजी इसे पसंद करती है। एकता कपूर ने अपने शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के टाइटल में एक्स्ट्रा अक्षर इसलिए जोड़े क्योंकि उनके न्यूमरोलॉजिस्ट ने सलाह दी थी कि ऐसा सफलता के लिए एक बूस्टर शॉट है। और उस फार्मूले से कौन बहस कर सकता है जिसने सालों तक इंडियन टैलीविजन पर राज किया। शाहरुख खान अपनी गहरी आस्था के लिए जाने जाते हैं और अक्सर बड़ी रिलीज से पहले धार्मिक जगहों पर जाते हैं। सलमान खान, जिनके करियर ने बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, वे भी प्रोटैक्टिव चार्म रखने के लिए जाने जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुन श्रोता मंत्रमुग्ध

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण बलराम जन्म के बाद नामकरण एवं बाल लीलाओं की सुंदर कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल राधे-राधे की जय घोष से गुंजायमान हो उठा। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्रीकृष्ण एवं बलराम के नामकरण का सुंदर वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान के सैकड़ो नाम है। लेकिन यशोदा मैया का नाम श्री कृष्ण सबको प्यारा है। इसके बाद उन्होंने भगवान की बाल लीलाओं की सुंदर कथाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल राधे-राधे के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था। वही इस मौके पर लगे मेले में कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

सफाईकर्मी पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

मौदहा, हमीरपुर। नगर के में अपनी मौसी की शादी में आई नाबालिक बालिका के साथ गेस्ट हाउस के सफाई कर्मी ने बलात्कार करने का प्रयास किया जहां मौजूद लोगों ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। नगर के नेशनल मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में रविवार की रात एक वैवाहिक कार्य क्रम संपन्न हो रहा था जिसमें लड़की पक्ष मौदहा का ही था। इस विवाह में दुल्हन की बड़ी बहन अपने बच्चों को लेकर शामिल होने आई थी। रात में जब सभी लोग वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्त थे तभी दुल्हन की 12 वर्षीया भतीजी अपने भाई-बहनों के साथ सो रही थी उसी समय गेस्ट हाउस के सफाई कर्मी अमित निवासी अरतरा ने उक्त बालिका के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। बालिका द्वारा शोर मचाने पर वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार के प्रयास व पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

छोटी बहन से मामूली कहा-सुनी के बाद भाई ने कमरे में फांसी लगाने की कोशिश, भर्ती, हालत गंभीर

मौदहा हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक नबालिक छात्र अपनी बहन से हुए मामूली कहा सुनी से छुब्द होकर कमरे में रस्सी का फन्दा बना गले में डाल फांसी पर झूल गयी, तहसील क्षेत्र के विगहना गांव निवासी रामसेवक का 14 वर्षीय पुत्र धीरज अपनी बहन से मामूली कहां सुनी से छुब्द होकर अपने कमरे में जाकर रस्सी का फंदा बना गले में डाल फांसी पर झूल गया गनीमत रही की उसने कमरे का दरवाजा बंद नहीं किया था यह देख परिजनों के होश उड़ गए और आनन फानन में फांसी से उतार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं छात्र पास के गांव कुनेहटा के परिषदीय विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र है भाई प्रवेंद्र ने बताया कि बहन से स्कूल जाने के संबंध में मामूली कहां सुनी हो गई थी।

जिला सेवायोजन के द्वारा सुमेरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया

हमीरपुर। जिला सेवायोजन द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर, में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुये इस अवसर का लाभ उठा सकते है, किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

फॉलोअप: किन्नरों के विवाद में पुलिस तटस्थ अफसाना गुट समझौते पर उतरा

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। कस्बे के बस स्टैंड के समीप रविवार को किन्नरों के दो गुटों में हुई खूनी झड़प के बाद मामले में पुलिस ने अभी तक किसी पक्ष से कोई कार्रवाई नहीं की है। वही अफसाना गुट ने दूसरे गुट की अंजना के समक्ष राजीनामा का प्रस्ताव रखा है। अंजना अपने गुट के घायलों का सदर अस्पताल में उपचार करा रही है। इस वजह से समझौते की गाड़ी फिलहाल आगे नहीं बढ़ सकी है।रविवार को तड़के नेग मांगने के विवाद में किन्नरों के दो गुटों के मध्य खूनी संघर्ष हो गया था। इस संघर्ष में अफसाना गुट के दो दर्जन किन्नर और युवकों ने अंजना गुट के मंजीरा वादक शिवपूजन तथा वाहन चालक हरिपूजन को धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से पीटकर लहुलुहान कर दिया था। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर सौंप थी। पुलिस अभी तक इस प्रकरण में तटस्थ है। किसी भी पक्ष की कोई कार्यवाही नहीं की गई। उधर अफसाना गुट झगड़े के बाद कदम पीछे खींचते हुए समझौते की राह पर उतर आया है। अफसाना गुट के किन्नर अंजना को फोन करके समझौता करने की बात कह रहे हैं, लेकिन घायलों के उपचार में जुटी अंजना ने फिलहाल समझौते से मना किया है।

अज्ञात चोरों ने सूने घर से लाखों रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चुराए

महोबा। मुख्यालय स्थित सत्तीपुरा मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बना लाखों रुपये की चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया और मौक़े से फरार हो गए। पीड़ित परिवार एक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था तब शातिर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। कार्यक्रम से वापस लौटे पीड़ित परिवार ने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा तो सबके होश उड़ गए। घर के अन्दर रखी अलमारी और सामान बिखरा पड़ा मिला और इनमें रखे कीमती जेवरात गायब थे।प्राप्त विवरण के अनुसार मुख्यालय के सत्तीपुरा मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार के सूने मकान को निशाना बना अज्ञात चोरों ने चोरी की सनसनी खेज वारदात को अंजाम दिया और मौक़े से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि अज्ञात चोरों ने घर में रखे दो सोने के हार, एक जोड़ी झुमकी,सोने की जंजीर समेत करीब आठ तोला सोना और लगभग एक किलो चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं। चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब 10 लाख रुपए है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की हर पहलू से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ी लाखों रुपये के कीमत की प्रतिबंधित गुटखे की खेप

महोबकंठ/महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ पुलिस टीम व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। संयुक्त टीम द्वारा भूरा टूडर मोड़ महोबकंठ में कार्रवाई करते हुए एक शातिर युवक मयंक यादव पुत्र महेन्द्र यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मुहल्ला पाठकपुरा थाना पनवाडी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध गुटखा व सुपारी का भारी जखीरा व एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी व उससे हुई बरामदगी के आधार पर उसके विरुद्ध थाना महोबकंठ में मुकदमा धारा 318(4)/274/112 बीएनएस व 59 खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे चार अभियुक्त गिरफ्तार



महोबकंठ/महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ, सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित उपनिरीक्षक देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान ग्राम महोबकंठ के पास रुपये पैसो से हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेलते हुये 04 अभियुक्तगण सुनील पुत्र भानप्रताप उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ,शिवसहाय पुत्र टुट्टीलाल उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी,आकाश पुत्र रामजीवन राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ,श्याम सिंह पुत्र दशरथ उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम कनकुआ को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी 680 रूपये व मालफड़ 470 रुपये कुल 1150 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना महोबकंठ पर मुकदमा धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, आयीं 91 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा के बिगड़े बोल

मौदहा, हमीरपुर। आईएएस अधिकारी के बिगडे बोल से नाराज ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ ने उप जिलाधिकारी करन वीर सिंह द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राम्हण समाज की बेटियों के अपमान जनक टिप्पणी पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि द्वेश भावना से प्रेरित होकर समाज में माहौल बिगड़ने का कार्य किया है। जो बहुत ही चिंता जनक है।सभी वर्गों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जल्द ही ऐसे अधिकारी को बर्खास्त किया जाए और अभद्र अपमान जनक समाज में जहर फैलाने का काम कर रहे हैं।ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश त्रिवेदी शिब्बू महाराज, बृजेंद्र गौतम, विवेक दीक्षित, रेवती रमण पाठक,बाबूराम बाजपेई, मूलचंद शुक्ला व गौरव गुप्ता सहित एक दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर आनलाइन हाजिरी को लेकर किया प्रदर्शन

कुरारा, हमीरपुर। स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध को लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन कर नारे बाजी की शासन द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारियों को पंचायत भवन में ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करने के लिए आदेश जारी किए गए है। इसके विरोध में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने विकास खंड कार्यालय के बाहर बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । तथा हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया एक दिसंबर से चार दिसंबर तक शांति पूर्वक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन में नीरज सचान, जमाल अहमद, नसीम अहमद, शिखा, आशीष कुमार, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत अधिकारियों का सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन

मौदहा, हमीरपुर। विकास खण्ड में ग्राम पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश का विरोध किया। सोमवार को सचिवों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारी सचिवों ने बताया कि 3 नवंबर को जारी शासनादेश के अनुसार पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन की जानी है। उनका तर्क है कि यह आदेश वर्तमान परिस्थितियों में अव्यवहारिक है और इससे शासकीय कार्य बाधित होंगे।सचिवों का कहना है कि उनका कार्यक्षेत्र व्यापक होता है और अक्सर एक सचिव के पास 3 से 6 पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होता है, जिससे ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना असंभव है। उन्होंने मांग की है कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर वे 4 नवंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। आगे की रणनीति भी तय कर ली गई है। विरोध प्रदर्शन में नितेश चंदेल, अरविन्द कुमार, भगवान प्रसाद, प्रियंका, सहित कई सचिव मौजूद रहे।

31वां शतचंडी महायज्ञ

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रहलाद प्रसंग का हुआ वर्णन

मौदहा, हमीरपुर। इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में आयोजित 31वें शतचंडी महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग का बखान किया गया। इसमें कथा व्यास पंडित यतेन्द्र पाठक ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। यज्ञाचार्य पंडित अमित मिश्रा, यज्ञ के ब्रह्मा पंडित शोभित तिवारी, पत्राचार पंडित अजय तिवारी पंडित प्रसू तिवारी पंडित विजय द्विवेदी, राजा रानी पंडित लल्लन तिवारी, भागवत परीक्षित विनोद, गंगादीन वर्मा प्रधान, रामविलास गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रताप सिंह रघुवंशी, अमित तिवारी, प्रेमचंद शिवहरे इत्यादि श्रोता ने भागवत कथा श्रवण किया।

चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने चोरी के माल सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

▸ आरोपियों के कब्जे से अवैध असलहा बरामद कर भेजा जेल

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय के द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी मेडिकल चौकी महोबा मय पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान हेमराज पुत्र रामसिंह बहेलिया उम्र 22 वर्ष एवं श्रीकृष्ण पुत्र मकरन्द बहेलिया उम्र 24 वर्ष निवासीगण नगला ऊसर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी के रुप में हुई है, दोनों अभियुक्तों को रोडवेज बस स्टैंड महोबा के पीछे से गिरफ्तार किया गया है।

विश्व एड्स दिवस का शुभारंभ, सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु प्रातः 10:00 बजे से विश्व एड्स दिवस परेड का शुभारम्भ जिला पुरुष चिकित्सालय परिषर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ-साथ एनएसएस के छात्र, आम जनमानस एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जागरूकता रैली का समापन जिला पुरुष चिकित्सालय से मेन रोड से एचआईवी सम्बन्धित नारे लगाते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी कक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया आईवी की रोकथाम हेतु संगोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों, आम जनमानस एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान, के कर्मचारियों को जागरूक करते हुये विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉ. बीपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी, द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों के साथ एक समान व्यवहार अपनाया जाना, एचआईवी संक्रमित मरीजों से दुर्व्यवहार/भेदभाव न किया जाये एवं संक्रमित मरीजों का डाटा प्रस्तुत करें, कहा गया। संगोष्ठी में अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा आरएस प्रजापति, फिजीशियन, समस्त आईसीटीसी काउन्सलर (प्रशान्त कुमार, नीतू संखवार, विनय कुमार) एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान के कर्मचारी मौजूद रहे। संगोष्ठी का संचालन अनिल यादव स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त दोपहर 02:00 बजे जिला कारागार में बन्दियों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किये जाने हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी।

ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर भरी हुंकार

▸ पनवाड़ी ब्लाक के सचिवों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, ऑनलाइन उपस्थिति का भी खुलकर जताया विरोध

पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आवाहन पर ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने संयुक्त रूप से छह सूत्रीय मांगों को लेकर इंकलाब का नारा बुलंद कर दिया है। आज सोमवार को एकजुट हुए सचिवों ने ब्लॉक परिसर पर हुंकार भरते हुए हाथों में काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी की है। प्रदर्शन कारी सचिवों ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों अन्य अन्य संवर्गीय कर्मियों के वीसी कार्यक्रम में आंदोलन का निर्णय लिया गया है। पनवाड़ी ब्लॉक के सचिवों ने कहा कि 826 ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति का बैनर लगाकर 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा,जिसकी शुरुआत आज सोमवार से कर दी गई है। कहा कि 5 दिसंबर को विभागीय ग्रुप से लेफ्ट होने के साथ धरना के माध्यम से सत्याग्रह आंदोलन होगा। दूसरे चरण में 15 दिसंबर को डोंगल जमा कर दिया जायेगा। कहा कि सबसे पहले सभी सचिव ब्लॉक पर इकट्ठा होकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करें। ज्ञापन बीडीओ के माध्यम से डीएम द्वारा मुख्यमंत्री को ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी दोनों सम्बर्ग देंगे। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिषेक चौरसिया, निर्देश कुमार पटेल, अरविंद तिवारी व ग्राम पंचायत अधिकारी दीपू पाल, नितेश चौरसिया आदि सचिव मौजूद रहे।

पंख कैरियर गाइडेंस मेला एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

▸ एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने की कार्यक्रम में सहभागिता

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।

इंटर कॉलेज सुगिरा में वार्षिक उत्सव समारोह एवं कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश यादव, जनतंत्र इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य जेपी अनुरागी द्वारा उपस्थित छात्रों को करियर सम्बन्धी सुझाव दिए गए। पंख देंगे उड़ान, छू लेंगे आसमान की थीम पर राजकीय इंटर कॉलेज सुगिरा में पंख कैरियर गाइडेंस मेला एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, पॉलिटेक्निक कॉलेज कुलपहाड़ के प्रिंसिपल दिनेश यादव, पूर्व प्रधानाध्यापिका अर्चना राजपूत उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को करियर के बारे में जानकारी दी। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सेंगर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अभी से किस क्षेत्र में वह जाना चाहते हैं, यह निश्चित कर लेना चाहिए और उसी के लिए प्रयास करें। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि बच्चे स्किल डेवलपमेंट करें, जो उनके जीवन में बहुत काम आएगा। प्रिंसिपल दिनेश यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा पर फोकस करें, क्योंकि सभी को नौकरी नहीं मिल सकती, अपना स्टार्ट अप शुरू कर सकते हैं। कक्षा 11 की आकांक्षा ने आरंभ में प्रचंड गीत प्रस्तुत किया। काजल ने आज गली-गली अवध सजाएंगे राम आयेंगे, गीत पर डांस प्रस्तुत किया। प्रिंसी, स्नेहा, निधि, रूबी, प्रियांशी ने आयो रे आयो रे गीत प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल मैथिली शरण, हनुमत पटेल, अर्चना राजपूत, भारत सिंह, चतुरसेन तिवारी, मंडल अध्यक्ष माधव कुशवाहा, राहुल बाजपेई आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित द्विवेदी ने किया।

डीएम-एसपी की मौजूदगी में किया गया यातायात माह नवम्बर-2025 का समापन

▸ आयोजित कार्यक्रम में लिया गया जागरूकता, जिम्मेदारी और सुरक्षित भविष्य का संकल्प

महोबा, समृद्धि न्यूज।

मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में यातायात माह नवम्बर-2025 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपदीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

समारोह के दौरान जीजीआईसी एवं ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल महोबा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटकों ने उपस्थित जनसमूह को यातायात नियमों के पालन की अनिवार्यता से परिचित कराया। सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित यातायात हेतु शपथ भी ग्रहण की। संबोधन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गोल्डन आवर के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दिये जाने पर उनको समय पर उपचार प्रदान होने अनेकों जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा का संकल्प है। देश में प्रतिदिन अनगिनत हादसे सिर्फ नियमों की अनदेखी की वजह से होते हैं। संयमित रफ्तार और सतर्कता ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है।÷ अधिकारियों ने यह भी कहा कि यद्यपि यातायात माह का आज समापन हो रहा है, परंतु जनपदीय पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि जनपद का प्रत्येक नागरिक जिम्मेदार यात्री बन सके। नवम्बर माह भर चलाए गए अभियान के अंतर्गत हेलमेट वितरण, अतिक्रमण निराकरण, विद्यालयों/कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख चौराहों/बाजारों में ट्रैफिक शिक्षण वाहन चेकिंग व प्रवर्तन कार्रवाई पुलिस टीम एवं समाजसेवियों द्वारा व्यापक स्तर पर संचालित किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूली बच्चों, समाजसेवियों और यातायात पुलिस टीम को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन से बाइक यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो शहर के प्रमुख तिराहों व चौराहों से होकर गुजरी। रैली के दौरान पंपलेट एवं बैनरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। समापन समारोह में अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय, एआरटीओ दयाशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, आर.आई. शिवकुमार, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह,पीआरओ राहुल मिश्रा, नवोदय विद्यालय की प्राचार्य दैव्य श्रीवास्तव, समाजसेवी राहुल अग्रवाल, रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, परवेज अहमद (शेरू) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सूचना

मैंने अपने पुत्र जायद उर्फ बबलू व पौत्र आमिर, सलमान, निहाल पुत्रगण जायद उर्फ बबलू का आचरण अच्छा न होने पर उन सभी से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। तस्वीरन बेगम पत्नी बाज खां, निवासी- मोहल्ला जेरकिला, पानी की टंकी के पास, छिबरामऊ (कन्नौज)।

बाल अधिकारों के लिए मिलकर कार्य करने की दोहराई प्रतिबद्धता

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, बाल यौन षोषण पर सभी एक साथ मिलकर काम करेंने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। संवाद सामाजिक संस्थान एवं एक्सेस टू जस्टिस के सहयोग से बाल विवाह, बाल श्रम और बाल तस्करी जैसे गंभीर बाल संरक्षण मुद्दों पर समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में एक संयुक्त स्टेकहोल्डर्स बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल संरक्षण ईकाइयों, पंचायत प्रतिनिधियों, मीडिया, विधि विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम द्वारा इस अभियान में देशभर में जागरूकता, प्रशिक्षण और हस्तक्षेप की प्रक्रिया को मजबूत किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी का नैतिक दायित्व है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्याम

त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि पंचायत स्तर पर सतर्कता और निगरानी की मजबूत व्यवस्था हो, तो किसी भी समुदाय में बाल विवाह की घटनाओं को पूर्णतः रोका जा सकता है।

बाल कल्याण समिति के सदस्य राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतों की कार्ययोजना में बच्चों के अधिकारों-सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य को वही प्राथमिकता मिलनी चाहिए जो अन्य विकास कार्यों को मिलती है। बैठक को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर अपराध है और इसे रोकने के लिए केवल विभागीय प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। बैठक के संबोधन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य नंदिता सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बच्चों और परिवारों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफ़िकिंग यूनिट के उप प्रभारी संदीप पांडेय ने बताया कि मानव तस्करी बच्चों के भविष्य, सुरक्षा और अधिकारों पर सबसे बड़ा आक्रमण है। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी विभागों के बीच नियमित समन्वय स्थापित किया जाएगा तथा बाल संरक्षण मामलों में त्वरित और संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से यह शपथ ली कि वे बच्चों के अधिकारों की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक सुरक्षित, शिक्षित और बाल-अनुकूल समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संवाद सामाजिक संस्थान के अतुल तिवारी, आलोक मिश्रा, विनोद कुमार, राकेश मौर्य, राज वर्मा, वीरेन्द्र कुमार सहित विद्यालय की बालिकाएं और अध्यापक उपस्थित रहे।

मोबाइल शॉप का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। नगर पंचायत हैदरगढ़ के रामेश्वरम शिवाला मार्ग पर नवज्योति प्रतिष्ठान के निकट मोबाइल शॉप का सेवानिवृत्त बीएसएनएल कर्मी सुहैल अहमद और नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। चैयरमैन आलोक तिवारी ने कहा इस मोबाइल शॉप के खुलने से क्षेत्र के लोगों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की अधिक से अधिक सुविधाएं मिलेगी। वर्तमान समय में मोबाइल लोगों की जरूरत का साधन बन गया है। इस टेक्नोलॉजी का रोजाना विस्तार हो रहा है। इसकी जरूरत अभी के समय में हर व्यक्ति को है। इसके बिना लोगों के कई काम बाधित हो जाते हैं। मोबाइल टेक्नोलॉजी के जरिए एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से आसानी से जुड़ जाता है। दुकान संचालक शादाब अहमद ने अध्यक्ष आलोक तिवारी को भगवान श्री राम का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापार संगठन अध्यक्ष योगेश द्विवेदी नितिन मौर्य पूर्व सभासद स्कंद तिवारी पत्रकार शिवम विष्णु शुक्ला ऋषभ शुक्ला दिव्यांश श्रीवास्तव पत्रकार मुन्ना सिंह मोहित शर्मा रामशरण साहू आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

सीतापुर, समृद्धि न्यूज। नारी जागरण सेवा समिति टीआई द्वारा विष्व एड्स दिवस पर कार्यालय पर रैली निकाली गयी कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में समस्त पदाधिकारियों ने एड्स जागरूकता को लेकर रंगोली बनायी इस दौरान कार्यक्रम प्रबंधक सचिन त्रिपाठी जी ने बताया आज का दिन एड्स जैसी खतरनाक बिमारी खत्म करने की मुहिम है इसलिए इस दिन अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना चाहिए , जागरूकता रैली घूरामऊ बंगला से प्रारम्भ होकर बड़ा डाकखाना चैराहा होते हुए वापस संस्था के कार्यालय में समाप्त हुई इस दौरान रैली में उपस्थित जनो ने एड्स जागरूकता के नारे भी लगाये इस दौरान नारी जागरण का समस्त स्टाफ तथा पीयर मौजूद रहे जिसमें – कार्यक्रम प्रबंधक सचिन त्रिपाठी, एमएंडई आफीसर दिलीप कुमार, परामर्शदाता गौरव कुमार त्रिपाठी, ओआरडब्ल्यू मोहित,जितेन्द्र, नगमा, ममता, अनीता, शशांक, नितिन, पीयर–लक्ष्मी, सिम्मी, संचित, अमर आदि मौजूद रहे।

फूड विभाग ने फैक्ट्री में छापा मार कर भारी मात्रा में पनीर कराया नष्ट

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज। सहालक के मौसम में बढ़ रही पनीर की मांग का फायदा उठाते हुए नकली मिलावट पनीर का कारोबार फल फूल रहा था।सूचना मिलने पर फैक्ट्री पर फूड विभाग ने छापा मारा।इस दौरान भारी मात्रा में मिलावट पनीर जब्त कर नष्ट कराया गया।जानकारी के मुताबिक सलोन कोतवाली क्षेत्र के घोसी के पुरवा में पनीर फैक्ट्री संचालित थी।जहां मांग बढ़ने पर नकली मिलावट पनीर तैयार कर बेचा जा रहा था।जो पनीर सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा था।सूचना पर फूड विभाग ने छापा मारा और नमूना लेकर नकली पनीर नष्ट कराया।एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने बताया सलोन क्षेत्र में संचालित पनीर फैक्ट्री में फूड विभाग व पुलिस द्वारा छापा मारा गया।जहां लगभग 280 किलो मिलावट पनीर बरामद हुआ है।जिसका नमूना लिया गया है।उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद मे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर मुअसं 341/2025 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अनवर अली निवासी धौरहरा उर्फ धरमपुर बढ़नी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर अनवार कला थाना बीबीडी जनपद लखनऊ व अमित रावत पुत्र सरवन निवासी गोढिया थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को तेजवापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

सीएचसी अधीक्षक ने एसआईआर का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने महमूदाबाद पंचायत भवन पर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ, आशा बहुओं और सीएचओ को एसआईआर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।सोमवार को डॉ. सिंह मौलाबाद पंचायत भवन पहुंचे। उन्होंने वहां कार्यरत बीएलओ से एसआईआर कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक ने कहा कि कार्य तेजी से चल रहा है और सभी को इसे और गति देनी चाहिए। उन्होंने डिजिटाइजेशन और मैपिंग का कार्य समय पर पूरा करने तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने पर जोर दिया।इसी क्रम में, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने भी लालपुर और बिकौली बूथों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने भी कई बूथों का दौरा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश जारी किए।

फांसी के फंदे से लटकी विवाहिता, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर बाजार में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान सपना पत्नी रविंद्र के रूप में हुई है। बताते हैं कि सपना की शादी लगभग ढाई साल पहले हुई थी और उसकी तीन माह की एक बच्ची है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह जब काफी देर तक घर के अंदर से कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजन कमरे की ओर बढ़े। दरवाजा खुला था और अंदर सपना दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी हुई मिली, जिसे देखकर परिजनों में चीख–पुकार मच गई।ग्रामीणों की सूचना पर पीपरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा की कार्यवाही पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में दरवाजे या कमरे में किसी तरह के जबरन प्रवेश या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। पति रविंद्र और अन्य परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

सीडीओ ने एड्स नियंत्रण जागरूकता परेड को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

▸ जागरूकता परेड के माध्यम से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज जनपद रायबरेली के एनसीसी कैडेट तथा छात्रों द्वारा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में आयोजित विश्व एड्स दिवस परेड के माध्यम से जन जागरूकता फैलाई गई। इस जागरूकता परेड को जनपद रायबरेली की मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा, प्राचार्य रत्नेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी/नोडल एड्स अधिकारी डॉ अनुपम सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद तथा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी एस अस्थाना जी, जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वय मनीष श्रीवास्तव, पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार एवं क्षय रोग विभाग के कर्मचारियों सहित जनपद में कार्य समस्त Ictc Art, Ssk Ngo सेंटर के क्रम में द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा ने बताया जनपद रायबरेली में वर्ष 2011 से आर्ट सेंटर ऊंचाहार की स्थापना हुई थी जिससे अब तक 2163 मरीजों की खोज की गई वर्तमान में यह आर्ट केंद्र जिला मुख्यालय पर स्थित जिला चिकित्सालय परिसर रायबरेली में विगत दो वर्षों से स्थापित है जब से यहां पर और भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है इस समय जिला पुरुष चिकित्सालय में 5360 मरीजों की जांच की गई जिनमें से 54 में इस बीमारी के संक्रमण का पता चला इसी के साथ एम्स रायबरेली में भी इस बीमारी की जांच की जा रही है और वहां पर 3226 जांच की जा चुकी है जिसमें से 31 मरीज खोजे गए इसी प्रोग्राम को और सशक्त करने के लिए जिला महिला चिकित्सालय रायबरेली में भी इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। यहां पर आने वाले सभी प्रसुताओं और अन्य महिलाओं की जांच होती है जिसमें से लगभग 12413 मरीजों की जांच की गई जिसमें 9 में संक्रमण की पुष्टि हुई इसी क्रम में सीएससी लालगंज और बछरावां में भी इनकी जांच की जा रही है और वहां पर भी इस संक्रमण से ग्रसित लगभग 15 मरीज निकले हैं जिनको उपचार पर रखे गए हैं पिछले साल वर्ष 25 में 106 मरीज इस बीमारी के संक्रमण से ग्रसित निकले थे। सभी को इलाज पर रख लिया गया है और उनको इलाज दिया जा रहा है।

पंडित को दक्षिणा देने में हुए विवाद पर बिना दुल्हन के लौटी बारात

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद में एक अनोखे विवाद का मामला प्रकाश में आया है। जहां शादी करवाने आए पंडित को दक्षिणा देने में विवाद इस कदर बढ़ गया कि दूल्हे को बिना दुल्हन के बैरंग ही घर लौटना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र बाहोरिकपुर से तिलोई के बसेरवा गांव गई बारात में विवाह के उपरान्त विवाह कराने गए पण्डित को दक्षिणा देने में दोनों पक्षों में इस कदर विवाद बढ़ा कि कि वर वधू पक्ष दोनों आमने सामने हो गए। जिसके चलते शादी का माहौल तनावपूर्ण हो गया। वही वर पक्ष का आरोप है कि मामूली सी बात को लेकर बेवजह विवाद बनाया गया है तथा दुल्हन पक्ष के लोगों का कहना है कि दूल्हे के पिता द्वारा नशे में अपशब्द कहे गए जिसको लेकर विवाद और आगे बढ़ा। इस दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि विवाद अधिक बढ़ने पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने तुरन्त शादी रुकवाकर वर पक्ष को बंधक बना लिया गया। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप पर किसी तरह दूल्हे पक्ष को छोड़ा गया लेकिन दुल्हन की विदाई नहीं हुई।

सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई बाल क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतियोगिता

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जनपद स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया।

दौड़ प्रतियोगिताओं में बालक वर्ग में सिरौली गौसपुर के अभिजीत ने 50 मीटर, गोलू यादव ने 100 मीटर और मो. जफ़र ने 200 मीटर दौड़ जीती। त्रिवेदीगंज के आशु यादव ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में हरख की तृप्ति ने 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ जीती, जबकि सिद्धौर की काव्या ने 200 मीटर और त्रिवेदीगंज की मुस्कान ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया।

लंबी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग से पूरेडलई के साहिल और बालिका वर्ग से त्रिवेदीगंज की खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में पूरेडलई की प्रिया (25-30 किग्रा), निधि (30-35 किग्रा), शिवानी (45-50 किग्रा) और निशा (50 किग्रा से अधिक) ने जीत दर्ज की। निंदूरा की मानवी (35-40 किग्रा) और शिखा (40-45 किग्रा) भी विजेता रहीं।

बालक वर्ग कुश्ती में पूरेडलई के साहिल (25-30 किग्रा), मनीष यादव (30-35 किग्रा), विवेक (35-40 किग्रा), आबिद अली (40-45 किग्रा) और शादाब (45-50 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। 50 किग्रा से अधिक वर्ग में मोहित विजेता रहे। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से पूरेडलई के अनूप, राधे, हरिओम और अभि ने जीत हासिल की, जबकि बालिका वर्ग में दिव्या, मीरा, शैल और सुहानी विजेता रहीं। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मनीराम (दरियाबाद), सुनील कुमार गौड़ (देवा) और जैनेन्द्र कुमार (मसौली) उपस्थित रहे। इनके साथ जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी, मनोज चौधरी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह और कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, रेफर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर बीते रविवार की देर रात तकरीबन 9:00 बजे के आसपास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार मोहम्मद उस्मान पुत्र मोहम्मद बकरीद उम्र 40 वर्ष एवं राकेश कुमार पुत्र अज्ञात उम्र 30 वर्ष निवासीगण करमगंज, जो की थाना क्षेत्र के अंतर्गत उक्त मार्ग पर स्थित हरदोई गांव से अपने घर करमगंज जा रहे थे। जैसे ही वह हरदोई गांव से आगे बढ़े, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आस–पास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उन दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हारने वाला ही जीतने का प्रयास करता है : एस.एच.ओ.

▸ बीएमपीएस लालगंज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2025 का शानदार शुभारंभ,समापन 02.12.2025 को होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि कोतवाल प्रमोद सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर स्पर्धा 2025 का शुभारंभ किया। खेल प्रांगण में बीएमपीएस खेल पताका फहराकर मैत्री और शांति का संदेश देने वाले कबूतर की जोड़ी को कोतवाल प्रमोद सिंह और प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने खेल प्रांगण से छोड़कर मैत्री और शांति का संदेश दिया।इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर से ही खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।खेल में हार-जीत का कोई मतलब नहीं।उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ हारने वाले खिलाड़ियों के भी विशेष सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि हारने वाला ही जीतने का प्रयास करता है इसलिए कभी हार से घबराना नहीं चाहिए। बालिकाओं को भी खेल के प्रति उत्साहित करते हुए कोतवाल ने उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन नर्सरी से प्राइमरी स्तर तक के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों की फ्रॉग रेस,सैक रेस,लेमन स्पून रेस में छोटे बच्चों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन कर पदक हासिल किया। 50 मीटर,100 मीटर की बालक-बालिका रेस में भी जबरदस्त स्पर्धा देखने को मिली।अपनी टीम को विजय दिलाने के लिए खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रति स्पर्धा दिखाई।

बंदरबांट की भेंट चढ़ी सहभागिता योजना

▸ लोगों के विरोध करने पर जांच के नाम पर कई लाभार्थियों को योजना के लाभ से कर दिया वंचित

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री गोवंश सहभागिता योजना चलाई गई है जिसके चलते प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने के उपरान्त उन्हें किसानों को पालने हेतु गोद दिया जाता है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का उद्देश्य निराश्रित गोवंश को संरक्षण प्रदान करना तथा गौ पालन को बढ़ावा देना है। जिसके चलते इस योजना के तहत गौशालाओं से गोद लेने वाले किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा 50 रुपए प्रति दिन के हिसाब से संबंधित गोवंश को पोषण के लिए दिया जाता है। जिसके चलते विकास खण्ड संग्रामपुर में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जिसमें सहभागिता योजना का पैसा संबंधित अधिकारी कर्मचारी खा रहे हैं। सुविज्ञ सूत्रों द्वारा जानकारी मिली है कि उक्त विकास खण्ड में योजना से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी द्वारा लाभार्थी से सांठ गांठ बनाकर घर में पाले हुए गोवंशो को भी योजना में शामिल कर दिया गया है, तथा इसके एवज में पशु चिकित्सक व अन्य क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा लाभार्थी से रिपोर्ट लगाते समय अवैध वसूली की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि पहले वसूली 20 प्रतिशत की दर से की जाती रही है अब उसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। पशु चिकित्सक द्वारा कहा जाता है कि हमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को भी देना पड़ता है। लोगों के विरोध करने पर जांच के नाम पर कई लाभार्थियों को योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है जिसके चलते स्थानीय लोगों में रोष है।

काली पट्टी बांध कर पंचायत सचिवों ने जताया विरोध

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

पंचायत सचिवों ने विभाग के अतिरिक्त कार्य व आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने के विरोध में अब काली पट्टी बांधकर कार्य करने को ठान लिया है। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत तैनात पंचायत सचिव इस बात को लेकर आक्रोशित हैं कि उनसे एसआईआर फार्म से संबंधित कार्य तथा आन लाइन उपस्थिती दर्ज कराने के सरकारी निर्देश जारी किए गए हैं जिसके विरोध मे समस्त पंचायत सचिवों ने एकजुट होकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया है तथा यह निर्णय लिया कि अब 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर ही कार्य करेंगे तथा उसके उपरांत पांच दिसंबर से ब्लॉक परिसर मे धरना का कार्यक्रम होगा। इस मौके पर एसोसिएशन जनपद अमेठी मनोज मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन सुभाष पांडेय, रजनीश भाष्कर, संजय आनंद, निशा, प्रिया सिंह, अखिलेश गौतम, ओम प्रकाश, अतुल प्रताप, शहंशाह रिजवी, ओपी मिश्रा, आलोक दुबे समेत अन्य सचिव उपस्थित रहे।

आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 54 लीटर अवैध कच्ची शराब

अमेठी समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार को गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम-भीमी, राघी पुर, दादरा, हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी । दबिश के दौरान क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना- मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम - हंसा का पुरवा से लगभग 54ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 3अभियोग पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई साथ ही आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ रामनाथ मौर्या, तीरथनाथ, शमशेर कुमार, संजय कुमार व संविदा वाहन चालक शामिल रहे।

डीएम ने किया बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन सूचना अधिकारी कक्ष, बी0एस0ए0 कक्ष, एम0डी0एम0 कक्ष, कार्यवाही पटल, आई0जी0आर0एस0 पटल, प्रधान सहायक कक्ष, डाक डिस्पैच कक्ष, अवकाश तालिका कक्ष आदि को देखा। उन्होंने लिपिक राम सहारे को सूचना का अधिकार रजिस्टर अद्यतन न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने एवं कक्ष में सी0सी0टी0वी0 लगवाये जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने

अभी तक निलम्बित हुये शिक्षकों के रजिस्टर एवं सूची को देखते हुये निर्देश दिये कि सभी निलम्बित हुये शिक्षकों की फाईलों का तीन माह की भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, यदि ऐसा नही हुआ तो अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। कार्यालय में साफ-सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द सम्पूर्ण कार्यालय की साफ-सफाई करायी जाये।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पटल को देखा, जहां लिपिक दिलीप त्रिवेदी अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 कक्ष में सी0सी0टी0वी कैमरे लगवाये जायें। प्रधान सहायक कक्ष पहुंचकर लम्बित जी0पी0एफ0, बी0ओ0 की सेवापुस्तिका देखी एवं वेतन वृद्धि के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मान्यता लेने वाले स्कूलों की 03 माह 20 दिन की लम्बित फाईलों को देखते हुये निर्देश दिये कि जो भी मान्यता के लिये आवेदन प्राप्त हुये हैं, उनका जल्द ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा कोई भी फाईल अधिक समय तक लम्बित न रखी जाये। साथ ही उन्होंने मान्यता के लिये आवेदन की गयी फाईल के प्रबंधक से वार्ता की। डी0सी0 निर्माण पटल के निरीक्षण के दौरान लिपिक विकास अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि सभी ढंग से पटल पर उपस्थित रहकर कार्य करें। लेखाकार कक्ष पहुंचकर जिलाधिकारी ने विभिन्न दस्तावेजों का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।

निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में कमियां मिलने पर जिम्मेदारों के कटे वेतन

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने रविवार की देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसेण्डी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, एन0बी0एस0यू0 रूम, मातृ सुरक्षा केन्द्र आदि को देखा। एम0ओ0आई0सी0 के अनुपस्थित होने पर एक दिन को वेतन रोकने, चिकित्सक सुनील का मातृ सुरक्षा केन्द्र संचालित न होने पर एक दिन का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी एवं

बी0पी0एम0 द्वारा रजिस्टर अद्यतन न करने पर 15 दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लगे सी0सी0टी0वी0 को देखा।

जिलाधिकारी ने नर्स ड्यूटी कक्ष को देखते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया एवं संबंधित को निर्देश दिये कि ड्यूटी का चार्ट चस्पा किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं व समुचित उपचार मिल सके इसके लिये हम सभी को एकजुट होकर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

जीडी गोयनका स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियों ने लूटा दिल

▸ वार्षिकोत्सव में आम्रपाली दूबे ने बिखेरा भोजपुरी ग्लैमर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर में फर्रुखाबाद रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों और नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। वहीं आम्रपाली दुबे ने भोजपुरी ग्लैमर बिखेर कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा आर्मी थीम पर प्रस्तुत गीत 'तेरी मिट्टी में मिल जावां...' ने सभी में देशभक्ति का जज्बा भर दिया जबकि हनुमान चालीसा के मधुर गायन से माहौल भक्ति भाव से भर गया। कक्षा 7 व 8 के बच्चों उन्नति चतुर्वेदी, स्निग्ध तिवारी, फैजान, मयंक एवं अर्जुन गुप्ता ने द्रौपदी चीर हरण का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस मौके पर ड्रोन बनाने वाले दो मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सबसे रोमांचक पल तब आया जब भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत एवं सीथू सिंह के साथ मैरून साड़ी में 'लगावेलू जब लिपिस्टिक...' गाने पर धमाकेदार डांस प्रस्तुत किया। उनकी अदायगी देख पूरा पंडाल थिरक उठा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आज हमारे बच्चों ने सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और अनुशासन से कोई भी ऊँचाई छू सकता है। आम्रपाली दुबे जैसे कलाकारों का हमारे बीच आना हमारे बच्चों के लिए बड़ा प्रेरणास्रोत है। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि मेजर रोहित तिवारी ने स्कूल के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

सिमरन आहूजा के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जैकब सेबेस्टियन, ले. फ्टिनेंट कर्नल डॉ. मनीष, फादर संथोस सेलेस्टिन, डॉ. नीथू, डॉ. अर्पित कटियार, प्रणीत सिंह, नीरज प्रसाद सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

खाटू श्याम सेवा समिति ने श्याम भक्तों को किया सम्मानित

▸ छठवीं विशाल शोभायात्रा में की सहयोग अपील की

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं पदाधिकारियों ने शहर के प्रमुख श्याम भक्तों को अंगवस्त्र, माला और बाबा खाटू श्याम का चित्र भेंटकर सम्मानित किया तथा छठवीं विशाल शोभायात्रा में सहयोग की अपील की।

5 दिसंबर शुक्रवार को 11 हजार निशानों के साथ निकलने वाली शोभायात्रा का आमंत्रण पत्र भी सभी को सौंपा गया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि भव्य शोभायात्रा 5 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर से शुरू होकर विशुनगढ़ रोड के रामलीला मैदान में संपन्न होगी, जहां सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन होगा।

इस अवसर पर एसआरडी ई-रिक्शा कंपनी के नीरज दुबे, अनुराग उर्फ अंबुज दुबे, हैवेल्स स्टैंडर्ड शोरूम के अभिनव उर्फ रेशू तिवारी, निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार के आचार्य रोहित दुबे, किराना एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, गल्ला-आलू व्यापारी संघ के संरक्षक एवं तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर पुच्ची ठाकुर, अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी एवं भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) जिलाध्यक्ष नीरज भाटिया आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रमों में रामदत्त गुप्ता, पिंकी पांडेय, राहुल गुप्ता कल्लू एवं दीपू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

एसआईआर में व्यापारियों का रहेगा पूर्ण सहयोग

▸ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने दिया आश्वासन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाना अत्यंत सराहनीय कदम है। इससे मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में मदद मिलेगी। हमारा संगठन इस राष्ट्रीय दायित्व में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है।

नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने जोर देकर कहा प्रत्येक व्यापारी भाई से अपील है कि वह अपने दस्तावेज तैयार रखें और बीएलओ के साथ पूरी ईमानदारी से सहयोग करें। यह हमारा लोकतंत्र को मजबूत करने का अवसर है, इसे हाथ से न जाने दें। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से एसआईआर को सफल बनाने का संकल्प लिया।

सहकारी समितियों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने देखी हकीकत

▸ सहकारी विभाग की टीम ने किसानों को पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण करने के सचिवों को दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

किसानों को ससमय उनकी जरूरत के अनुसार खाद मिल सकें इसके लिए सहकारी विभाग के अधिकारियों ने समितियों का निरीक्षण कर सचिवों को पारदर्शी तरीके से खाद वितरण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर सहकारी विभाग की टीम ने जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों का ए.आर. कोऑपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, अपर जिला सहकारी अधिकारी तिर्वा सुभाष चंद्र यादव, छिबरामऊ के अपर जिला सहकारी अधिकारी मनीष कुमार गौड़ तथा सदर अपर जिला सहकारी अधिकारी आर.एन. राणा ने बलनपुर, रामपुर मझीला, नादेमऊ, ज़देपूर्वा, प्रेमपुर, जलालाबाद, तालग्राम एवं बदलेपूर्वा समितियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

साधन सहकारी समिति जलालाबाद का निरीक्षण करते सहकारी विभाग के अधिकारी

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने समितियों पर किसानों को सुचारू रूप से उर्वरक वितरण कराना सुनिश्चित कराया। सभी सचिवों को निर्देश दिए गए कि टोकन व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्था के साथ लागू किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें भरोसा दिलाया कि जिले में यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को सलाह दी गई कि वे फसल की वास्तविक आवश्यकता व कृषि वैज्ञानिकों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही उर्वरक का उपयोग करें। बताया कि वर्तमान में जनपद के 56 सहकारी बिक्री केंद्रों पर कुल 524 मीट्रिक टन यूरिया, 896 मीट्रिक टन डीएपी तथा 770 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। इसके साथ ही जिले के बफर स्टॉक में भी सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में रखे गए हैं। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के निकटतम सहकारी बिक्री केंद्रों से नियमानुसार उर्वरक प्राप्त करें और किसी भी समस्या की स्थिति में विभाग से संपर्क करें।

इत्र नगरी में गूंजा UP-112 का संदेश चला जागरूकता अभियान

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। संकट में मत डरना, 112 ज़रूर करना, इसी संदेश के साथ यूपी– 112 की टीम ने जनपद में व्यापक जन– जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस महानिदेशक यूपी–112 नीरा रावत के निर्देशन में टीम ने युवाओं, छात्राओं और नागरिकों को आपात सेवाओं, महिला सुरक्षा, साइबर बचाव और रोड सेफ्टी की जानकारी दी। आशा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सौरिख अभियान की शुरुआत कॉलेज में एलईडी स्क्रीन वैन के जरिए सुरक्षा संदेश और वीडियो दिखाकर हुई। छात्राओं को 112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित त्वरित सहायता के तरीकों से अवगत कराया गया। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, तिर्वा में दूसरे चरण में टीम ने छात्र– छात्राओं को छेड़छाड़, पीछा करने, घरेलू हिंसा जैसी स्थितियों में 112 की त्वरित मदद के बारे में बताया। लाइव डेमो देकर पीआरवी की कार्यप्रणाली समझाई गई। डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज, तिर्वा में इमरजेंसी पर विशेष सत्र हुआ। टीम ने बताया कि दुर्घटना, बेहोशी, आग जैसी किसी भी परिस्थिति में 112 की कॉल से पुलिस, फायर और एम्बुलेंस एक साथ सक्रिय होती हैं। रेस्क्यू वीडियो और प्रैक्टिकल प्रदर्शन ने प्रतिभागियों को प्रभावित किया।

खेतों में अधिक यूरिया का प्रयोग फसल के लिए घातक

▸ कृषि विभाग ने जारी की किसानों को सलाह

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। आलू एवं गेहूँ की फसल में आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग फसल को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है। अत्यधिक नाइट्रोजन जहाँ एक ओर पौधों की जड़ों तक नहीं पहुँच पाती, वहीं दूसरी ओर मिट्टी की गुणवत्ता को भी खराब करती है। निदेशक कृषि संतोष कुमार ने जनपद के किसान भाइयों को सचेत करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आलू की फसल में बलुई मिट्टी वाले क्षेत्रों में आलू की खड़ी फसल को 20– 25 किग्रा यूरिया प्रति बीघा की मात्रा तीन भागों में बाँटकर देना चाहिए। यह मात्रा क्रमशः बुवाई के 20–25 दिन, 30–35 दिन, तथा 35–40 दिन (ओट आने पर) दी जाए। वहीं दोमट मिट्टी में इसी मात्रा को दो भागों में बाँटकर 25–30 दिन तथा 35–40 दिन (ओट आने पर) देना उपयुक्त है किसानों को विशेष रूप से सलाह दी गई है कि बुवाई के 50 दिन बाद किसी भी स्थिति में यूरिया का प्रयोग न करें, क्योंकि इस समय पौधों की अधिक बढ़वार होने से आलू के कंदों की वृद्धि प्रभावित होती है और उपज में कमी आ जाती है।

उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि गेहूँ की खड़ी फसल में 11– 12 किग्रा यूरिया प्रति बीघा की मात्रा दो बार देने की सलाह दी गई है, पहली बार प्रथम सिंचाई के बाद और दूसरी बार तीसरी सिंचाई के बाद (ओट आने पर)। यदि धान की कटाई के तुरंत बाद गेहूँ की बुवाई की गई है, तो यूरिया की अनुशंसित मात्रा 13–14 किग्रा प्रति बीघा है, जिसे इसी प्रकार दो हिस्सों में विभाजित कर उचित समय पर प्रयोग करना चाहिए।

अधिक यूरिया से बढ़ते खतरे

उप निदेशक ने बताया कि सिंचाई से पूर्व अधिक मात्रा में यूरिया डालने पर यह लीच होकर मिट्टी में गहराई तक पहुँच जाता है और जड़ क्षेत्र से बाहर होने के कारण पौधों को उपलब्ध नहीं हो पाता। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान तो होता ही है, साथ ही मिट्टी की उर्वरता भी घटती जाती है। कहा कि अधिक यूरिया के उपयोग से फसल में रोग और कीटों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

▸ हिन्दू देवी-देवताओं पर अपशब्द बोलने का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को ग्राम चन्दरपुर में हुई भीम आर्मी की मीटिंग के दौरान जिलाध्यक्ष सूरज कुमार और उनके 7 साथियों के खिलाफ हिन्दू देवी-देवताओं पर अपशब्द बोलने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम चंदरपुर निवासी जीत सिंह पुत्र सन्तोष सिंह ने भीम आर्मी जिलाध्यक्ष व उनके साथियों पर हिन्दू देवी देवताओं व भगवान राम के लिए अपशब्द बोलने तथा मन्दिरों को बलात्कार का स्थान बताने का गम्भीर आरोप लगाया है। जीत सिंह के अनुसार लेखराज के आमंत्रण पर गाँव में मीटिंग के लिए आए सूरज कुमार ने यह आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं। जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो सूरज कुमार, लेखराज, उनकी पत्नी उजाला, विनोद कुमार, रजनीश, सौरभ कुमार, बाबू कुमार सहित 4-5 अज्ञात लोगों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने तथा एससी एसटी एक्ट में फँसाने की धमकी दी। इस घटना से पूरे हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुईं। तहरीर पर पुलिस ने 7 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गीता जयंती पर अखिल विश्व गीता ज्ञान महोत्सव संपन्न

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मां गमा देवी शक्तिपीठ मंदिर में गीता जयंती के पावन अवसर पर आयोजित अखिल विश्व गीता ज्ञान महोत्सव में मुख्य वक्ता पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि भगवद्गीता का पाठ एवं ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार सभी मनुष्यों को है, इसमें स्त्री, वैश्य, शूद्र या किसी भी जाति-वर्ग का कोई भेदभाव नहीं है।

उन्होंने कहा गीता कर्म करने का अधिकार देती है, फल की इच्छा त्यागने की शिक्षा देती है। परमात्मा को समर्पित होने पर वह भक्त का भरण-पोषण स्वयं करता है। शरीर नश्वर, जगत मिथ्या एवं ब्रह्म ही सत्य है, इसी चिंतन से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा एकादशी व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को एकादशी महिमा पोथी वितरित की जाएगी। इस अवसर पर गीता प्रेमियों को गीता ज्ञान यज्ञ का प्रसाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मधु सिंह भदोरिया, राधा यादव, सौम्या पाल, रामा गुप्ता, मदन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, सत्यम शर्मा, भूल्लन सिंह एवं प्रभात दीक्षित सहित बड़ी संख्या में गीता प्रेमी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

विधायक व पालिकाध्यक्ष ने किया मॉडल शौचालय का लोकार्पण

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज। कोंच नगर में स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में नगर पालिका ने एक सराहनीय कदम उठाया है। सोमवार को नगर के पुराने अस्पताल परिसर,पटेल नगर में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त साढ़े उन्नीस लाख रुपये की लागत से निर्मित मॉडल शौचालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस आधुनिक शौचालय का निर्माण नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कराया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों, मरीजों एवं राहगीरों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन उपस्थित रहे। उनके साथ पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं ईओ मोनिका उमराव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शौचालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि–विधान से पूजन–अर्चन के साथ हुई, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने मॉडल शौचालय की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर ठेकेदार संजय अग्रवाल, आरआई सुनील यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अमित उपाध्याय, ओ.पी. कुशवाहा, सभासद रवि कुशवाहा, बादाम कुशवाहा, शादाब अंसारी, गौरव तिवारी, सीमा अहिरवार, अनिल वर्मा, मनीष नगरिया आदि मौजूद रहे।

सीएचसी कालपी में नवंबर माह में हुए दस महिलाओं के सीजर ऑपरेशन

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत सीएचसी कालपी में प्रसूता महिलाओं को सीजर की सुविधा हासिल होने लगी है। नवंबर माह में 10 महिलाओं के चिकित्सीय टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किए गए हैं। उल्लेखनीय हो कि प्रसूता महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी न होने की वजह से सीजर ऑपरेशन के लिए उरई, कानपुर, झांसी, आदि जगह जाना पड़ता था। जिसमें महिलाओं को मोटी रकम तथा समय बर्बाद करना पड़ता था। सीएचसी में स्थापित आधुनिक ऑपरेशन थिएटर में महिला चिकित्सक डॉक्टर रूबी सिंह, डॉक्टर विशाल सचान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार, की संयुक्त टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किया गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि प्रसूता महिला की सीजर विधि से डिलीवरी के लिए महिला चिकित्सक, बाल रोग चिकित्सक समेत पूरी टीम बराबर तैयार रहती है। उन्होंने बताया कि इस माह भी 10 सीजर ऑपरेशन में जच्चा बच्चा स्वास्थ रहे।

डीएम का महिला अस्पताल में औचक निरीक्षण, मरीजों से लिया प्रत्यक्ष फीडबैक

▸ जच्चा-बच्चा वार्ड में जन्मी 12 कन्याओं को दी शुभकामनाएं
▸ जननी सुरक्षा योजना के 1500 लंबित प्रपत्र एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने पूछा कि क्या इलाज के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई या बाहर की दवाइयां लिखी गई हैं। उन्होंने बताया किसी भी प्रकार का पैसा नहीं दिया गया और ना ही बाहर से दवाइयां लिखी गई है मरीज का उपचार पर कर के अंदर से ही किया गया है।

जच्चा-बच्चा वार्ड पहुंचकर जिलाधिकारी ने बीते 24 घंटे में जन्मी 12 बच्चियों के परिजनों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि सभी नवजात कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित फॉर्म तुरंत भरवाकर लाभ समय से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की, जिसमें लगभग 1500 आवेदन लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रपत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने लैब, पैथोलॉजी, पर्चा काउंटर, पंजीकरण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी, प्रभावी और मरीजों के प्रति संवेदनशील बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।

▸ वाहनों के काफिले के साथ छिरिया टोल प्लाजा पर हुआ अभिनंदन

केंद्र व प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने लंबे इंतजाबर के बाद दूसरी बार पार्टी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी उर्विजा दीक्षित को देने के बाद सोमवार को जनपद आगमन पर उनके स्वागत में पूरी पार्टी एकजुट नजर आयी। जिला मुख्यालय में काफिला आने के बाद उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया।

जैसे ही उनके वाहनों का काफिला छिरिया टोल प्लाजा पर अनेकों भाजपा नेताओं के साथ छिरिया सलेमपुर के प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी (आंशु तिवारी) ने भव्य स्वागत किया। जैसे ही उनका काफिला टोल प्लाजा पहुंचा उत्साहित कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और जयघोष के साथ जोरदार अभिवादन किया। लगभग 80 चार पहिया वाहनों का काफिला स्वागत स्थल तक पहुंचा। इस दौरान दो जेसीबी मशीनों एवं एक हार्वेस्टर को आकर्षक तरीके से सजाकर स्वागत गेट के रूप में खड़ा किया गया, जिसने स्वागत समारोह को खास बना दिया। प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी द्वारा काफिले में चल रहे सभी कार्यकर्ताओं के लिए जलपान एवं नाश्ते की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से जिलाध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह चरम पर दिखाई दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष उरई प्रतिनिधि विजय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सहाव पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर, प्रलुव्य निरंजन, उपेन्द्र गुर्जर, अनुज तिवारी, रामजी त्रिपाठी नाहली ग्राम प्रधान, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घूरा डालने को लेकर दी जान से मारने की धमकी

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दक्षिणी खुडावा निवासी मुंगे लाल वर्मा पुत्र नेक राम वर्मा ने कोतवाली में शिकायत की है कि सोमवार दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी पुरानी जगह पर घूरा डालने जा रहे थे। तभी बहवलपुर निवासी एक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और दावा किया कि आज के बाद इस जमीन पर घूरा नहीं डाला जाएगा, अब यह जमीन मेरी है। मुंगे लाल ने बताया कि हम पिछले 20 वर्षों से इसी जगह पर घूरा डालते आ रहे हैं, लेकिन आरोपी ने धमकी दी है कि मेरे ऊपर दर्जनों मुकदमे हैं। तुम्हें जान से मारने पर एक मुकदमा और बढ़ जाएगा। डर के मारे मैं चुप रहा। बाद में पता चला कि आरोपी थाना छिबरामऊ का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गुंडा है, जिसे कई मुकदमों में सजा भी हो चुकी है।

ब्लॉक कोंच में ऑनलाइन हाजिरी का सचिवों ने किया विरोध

▸ प्रणाली को शासकीय कार्यों में बताया बाधा

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।

सांकेतिक सत्याग्रह एवं ग्राम पंचायत सचिवों पर थोपे गए अन्य विभागों के कार्यो व आन लाइन हाजिरी के विरोध किया इसी दौरान कोंच विकासखंड कार्यालय में सोमवार सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए इसे शासकीय कार्यों में बड़ा बताया है और ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह कार्यक्रम की जानकारी दी है। वही मामले में सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने मुख्य विकास अधिकारी जालौन को ज्ञापन भी सौंपा है।

ज्ञापन में चरणवद्ध तरीके से चलने वाले आंदोलन के बारे में उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शासकीय कार्यों का निष्पादन करेंगे और जनपद के सभी विकास खंडों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में 11 से 1 बजे तक संगठन के बैनर तले विकासखंड मुख्यालय पर फर्श पर बैठकर शांतिपूर्ण और सांकेतिक सत्याग्रह एवं ग्राम पंचायत सचिवों पर थोपे गए अन्य विभागों के कार्यों का विरोध किया जाएगा।

वहीं उन्होंने आगे बताया कि एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को संबोधित दिया जाएगा। जिसमें समस्त सच इन उनके व्यक्तिगत फोन नंबर पर क्रिएट किए गए समस्त शासकीय जनपद यह एवं विकासखंड स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप लेफ्ट करेंगे। एवं अन्य जानकारियां भी दी हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनुज गुप्ता, वसीम खान, नरेंद्र पटेल, सूरजभान पटेल, हर्षित गुप्ता, इंद्रजीत राणा, हर्षित गुप्ता पवन सिंह, हेमन्त कुमार, पूनम शिल्पी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यालय ग्रा0पं0 समैचीपुर म0 अठरुइया वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 01/12/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत समैचीपुर मजरा अठरुइया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 02/12/2025 से 08/12/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08/12/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	सुनील के घर से काली माता के मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	4.29 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्तें– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सुशीला देवी) — ग्राम पंचायत समैचीपुर म0 अठरुइया, नवाबगंज — सचिव (प्रमोद शुक्ला)

ऑनलाइन हाजिरी व गैर विभागीय कार्यों का सचिवों ने किया विरोध

काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया प्रतीकात्मक विरोध, 15 तक चलेगा आंदोलन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कार्यालय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने और गैर विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों व ग्राम विकास अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने विकास खंड कार्यालय पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जिसमें उन्होंने बताया कि काम का बोझ और ऑनलाइन हाजिरी का वह विरोध कर रहे है। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन 15 दिसंबर तक

काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते सचिव

चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा। जिसके लिए आज से इसकी शुरुआत हो चुकी है।

यह आंदोलन उनके मूल विभाग के कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के अत्यधिक बोझ और फेशियल रिकॉर्ड कनेक्शन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम के विरोध में किया जा रहा है। सचिवों का कहना है कि गैर कार्यों के चलते वह अपना कार्य समुचित रुप से नहीं कर पा रहे है। ग्राम पंचायत सचिवों ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टेट सर्वे, गौशाला प्रबंधन, भूसा प्रबंधन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, फैमिली आईडी, विभिन्न पेंशनों का सत्यापन, शिक्षा विभाग के ऑपरेशन कायाकल्प एवं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य और परली प्रबंधन संघ का कार्य, आदि के चलते कर्मचारी अस्वस्थ्य हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का शिकार भी बना रहे हैं।

1 से 4 दिसंबर तक प्रदेश के समस्त विकास खण्डों में सचिव काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा विकास खंड कार्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से नारेबाजी करेंगे। 5 दिसंबर से सभी 826 विकास खण्डों में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन होगा। इस दिन में मुख्यमंत्री को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसके बाद सभी सचिव शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों से खुद को अलग कर लेंगे। 10 दिसंबर से प्रदेश के सभी सचिव निजी वाहनों से सरकारी कार्य करना बंद कर देंगे।15 दिसंबर को समस्त सचिव अपने डोंगल विकास खण्डों पर एडियो पंचायत को समर्पित कर देंगे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा सकारात्मक प्रयास नहीं किए गए तो प्रदेश के सचिव संपूर्ण कार्य बहिष्कार एवं अनवरत धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। सोमवार को आंदोलन के पहले दिन सचिवों ने सुबह 10:00 बजे से 11: 00 तक विकासखंड प्रसार में काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत संगठन के जिला सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव, मोतीलाल यादव, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, सुनील कुमार गौतम साहित समस्त ग्राम सचिव व ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

आवास विकास कॉलोनी में पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास कॉलोनी में निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय निवासी सनी पुत्र कमलेश ने पुलिया निर्माण में हो रही कथित अनियमितताओं और कमजोर गुणवत्ता को लेकर सीधे मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा। जिससे पुलिया के गिरने का खतरा बना हुआ है।

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल नगर पालिका परिषद को जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से कहा

अमानक बन रही पुलिया

गया है कि शिकायत की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाए और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार या निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई तय की जाए। सनी ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि पुलिया की कमजोर संरचना भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। यदि समय रहते गुणवत्ता को सुधारने के कदम नहीं उठाए गए तो कॉलोनी के निवासियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराकर दोषों को तत्काल ठीक कराया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया कॉलोनी की मुख्य आवाजाही का मार्ग है। ऐसे में निर्माण में लापरवाही का असर सीधे नागरिकों की सुरक्षा पर पड़ेगा। कॉलोनीवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा और निर्माण कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाएगा।

खबरें एक नजर में

हादसे में घायल किशोरी को पत्रकारों ने पहुंचाया अस्पताल

घायल को अस्पताल पहुंचाते अखबारनवीश

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी की पहचान प्रिया पुत्री मुकेश निवासी अहमदपुर देवरिया थाना जहानगंज के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर मौजूद स्थानीय पत्रकार शिवम शुक्ला, विपिन, राहुल गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए अस्पताल से स्ट्रेचर खुद उठाकर लाए। उन्होंने बिना देर किए घायल किशोरी को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया। अस्पताल में तैनात डॉ0 विकास पटेल ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रिया की हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया। पत्रकारों ने घटना की सूचना तुरंत परिजनों तक पहुंचाई। कुछ ही देर में किशोरी की दीदी और जीजा अस्पताल पहुंचे और उसे संभालने में जुट गए। बाद में थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे से संबंधित जानकारी एकत्र की। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक पूछताछ की है। पुलिस घटनाक्रम की आगे जांच कर रही है।

चर्च से चांदी, पीतल के बर्तन व बैटरी सहित कीमती सामान चोरी

जांच पड़ताल करते चौकी इंचार्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र स्थित सीएनआई रखा चर्च में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर अलमारी तोड़ दी और चांदी, पीतल के बर्तन सहित कई कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना से चर्च परिसर में हड़कंप मचा है। चर्च के प्रेजबिटर इन्चार्ज रेव्ह मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की प्रार्थना सभा के बाद चर्च का मुख्य दरवाज़ा व अलमारी ताला बंद कर दी गई थी। सोमवार सुबह करीब 5 बजे पानी के कैंपर लेने पहुंचे लोगों ने देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी भी तोड़ी गई थी। चोर लगभग 2 चांदी की प्लेटें करीब 5 किलो, पीतल का बलम, पीतल के कटोरे, पीतल की कास, चर्च का दानपात्र, इन्वर्टर बैटरी तथा एक बड़ा स्टेबलाइज़र चोरी कर ले गए। घटना के बाद चर्च के सदस्यों में रोष व्याप्त है। मनोज कुमार ने याकूतगंज चौकी इंचार्ज राहुल कुमार को सूचना दी। चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। दरोगा राहुल कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

जुआ खेलने से मना करने पर पुत्र ने मां को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

जुआ खेलने से मना करने पर पुत्र ने मां के साथ मारपीट कर दी। महिला ने सीएचसी में उपचार कराया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी नरेंद्र के बेटे धर्मेंद्र को गांव के ही एक युवक ने जुआ खेलने के लिए बुलाया था। जिस पर महिला ने आपत्ति जताई थी और जुआ खेलने से मना किया। जिससे नाराज पुत्र ने मां राजकुमारी के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गयी। थाना पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी। घायल महिला ने सीएचसी में पहुंचकर अपना उपचार कराया। क्राइम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

सीएचसी में उपचार कराती महिला

बीएलओ के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ईमादपुर पमारान रामकेश लोधी राजपूत की पत्नी उर्मिला देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री है। उनकी बीएलओ में डियूटी लगी है।

उर्मिला के बीमार होने के कारण उनका पुत्र शिवांक ईमादपुर पमारान के बूथ संख्या-59 के बीएलओ का कार्य देख रहा है। बताया जाता है कि

युवक शिवांक

टेंशन के चलते शिवांक ने सोमवार सुबह 8 बजे घर में फांसी लगा ली। शिवांक को फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल नीचे उतारकर आवास विकास स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। शिवांक को बेंटीलेटर पर रखा गया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

उर्मिला देवी ग्राम कड़क्का स्थित केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात हैं। उनके बेटे शिवांक ने बीएलओ की ट्रेनिंग ली है। उसने ही एसआईआर फार्म का वितरण किया है। अभी तक फांसी लगाने का कारण पता नहीं चल सका है।

वहीं चर्चा के अनुसार शिवांक ने बीएलओ कार्य के दबाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधान अनंगपाल सिंह कुशवाहा अस्पताल पहुंचे।

रामगंगा पुल पर फिर हादसा, मक्का लदा ट्रक रेलिंग तोड़कर लटका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सोमवार सुबह रामगंगा पुल पर एक बार फिर हादसा हो गया। मक्का लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ता हुआ पुल के ऊपर लटक गया। जिससे राम गंगा पुल पर लंबा जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के राम गंगा पुल पर सुबह लगभग 6 बजे ललितपुर से मक्का भरकर बरेली जा रहा ट्रक रामगंगा पुल पर पंहुचते ही दुर्घटना ग्रस्त हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गया। गनीमत रही की चालक और हेल्पर को कोई चोट नहीं लगी। ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से पुल पर लम्बा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। बताते चलें कि लगभग 13 दिन पूर्व

रामगंगा नदी पर रेलिंग तोड़कर लटका ट्रक

19 नवंबर को गन्ना लदा ट्रक अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ता हुआ रामगंगा में चला गया था, लेकिन दुर्घटना के 13 दिन बाद भी अभी तक ट्रक को नदी से बाहर नहीं निकाला जा सका है और यह दूसरा हादसा सामने आया है।

अमृतपुर मुख्य बाजार में सुरक्षा पर सवाल, रात में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड नींद में लिप्त

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

अमृतपुर मुख्य बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, ताकि बाजार की दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके, लेकिन रविवार की देर रात सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत कुछ और ही दिखाई दी।

रात 9:21 बजे बाजार में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड ड्यूटी निभाने के बजाय गहरी नींद में सोते हुए मिले। दोनों सुरक्षा कर्मी बस स्टॉप पर बने यात्री प्रतीक्षालय में दरी बिछाकर और कंबल ओढ़कर आराम फरमा रहे थे। जो पुलिस की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। जिनके कंधों पर बाजार की सुरक्षा का दायित्व था वही अपनी जिम्मेदारी को भूल गहरी नींद में लिप्त पाए गए।

सर्दी के मौसम में जरा सी चूक भी चोरों को दावत देने से कम नहीं, जबकि बाजार क्षेत्र पूर्व में कई बार

नींद के आगोश में होमगार्ड

चोरी की वारदातों का शिकार हो चुका है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यदि सुरक्षा बल ही ड्यूटी के समय सोते रहे तो चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल हो जाएगा। थाना पुलिस की ओर से बाजार में सुरक्षा तैनाती सुनिश्चित की गई है, लेकिन इस तरह की लापरवाही प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। लोगों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों को इस मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का यह भी कहना है कि रात की ड्यूटी में अगर सुरक्षा कर्मी ही सोते रहेंगे तो बाजार की सुरक्षा भगवान भरोसे ही रहेगी। इस घटना के बाद बाजार के व्यापारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं और प्रशासन से मांग की जा रही है कि रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए तथा नींद में ड्यूटी करने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

ट्रांसफार्मर में आग लगने से 100 ग्रामों की बिजली गुल

धू-धू कर जलता ट्रांसफार्मर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब 100 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर में नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उम्मरपुर में 100 केवी के एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इस घटना से लगभग 100 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी। उन्होंने लाइनमैन मंजेश कुमार को घटना से अवगत कराया। लाइनमैन मंजेश कुमार ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने पुष्टि की कि वह मौके पर पहुंच रहे हैं और ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण करीब 100 घरों में बिजली गुल हो गई है। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने जानकारी दी कि आग लगने की सूचना मिलते ही लाइनमैन को मौके पर भेज दिया गया है।

दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को परिषदीय दिव्यांग बच्चों के लिए तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता एसएनएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत हुई। जिसमें कायमगंज, शमसाबाद और नवाबगंज विकास क्षेत्रों के बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य रामगोपाल और सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा ने किया। अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सनोज और सानवी ने प्रथम स्थान प्रा किया। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में आयुष और पलक अव्वल रहे।

बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

कुर्सी दौड़ में सनोज, पलक और आयुष ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समापन पर विजयी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन खंड शिक्षाधिकारी ओम प्रकाश पाल ने किया। इस अवसर पर एआरपी सुबोध कुमार अनिहोत्री, राजकुमार भास्कर, प्रबल प्रताप, अवधेश गुप्ता, अतुल कुमार, अवधेश कुशवाह, अश्वनी कुमार, उदय यादव, अवधेश शाक्य, रतन, विक्रांत सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

सेंट पीटर्स प्रीपरेटरी स्कूल में क्रिसमस मेले का हुआ आयोजन

मेले में सम्मानित होती शिक्षिका

बच्चों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के लगाये स्टॉल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेंट पीटर्स प्रीपरेटरी स्कूल अंडियाना में किसमस मेले का आयोजन धूमधाम से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता प्रसाद की देखरेख में बच्चों ने क्रिसमस मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकानें लगायी। भव्य मेले में दुकानों की सजावट आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभु की प्रार्थना के साथ हुआ। बच्चों के साथ अभिभावकों ने भाग लिया। मेले की तरफ से अभिभावकों का स्वागत किया गया। क्रिसमस मेले में चाऊमीन, काफी, पेस्टी, कोल्ड ड्रिंक, आइस्क्रीम, पीजा, गोलगप्पा, मोमोज, ढोकला, पकौड़े, इडली सांवर, दही बड़ा, चाट, पॉपकोन, काटन कैंडी एवं विभिन्न प्रकार के गेम्स हुए। मेले में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। 13 लकी ड्रॉ निकाले गये। प्रबंधक अनिल प्रसाद ने अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों द्वारा लगाये गये स्टाल को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें व अभिभावक मौजूद रहे।

दो बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र घायल, लोहिया रेफर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पिता को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसारए थाना मऊदरवाजा के गांव शमशेर नगर निवासी 40 वर्षीय अवनीश अपने 10 वर्षीय पुत्र निर्मल के साथ बाइक से नवाबगंज किसी काम से गए थे। वापस लौटते समयए जब वे गांव बैजू नगला के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अवनीश और निर्मल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ0 अभिषेक

लोहिया में घायल पिता-पुत्र

बाइक सवार ने स्कूटी में मारी टक्कर, एक घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के मोहल्ला सिरमौर निवासी ईश्वर दयाल पुत्र सुरेश चंद्र सोमवार शाम को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह गुड़गांव जाने के लिए बस का टिकट बनवाने स्कूटी से नवाबगंज आ रहे थे। यह घटना नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर हमीरापुर जाने वाले मोड़ पर हुई। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईश्वर दयाल दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस चालक राजीव और ईएमटी रजनीश मौके पर पहुंचे और घायल ईश्वर दयाल को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में डॉक्टर गौरव राजपूत ने ईश्वर दयाल का प्राथमिक उपचार किया। उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

चतुर्वेदी ने बताया कि अवनीश और निर्मल को घायल अवस्था में लाया गया था। अवनीश की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा व यातायात सप्ताह के बारे में दी गई जानकारी

सम्मानित जमूरी कैंप लखनऊ से लौटी छात्रायें व मौजूद सीओ व पुलिस आदि

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर के कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी व अपराध निरीक्षक कामिल खाँ ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा और यातायात सप्ताह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने छात्राओं से कहा कि अपनी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें और मोबाइल का गलत उपयोग न करें। किसी भी परेशानी में तुरंत शिक्षक या हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए हेलमेट लगाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना और ओवर स्पीडिंग से बचना जरूरी है। अपराध निरीक्षक कामिल खॉ ने फोटो व चैट के मिस यूज को लेकर सावधान किया और अनजान नंबर रिसीव न करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य डॉ0 विश्व मोहिनी पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जमूरी कैंप लखनऊ से लौटी 11 छात्राओं और शिक्षिका स्वर्णिम तिवारी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गीता जयंती मानव श्रंखला में डीएम सहित शिक्षकों व समाजसेवियों ने लिया भाग

जनपद में जगह-जगह मानव श्रंखला बनाकर दिया गया संदेश

संबोधित करते डीएम व मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्यास फर्रुखाबाद इकाई द्वारा मार्ग शीर्ष एकादशी सोमवार को विशाल गीता संदेश मानव श्रंखला का आयोजन आयोजक मण्डल रामजी बाजपेयी व डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, अनुराग अग्रवाल के द्वारा जिलाधिकारी के नेतृत्व में समस्त शैक्षिक प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री कालेज, मेडिकल कालेज, प्रशासनिक कार्यालयों एवं समाजिक, धार्मिक, व्यवहारिक एवं अन्य संगठनों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में मानव श्रंखला का आयोजन किया गया।

वृहद गीता संदेश मानव श्रंखला का आयोजन की अध्यक्षता डीएम आशुतोष द्विवेदी ने की। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 2 हजार छात्र-छात्राओं ने स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में विभिन्न गीता अनुरागी व संत विद्वान मनीषियों ने गीता संबोधन के साथ भाग लिया। डीएम ने कहा कि गीता उद्धार, उद्धांत दिव्य प्रेरणा से हमारा उत्साहवर्धक होता है। शरीर मन, बुद्धि मुख्य रुप से विशिष्ठ समतायें मनुष्य के पास है। इनका हम सभी को सद्प्रयोग करना है, जिसके लिए गीता के तीन मुख्य योग है। कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति योग इनका सतप्रयोग करना है। जिससे समस्याओं का समाधान होता है। सीडीओ विनोद कुमार गौड़ ने कहा कि तर्क और युक्तियों के साथ अपनी बात स्पष्ट करने का ढंग गीता सुंदर व्यवस्था है। इसके अलावा बढ़पुर में भोला, मुन्ना, योगेश दुबे, ईश्वर दयाल अग्निहोत्री के नेतृत्व में, चौक पर सदानंद शुक्ला, जसमई दरवाजा, आवास विकास, जोगराज में सुरेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में मानव श्रंखला बनायी गई। शहर के विभिन्न महाविद्यालय, इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालयों में मानव श्रंखला बनाकर गीता का संदेश दिया गया। जनपद में लगभग 25 किलो मीटर की मानव श्रंखला बनी।

डा0 रजनी सरीन ने विचार व्यक्त किये। डा0 संदीप चतुर्वेदी ने कहा कि गीता सर्व कालिक, सार्वभौमिक प्रेरणा है। श्रीमद् भागवत गीता अद्भुत ग्रंथ है। जीवन की सभी समस्याओं का मुक्त, युक्त समाधान है। गीता के उपदेश की आवश्यकता महाभारत से ही अधिक है। इस मौके पर राजेन्द्र त्रिपाठी, वीरेन्द्र मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह राठौर, केके पाठक, धीरेन्द्र तिवारी, अनिल प्रताप सिंह, अनिल सिंह, गिरिजा शंकर, डा0 विनीत चौहान, संतोष कटियार, दीपिका राजपूत, डा0 नीतू मसीह, अंजुम दुबे, क्रीड़ा सचिव अतुल दास, जवाहर मिश्रा, डा0 आरके गुप्ता, प्रवीन अवस्थी, नारायन दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में मेडिकल कैम्प लगाकर किया गया चेकअप

मेडिकल कैम्प में मौजूद वृद्ध व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डॉ0 आरपी मेमोरियल सोसाइटी की तरफसे वृद्धा आश्रम में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया।

कैम्प में डॉ0 ऋषि नाथ गुप्ता ने अपनी टीम के साथ अपना जन्मदिन मनाया। डॉ0 सोमनाथ गुप्ता, डॉ0 मनीषा गुप्ता, डॉ0 अजय सूद, लखन दीक्षित, अभिषेक यादव, कौशलेंद्र सिंह, वरुण पांडेय एवं मेडिकल टीम ने कैंप में सहयोग किया।

मेडिकल कैंप में लगभग 25 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर, बीपी और जोड़ो के दर्द की बीमारियां पाई गई, मरीज को उचित परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि को ब्रिटेन संसद ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ब्रिटेन की संसद में सम्मानित होते स्वामी चक्रपाणि महाराज

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि को ब्रिटेन संसद में सम्मानित किया गया। देश के लिए यह खुशी की बात है। लंदन की संसद हाउस ऑफ कॉमन्स एवं हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ठ अवार्ड स्वामी चक्रपाणि को दिया गया। इस उपलब्धि पर फर्रुखाबाद संत महासभा के महामण्डलेश्वर उमेश चन्द्र महाराज ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए हिन्दूवादी नेताओं के साथ बैठक आहूत की। उमेश चन्द्र महाराज ने कहा कि अनेक देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वामी चक्रपाणि का सम्मान हुआ। वैश्विक नेतृत्व एवं अध्यात्मिक योगदान और मानवता व विश्व शांति के लिए अनुपम प्रयासों के लिए प्रतिशिष्ठ पुरुस्कार ब्रिटेन के सांसद जैक सुहेल शेख, वीरेन्द्र शर्मा, हैरो के मेयर अंजना, वर्ल्ड लीडरशिप फोरम के संस्थापक नचिकेत जोशी द्वारा प्रदान किया गया। सभी अतिथियों ने महाराज का अभिवादन किया। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि भारत जब विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है, तब ब्रिटेन की प्रशासनिक दक्षता और भारत का अध्यात्मिक तेज दोनों मिलकर विश्व को शांति, समृद्धि और सद्भावना की दिशा देगें। अपने जीवन में योग, ध्यान और आत्मानुशासन को शामिल करें। मन की शांति से ही समाज, राष्ट्र और विश्व की सेवा संभव है। जल्द सनातन का ध्वज पूरे विश्व में लहरायेगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें सम्मानित मिलने पर प्रशंसा जाहिर की।

गीता जयंती पर विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला

मानव श्रंखला के दौरान मौजूद बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर के भैया बहिनों ने गीता जयंती पर मानव श्रृंखला बनाई।

मानव श्रृंखला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर के मुख्य दरवाजे से लेकर आईटीआई चौराहे से आगे तक लगभग 1 किमी की थी। जिस श्रृंखला का नेतृत्व विद्यालय के आचार्य चंदनलाल मिश्रा एवं जितेन्द्र यादव ने किया।

प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने बताया कि इस मानव श्रृंखला को बनाने का उद्देश्य महान ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति समाज के लोगों में श्रद्धा, आदर सम्मान एवं उसमें निहित सूत्रों को अपने सामान्य जीवन में उतारने का प्रयास करना और सरकार को इस महान ग्रंथ को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने का आग्रह करता हूं। मानव श्रृंखला में विद्यालय के आचार्य वीरेंद्र सिंह, आलोक दीक्षित, अंकित शुक्ला, अश्विनी सिंह, मदनलाल, ओम अग्निहोत्री, नीलम सिंह, विवेक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

हैंडलूम प्रदर्शनी के काव्योत्सव में युवा प्रतिभाओं की शानदार प्रस्तुतियां

दिलीप कलमकार चुने गये मैन ऑफ द मंच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

दिलीप कश्यप को सम्मानित करते आयोजक

नगर के क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर चल रहे फर्रुखाबाद हैंडलूम महोत्सव प्रदर्शनी के पंडाल में भव्य काव्योत्सव का आयोजन दीप संस्था अध्यक्ष निमिष टंडन की अध्यक्षता एवं युवा कवि वैभव सोमवंशी के संचालन में हुआ। युवा कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। कवि सम्मेलन की में श्रेष्ठ ओज की रचना शहीद भगत सिंह के लिए युवा कवि दिलीप कश्यप कलमकार को मैन आफ द मंच का सम्मान दिया गया। जिसका निर्णय संपूर्ण मंच वह श्रोताओं में सर्वसम्मति से किया। सम्मेलन के संरक्षक के रूप में उपकार मणि उपकार ने वाणी पुत्रों की नयी फसल को भविष्य में पलने फूलने की शुभकामनाएं दीं। कवि श्रृंखला के प्रथम कवि के रूप में ओज के हस्ताक्षर प्रियांशु पांडेय ने कहा-उठो वीर अब समय हो गया नींद से फिर जग जाने का, समय हो गया फिर से नभ पे भगवा को लहराने का। वैभव सोमवंशी सुभाष ने कहा-राम हमारी सुबह हमारी शाम है, राम रात दिन राम ही आठों याम है। विशाल श्रीवास्तव ने पढ़ा-मात पिता के अरमानों से क्यों अपना मुंह मोड़ आए। जिसने कांधे पर बैठाया उसके कांधे तोड़ आए। तुमको लेकर स्वप्न सजाए जिसने अनगिन रातों को, और अचानक आज उन्हीं को तुम वृद्धाश्रम छोड़ आए। दिलीप कश्यप कलमकार ने कहा-सोच लिया था भगत सिंह ने अब तो कुछ करना होगा मातृभूमि की बलिवेदी काट शीश धरना होगा। जगमोहन गौतम मुसाफिर ने ग़ज़ल पढी-दिल नहीं जिसपे मेरी जान फिदा है गौतम, सामने आती है चुपके से गुज़र जाती है। इसके अलावा, मोनू त्रिवेदी, विभोर सोमवंशी, निमिष टंडन, डा0 अरुण पाठक ने काव्यपाठ किया। आयोजक मोहम्मद रफी व उनकी टीम ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी कवियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

खबरें एक नजर में

चौक पर बने विद्युत ट्रांसफार्मर फ्रेम को बिजली विभाग ने तुड़वाया

फ्रेम को तुड़वाती महिला व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शहर में चौक चौराहे पर ट्रांसफार्मर रखे जाने के लिए बनाये गये फ्रेम को उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने खड़े होकर तुड़वाया। बीते दिन धरने के दौरान चेयरमैन पति मनोज अग्रवाल व ईओ विनोद कुमार ने आकर आश्वासन दिया था, कि रेलवे रोड का शीघ्र सुंदरीकरण शुरु कर दिया जायेगा, चौक के पास इधर-उधर फुटपाथ घिरा है उसे भी खाली करा दिया जायेगा। साथ ही बिजली विभाग द्वारा दिये गये लिखित पत्र के अनुसार सोमवार को ट्रांसफार्मर रखे जाने के लिए बने फ्रेम को तुड़वा दिया गया है। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ सोनी शुक्ला ने खड़े होकर फ्रेम को तुड़वाया, जबकि मिश्रा के अन्य पदाधिकारी भी फ्रेम तुड़वाने के दौरान पहुंचे। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सीता भदौरिया, नेहा मिश्रा, सुनीता मिश्रा मौजूद रही।

सातनपुर मंडी में आलू के दामों में आयी उछाल



मण्डी में नये आलू के साथ मौजूद किसान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एशिया की सर्वाधिक राजस्व देने वाली मंडी सातनपुर में आलू की आमद बढ़ने के बाद भी दामों में बढ़ोतरी देखने को मिली। सोमवार को आलू 100 के उछाल के साथ बिका।

किसान नेता आलू आढ़ती अरविंद राजपूत ने बताया कि सोमवार को आलू की आमदनी 5000 की राही। इसके साथ ही पुराना आलू 300 से लेकर 400 पैकेट तक आया। बिक्री में भी उछाल देखा गया। आलू के दामों में 100 का उछाल दिखा, आलू 451 से लेकर 550 रुपए प्रति पैकेट के भाव से बिका। वहीं पुराना आलू भी मंडी में बिक रहा है। नया आलू आ जाने के बाद अब पुराने आलू को पसंद करने वाले काफी कम रह गए हैं, लेकिन फिर भी पुराने आलू की बिक्री हो रही है। जनपद आलू के उत्पादन में अपना विशेष स्थान रखता है। आलू मंडी की शुरुआत कुछ दिन हुए हैं, बड़ी तादाद में आलू की आमद शुरू हो गई है और भविष्य में आमद और भी बढ़ने की संभावना है। आलू मंडी में सुबह से ही रौनक देखने को मिल रही है।

डीएन कालेज में इग्नू की परीक्षाएं शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

परीक्षा देते विद्यार्थी

डीएन कॉलेज फतेहगढ़ में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र में दिसम्बर की सत्रांत परीक्षाएं प्रारम्भ हो गयी हैं। ये परीक्षा 1 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 14 जनवरी 2026 तक चलेगीं। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 1 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा का समय 2 से 5 बजे तक है। जानकारी देते हुए इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 डीएन कॉलेज के समन्वयक डॉ0 आर0एन0 सिंह ने बताया कि इग्नू दिसम्बर सत्रांत परीक्षा 2025 का आयोजन सुचितापूर्ण संपन्न कराया जा रहा है तथा सतर्कता के साथ गोपनीय सामग्री को सुरक्षित रखा गया है। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जा चुका है कि परीक्षार्थियों को हॉल टिकट और परिचय पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे मोबाईल, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ और टैबलेट लाना पूर्णतयः प्रतिबंधित है। प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने भी परीक्षा से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि महाविद्यालय में परीक्षाएं पूर्णतयः शांतिपूर्ण एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में नकल विहीन वातावरण में संपन्न हो रहीं हैं। सभी परीक्षा से सम्बन्धित निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें। प्राचार्य ने महाविद्यालय में परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में उतरे सचिव

काली पट्टी बांधकर किया कार्य

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

विरोध प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत सचिव

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष शशिदेव सिंह ने अपने साथियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रदेश स्तरीय आवाह्न पर पंचायत सचिवों की ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह किया। दिये गये ज्ञापन में अवगत कराया गया कि प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर ग्राम पंचायत सचिवों की ऑन लाइन उपस्थिति किये जाने के विरोध में संगठन द्वारा सत्याग्रह किया गया। 1 दिसम्बर से 4 दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शासकीय कार्यो का निष्पादन करने की मांग की गई। 5 दिसम्बर को सभी विकास खण्डों में ऑन लाइन प्रणाली के विरोध में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे शांति पूर्ण बैठक कर सांकेतिक सत्याग्रह चलाकर विरोध किया जायेगा और खण्ड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन दिया जायेगा। ग्राम पंचायत सचिव अपने विभागीय दायित्वों का निर्वाह्न करते हुए व्यक्तिगत नम्बरों पर क्रियेट किये गये ग्रुप से लेफ्ट करेंगे। 3 दिसम्बर को इंजन चलित वाहन से क्षेत्रीय भ्रमण साथियों द्वारा नहीं किया जायेगा। साइकिल भत्ता 200 रुपया, टेंपो अथवा बस का किराया देने की मांग की जायेगी। जटिल ई-ग्राम समाज व गेटवे प्रणाली प्रक्रिया के विरोध में मोबाइल ऐप के भुगतान से प्रक्रिया निर्मित करने की मांग शासन से की जायेगी। ग्राम प्रधानों की कोई शैक्षिक योग्यता शासन द्वारा निर्धारित नहीं है, ऐसी स्थिति में डीएससी संचालन की अपेक्षा रखना अव्यवहारिक नहीं है, आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अध्यक्ष संदेश कुमार, मंत्री विवेक कुमार, शशिदेव सिंह, प्रमोद शुक्ला आदि सचिव मौजूद रहे।

तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक अभियुक्त को एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना कादरीगेट की पुलिस बीती रात गश्त कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दिया। रोककर नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम रवि पुत्र रामप्रकाश गिहार निवासी रामलीला गड्ढा निकट लाल दरवाजा थाना कादरीगेट बताया। जामा तलाशी से उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में पांच मुकदमे पंजीकृत हैं।

नेहरु रोड पर मानव श्रंखला बनाकर भेंट किये गये तुलसी के पौधे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मानव श्रंखला के दौरान मौजूद लोग

गीता वैदिक न्यास गीता ग्रन्थ महान है। सोमवार को श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्याय जयंती के तहत मानव श्रंखला बनाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। समाजसेवी व भाजपा नेत्री मुख्य अतिथि श्वेता दुबे, प्रीती तिवारी व भाजपा मोर्चा की जिलाध्यक्षा बबिता पाठक आदि को संजय गर्ग ने तुलसी के पौधे भेंट किये। साथ ही गीता देकर व पटुका पहनाकर सम्मानित किया। श्वेता दुबे ने कहा कि सभी लोग अपने आचरण में गीता को धारण करें। गीता ग्रंथ ऐसा ग्रंथ है जो सबको ज्ञान देता है। सुधेश दुबे ने कहा कि गीता पढ़ने से मन को शांति मिलती है। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि गीता अपने आप में वह शक्ति है जो सनातन धर्म को मजबूत करती है और ईश्वरी शक्ति प्रदान करती है, जिससे मनुष्य अच्छे कर्म करने के प्रति बाध्य रहता है। संजय गर्ग ने कहा कि गीता हमें बहुत कुछ सिखाती है, इसलिए गीता की प्रमुख बातें मानव जीवन का उद्धार करती है। प्रत्येक व्यक्ति को हर दिन गीता पढ़कर अपने आचरण में धारण करना चाहिए। इस मौके पर रोहित शर्मा, अरविन्द दीक्षित, अनिल गुप्ता, विनय अग्रवाल, श्याम जी गर्ग, अभिषेक त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

भाकियू अखण्ड प्रदेश छोड़कर हिन्दू महासभा में क्रांति पाठक ने की वापसी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारत हिन्दू महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने क्रांति पाठक का वापसी पर स्वागत किया। पिछले दिनों क्रांति पाठक अखिल भारत हिन्दू महासभा से इस्तीफा देकर भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश में चले गये थे। जिसका हिन्दूवादी नेताओं ने नाराजगी जतायी और कहा कि कई वर्षों से हिन्दू महासभा के लिए काम किया और अचानक कुछ परचितों के दबाव में संगठन को छोड़कर चले जाना ठीक नहीं था। बाद में उन्होंने अपनी स्वेच्छा बताकर भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश को छोड़कर पुनः हिन्दू महासभा में वापसी की है। युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने घर वापसी पर क्रांति पाठक का स्वागत किया और कहा कि पहले की तरह संगठन को पुनः मजबूत करेंगे और सनातन धर्म को मजबूत करते हुए हिन्दुत्व को आगे बढ़ाने का कार्य करेगें। क्रांति पाठक ने बताया कि शीघ्र बैठक कर संगठन का विस्तार किया जायेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने क्रांति पाठक को वापसी पर बधाई दी।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यूपी 112 की टीम ने किया जागरुक

रेलवे स्टेशन पर जागरुक करती टीम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में यूपी-112 पुलिस द्वारा यूपी-112 की जनसेवाओं की जागरूकता अभियान के दृष्टिगत नुक्कड़ नाटक व एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से आम जन मानस को जागरुक किया गया।

यूपी-112 पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद, थाना कादरीगेट क्षेत्रांतर्गत आवास विकास चौकी व थाना कादरीगेट क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड पर नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल-112 की जानकारी देकर, उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। यूपी-112 की एक पहल योजना के तहत आम जनमानस को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। सिर्फ अपने लिए नहीं, दूसरों की मदद के लिए भी 112 मिलाएं, कॉलर की पूरी जानकारी गुप्त रखी जाती है। सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं, फायर, एम्बुलेंस, प्राकृतिक आपदा आदि में भी मदद होती है।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

फर्रुखाबाद/मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदाबाद व बढ़पुर ब्लाक में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते सचिव

विकासखंड बढ़पुर एवं मोहम्मदाबाद में ग्राम पंचायत सचिवों ने गेटवे ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और गैर-विभागीय कार्यों के बोझ के विरोध में सोमवार को शांतिपूर्ण काली पट्टी बांधकर आंदोलन किया। सचिवों ने काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य संपादित करते हुए शासन से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की।

दोनों ब्लॉकों-बढ़पुर और मोहम्मदाबाद के ब्लॉक कार्यालयों पर दर्जनों पंचायत सचिव एकत्र हुए और बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति का नया प्रावधान जमीनी स्तर के कार्यों को प्रभावित कर रहा है, साथ ही सचिवों पर अत्यधिक अनावश्यक दबाव भी डाल रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह अन्यायपूर्ण निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो सचिव खुलकर विरोध करते हुए कार्य बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। 1 दिसम्बर से 04 दिसम्बर तक ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सांकेतिक सत्याग्रह जारी रहेगा। 5 दिसम्बर से ऑनलाइन अथवा मोबाइल फोन के माध्यम से किए जाने वाले सभी कार्य पूर्णतः बंद कर दिए जाएंगे।

मोहम्मदाबाद में विरोध प्रदर्शन के दौरान राजीव गौतम, अवधेश गौतम, मनीष साहू, अनुराग सिंह, रामवीर शाक्य, संदेश कुमार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय साहू, शिवपाल सिंह, विवेक कुमार, संजय सक्सेना मौजूद रहे। वहीं बढ़पुर ब्लॉक में ओम शिव पांडे, श्वेता अग्निहोत्री, प्रभात यादव, आलोक त्रिवेदी, नीरू दीक्षित आदि मौजूद रहे।

संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष संदेश यादव ने कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, विरोध जारी रहेगा।

खबरें एक नजर में

सरकारी नलकूप से केबल चोरी, पुलिस अनजान

चकरनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव में सरकारी नलकूप से केबल चोरी हो गई। किसान ने आनलाइन शिकायत करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सहसों थाना के गांव भदौरियनपुरा निवासी किसान अनुज दुबे ने बताया कि 23 नवंबर को नलकूप संख्या 202 बीजी से केबल व कटआउट चोरी हो गए। किसान ने बताया कि उनके द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से भी शिकायत की गई और आनलाइन भी शिकायत की गई है। प्रभारी निरीक्षक सहसों अलमा अहिरवार ने बताया कि इस संबंध में जानकारी नहीं है, यदि चोरी हुई है, तो थाने पर शिकायत करनी चाहिए थी, आनलाइन की मुझे जानकारी नहीं है।

बस से भिड़ी डीसीएम, ड्राइवर घायल

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर विरारी के पास स्लीपर बस में पीछे से डीसीएम भिड़ी हादसे में ड्राइवर घायल हो गया। एटा थाना अवागढ़ निवास डीसीएम ड्राइवर सुमित पुत्र मनोज शनिवार देर रात औरैया की ओर से इटावा के तरफआ रहा तभी आगे चल रही सवारियों से भरी स्लीपर बस में पीछे से डीसीएम अनियंत्रित होकर टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का आगे का हिस्सा बुरी तरफक्षतिग्रस्त हो गया उनके केबिन में फसकर डीसीएम ड्राइवर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम के केबिन में फसे ड्राइवर को बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। और क्षतिग्रस्त हुई डीसीएम को हाइवे पर क्रेन के मदद से हटवाकर रोड किनारे खड़ी कराकर रोड को सुचारू रूप से सामन्य कराया।

युवक ने खाया जहर, भर्ती

इकदिल, इटावा। किसी बात से छुब्ध होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गांव कांकरपुर के रहने वाले रूप सिंह 26 वर्षीय दीपक ने रविवार दोपहर बाद घर में किसी बात छुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन लोग उसे बेहोशी की हालात में जिला अस्पताल ले गए।

ब्राह्मण सभा ने एमपी के आईएएस अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

बबेरु/बांदा। बबेरू तहसील में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा एमपी के आईएएस अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही कि जानेकी मांग किया है। बबेरू तहसील परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के बबेरु प्रभारी विनोद पांडे के नेतृत्व में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर बबेरू तहसील पहुंचकर मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है और कहा है कि जिस तरह से हमारे ब्राह्मण सभा पर अभद्र टिप्पणी की गई है। बहुत ही आपत्तिजनक है। ब्राह्मण लोगों पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। जिसमें सभी ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश है। जिसको लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। कि आईएएस अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। इस मौके पर आदित्य स्वरूप पांडे, विशेषण पांडे, कृष्णकांत, उमाकांत तिवारी, संतोष तिवारी, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, नीरज पांडे, अमरीश कुमार द्विवेदी, अश्विनी चतुर्वेदी, राजू मिश्रा, श्यामजी मिश्रा, रामजी शुक्ला, उमाकांत तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, विश्वनाथ मिश्र, कमल कुमार, नीरज पांडेय, देवानंद द्विवेदी सहित अन्य ब्राह्मण समुदाय के लोग मौजूद रहे।

घूरी गांव की गौशाला में अव्यवस्था देख मुख्य विकास अधिकारी ने जताई नाराजगी

बांदा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डे ने बिसंडा ब्लाक के घूरी गांव स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की स्थिति बेहद खराब पाई गई। टीनशेड के नीचे कीचड़ जमा था और पूरे परिसर में साफ–सफाई नहीं मिली। गौशाला में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि यहां लगभग 130 जानवर रखे गए हैं। इसके बावजूद चारा, पानी और देखभाल की व्यवस्थाओं में लापरवाही साफ दिखाई दी। कई स्थानों पर गंदगी और दुर्गंध के कारण व्यवस्था बदहाल नजर आई। स्थिति देखकर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पशु होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं। इसी आधार पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही सचिव ग्राम पंचायत, पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान के खिलाफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यवस्थित सफाई, पानी और चारा व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित की जाए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव के लोगों का कहना है कि गौशाला की अव्यवस्था की शिकायतें पहले भी उठती रही हैं, लेकिन अब मुख्य विकास अधिकारी के हस्तक्षेप से सुधार की उम्मीद बनी है।

फर्जी कम्पनी बनाकर लोगों से पैसे ठगने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का भण्डाभोड़, तीन गिरफ्तार

बांदा। उप्र शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रही जीरों टालरेंस टू वर्ड फाडस्टर्स नीति क्रम में आज पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनी चलाकर लोगो से झूठी पॉलिसी बताकर फर्जी लोन व कम्पनी से जुड़ने दुर्घटन/हेल्थ बीमा अनिवार्य कराने हेतु रुपये लेकर फरार होने वाले 3 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि 26 नवंबर 25 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली आरती मिश्रा व 50 अन्य औरतों के समूह द्वारा बताया गया कि 3 लोगो द्वारा एक फर्जी समूह कम्पनी रामनिधि फाइनेन्स खोलकर लोगों को 70 हजार रुपये का लोन देने की बात व प्रतिमाह 3500 रुपये किस्त देने की बात कही गई। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को बड़ा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ कि गई तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग फर्जी कम्पनी श्री रामनिधि फाइनेन्स समूह जो कि बांदा जनपद के आर.टी.ओ. चौराहा के पास ऑफिस खोला गया था व अपना फर्जी नाम व फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग कर घटना को अंजाम दिए थे। अभियुक्तो के कब्जे से घटना में कारित एक लाख 60 हजार 650 रुपये नकद बरामद हुये है। पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी जोड़कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहां– कहां इस प्रकार की घटनाओं को कारित किया गया व इसमें अन्य और कितने सदस्य शामिल है । गिरफ्तार अभियुक्तों में विष्णु प्रकाश पुत्र जयनाथ निवासी ग्राम सुनरा थाना कोतवाली नगर जनपद महाराज गंज, धीरेन्द्र पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम रुद्रापुर थाना कोतवाली नगर जनपद महाराज गंज व सर्वेश पुत्र लालबाबू निवासी ग्राम हर्दी थाना निचलौल जनपद महाराज गंज शामिल हैं।

भाजपा अध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने एसआईआर को लेकर मॉनिटरिंग टीम के साथ की बैठक

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में चल रहीं मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यालय पर एसआईआर जिला टोली व मॉनिटरिंग टीम की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय महामंत्री व एसआईआर क्षेत्रीय संयोजक राम किशोर शाहू उपस्थित रहें।

एसआईआर क्षेत्रीय संयोजक राम किशोर शाहू ने भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के साथ सदर विधानसभा के इटावा द्वितीय मंडल अन्तर्गत नुमाइश चौराहा व प्रथम मंडल अन्तर्गत टिक्सी मंदिर पर लगें हेल्प डेस्क कैम्प में जाकर बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्रों को भरवाकर जमा करवाने का काम किया। क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह अभियान सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पार्टी के संगठनात्मक दायित्व का भी हिस्सा है। कार्यक्रम में एसआईआर संयोजक कृपानारायण तिवारी, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अलोक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, विवेक गुप्ता, सतेंद्र राजपूत, मुकेश यादव, अभिषेक मिश्रा, बासु चौधरी, मोनू चौहान, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य, आई टी जिला प्रमुख शरद तिवारी, भाजयुमो जिलामंत्री अंकित सैनी, पूर्व जिलाउपाध्यक्ष जितेंद्र जैन, शिवम राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता व बीएलओ उपस्थित रहें।

लकड़ी खोखे में लगी भीषण आग

भरथना, इटावा। कस्बा के इटावा रोड स्थित मुहल्ला कृष्णानगर बम्बा पुलिया पर बीती रात्रि करीब 3 बजे आसपास पड़ोसियों में उस समय हाहाकार मच गया, जब पास में रखे एक लकड़ी के खोखा से धूं-धूंकर भीषण आग की लपटें उठने लगी। लकड़ी के खोखा में ग्राम नगला खरगजीत निवासी किसान बलराम सिंह (45 वर्ष) पुत्र बाजपेई यादव सब्जी बिक्री कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सब्जी की दुकान में भीषण आग की लपटें देख पड़ोसियों ने पुलिस को आग लगने की सूचना देकर अपने निजी संसाधन समरसेविल चलाकर पानी डालकर करीब एक घंटे में भीषण आग पर बमुश्किल काबू पाया। घटना की सूचना पर अपने गांव से मौके पर पहुंचे खोखा स्वामी सब्जी विक्रेता बलराम सिंह ने एक नामजद युवक पर रंजिशन उसकी दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए बताया कि नामजद व्यक्ति पहले कई बार उसको दुकान बन्द करने के लिए धमका चुका था। उसी के द्वारा उसकी दुकान को आग के हवाले किया गया है। जिसके सम्बन्ध में उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। अग्नि पीड़ित बलराम सिंह के अनुसार अग्निकांड में उसका 30 हजार रूपए कीमती लकड़ी का खोखा, 10 हजार रूपए का लकड़ी का टर्टर, प्लास्टिक की 15 किरेट, 20 हजार रूपए की सब्जियां आलू, टमाटर, गोभी, लहसुन, प्याज, पालक, अदरक आदि सब्जियां नष्ट हो गई हैं। घटना की सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग टीम ने निरीक्षण कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बीईओ नवाब वर्मा ने प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज़।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन शक्तिकरण दिवस पर एक दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता बीआरसी सैफई में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा द्वारा किया गया। दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सुलेख प्रतियोगिता में स्वार्थी प्रथम, अंकित द्वितीय, नैन्सी तृतीय स्थान प्राप्त किया, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रवेश प्रथम, सलोनी द्वितीय, आराध्या तृतीय स्थान, नींबू चम्मच दौड़ में पंकज प्रथम स्थान, सनोज द्वितीय स्थान, मयंक तृतीय स्थान, 50 मी दौड़ में मोहित प्रथम स्थान, मोहन द्वितीय, राज तृतीय स्थान, मेंढक दौड़ में रिया प्रथम, नैन्सी द्वितीय, शिखा तृतीय स्थान, 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में लवी प्रथम, अनीशा द्वितीय, आरुषि तृतीय स्थान, म्यूजिकल चेयर रेस में किशन प्रथम, स्वार्थी द्वितीय, दिव्यांशी तृतीय स्थान, सॉफ्ट वॉल थ्रो में पल्लवी प्रथम, विनय द्वितीय, अमर ने तृतीय स्थान प्राप्त करके प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, किशन चंद्र, जयपाल, रोहित मिश्रा, देवेंद्र कुमार, दुर्वेश कुमार प्रदीप कुमार, सुशील कुमार एवं समस्त बीआरसी स्टाफएवं समेकित शिक्षा की तरफ से अवधेश सिंह, सच्चिदानंद पांडेय, ओमप्रकाश, सुनील कुमार, अवधेश कुमार, सनेश कुमार एवं नोडल शिक्षकों द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

एसएसपी ने यातायात माह का समापन किया

इटावा, समृद्धि न्यूज़।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में यातायात माह नवम्बर के समापन कार्यक्रम में पहुंचकर द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यातायात माह के दौरान जन-जागरुकता कार्यक्रम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा रिक्रूट महिला आरक्षियों ने यातायात से सम्बन्धित रंगा-रंग कार्यक्रम में भाग लेने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी की प्रशंसा की गयी। आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी द्वारा बताया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही थी लेकिन पुलिस के सहयोग से विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सडक दुर्घटना में कमी आयी है साथ ही बताया कि यातायात दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन चलायें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरें। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया। समापन समारोह कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

लेखपालों ने उत्पीड़न व वेतन कटौती को लेकर बैठक कर किया प्रदर्शन

बबेरू/बांदा। बबेरू तहसील में लेखपाल संघ के द्वारा बैठक की गई, है। बैठक में अधिकारियों के उत्पीड़न व वेतन कटौती को लेकर प्रदर्शन किया है। बबेरू तहसील परिसर सोमवार की दोपहर से शाम पांच बजे से उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ इकाई बबेरू के तहसील अध्यक्ष नरसिंह नारायण हरिहर की अध्यक्षता पर तहसील परिसर में लेखपालों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न कार्यवाहियों व लेखपालों की वेतन कटौती तथा अत्यधिक कार्यों के लिए अधिकारियों के दबाव को लेकर बैठक की गई वहीं बैठक में अधिकारियों के खिलाफ लेखपालों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया है। वही कहा कि अधिकारियों के निर्देशन पर हम सभी लोग कार्य कर रहे हैं। लेकिन अधिकारियों के द्वारा उत्पीड़न कार्यवाही कर कार्य करने का दबाव बनाकर हमारे साथ उत्पीड़न किया जा रहा है। इस मौके पर महामंत्री अनिल कुमार पटेल, मनोज पाल, विकास द्विवेदी, अवधेश पाल, बाबूराम, जगनंदन, गोविंद लाल, पंकज कुमार, मानसिंह, सुजीत पटेल, राजेश कुमार, सत्यवीर, चिंताराम, अंकित सिंह, शिवाकांत, नरेंद्र कुमार, लखन लाल, चंद्रप्रकाश सिंह, शुभम गुप्ता, सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

सचिवों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया

कमासिन/बांदा, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों की ब्लाक मुख्यालय में आनलाइन हाजिरी एफआरएस जारी गाइडलाइन के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर आज सोमवार को सचिवों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस आदेश को वापस नहीं लिया तो 15 दिसंबर के बाद समस्त विकास कार्य से विरत होकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया है की प्रदेश ग्राम पंचायत संगठन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय के आवाहन पर 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुएविरोध प्रदर्शन किया जाएगा इसके बाद 10 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया जाएगा यदि इसके बाद भी सरकार ने आदेश को वापस नहीं दिया तो 15 दिसंबर से डोंगल लाक करके कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की सचिव फील्ड वर्कर होता है और एक सचिव के पास तीन से चार गांव हैं सचिव गांव जाकर सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को संपादित करता है एक-एक गांव ब्लॉक मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर की दूरी में है ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी मुख्यालय में कैसे दी जाएगी। विरोध व्यक्त के दौरान सचिव सच्चिदानंद द्विवेदी, संजय मिश्रा, राकेश घर त्रिपाठी, अविनाश सिंह, योगेंद्र सिंह, शुभम राणा, प्रमोद कुमार, प्रमोद सिंह , अमित पटेल, विवेक, केपी सिंह मौजूद रहे।

दूल्हे ने युवक को चाकू मारकर घायल किया, पिता सहित गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के गांव कर्बा खेड़ा स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में गर्म भोजन न मिलने से नाराज़ दूल्हा द्वारा एक युवक के चाकू घोपने के मामले में पुलिस ने दूल्हा और उसके पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से उनको जेल भेज दिया गया। इकदिल थाना क्षेत्र के ग्राम मुरैथा निवासी सुभाषचंद्र पुत्र राम नाथ ने बकेवर थाने में दिये शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उसने अपनी पुत्री की शादी ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम हविलिया निवासी चंद्र भान के पुत्र से तय हुई थी। 28 नवम्बर को बारात नेशनल हाईवे परशुपुरा के पास स्थित संजय पैलेस गेस्टहाउस में शाम को पहुँची कुछ समय बाद शादी के कार्यक्रम चलने लगे और जय माला भी पड़ गई। कि उसी समय दूल्हे के भाइयों और पिता ने बरातियो के लिये गर्म खाना की मांग करने लगे इसी बीच बारात के लोगों और घरात पक्ष के लोगों में गाली-गलौज होने लगी। विवाद में दूल्हा ने अपने हाथ मे लिए कटार से अपने मौसेरे साले विक्की के पेट में कटारी मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसका मामला पुलिस ने दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में छापामारी शुरू की थी। सोमवार को लखना चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि घटना का आरोपी दूल्हा आकाश बाबू और उसका पिता चन्द्र भान निवासी हवेलियां बकौली थाना ऊसराहार इटावा किसी से मिलने के लिए बिजौली आए हैं जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पैदल घर जा रही वृद्धा को बाइक सवार ने मारी टक्कर, पैर टूटा

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पतवन गांव के पास खेत से पैदल घर जा रही वृद्ध महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वृद्ध महिला का पैर टूट गया, जिसको जिला अस्पताल रिफर किया गया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव की रहने वाली वृद्ध महिला तुलसा देवी पत्नी विशंभर पाल उम्र करीब 60 वर्ष यह सोमवार की शाम खेतों से पैदल अपने घर जा रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध महिला तुलसा देवी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पैर फैक्चर हुआ है। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद पैर फैक्चर होने की वजह से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

15 दिनों में गांव में कैंप लगाकर केसीसी कार्ड बनाए जायें: डीएम

डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वर्ष 2025-26 की प्रगति समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने एचडीएफसी बैंक एवं पीएनबी बैंक के प्रतिनिधि की उपस्थिति ना होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए इंडियन बैंक एवं स्टेट बैंक आफ़ इंडिया के बैंकों में लंबित आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत इंडियन बैंक, एवं स्टेट बैंक आफ़ इंडिया तथा सेंट्रल बैंक आफ़ इंडिया में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक तथा सेंट्रल बैंक आफ़ इंडिया में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने आगामी 15 दिनों में गांव में कैंप लगाकर केसीसी कार्ड बनाए जाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर एवं संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को दिये सआर्यावर्त बैंक एवं बैंक ऑफ़ बडौदा, सेंट्रल बैंक को निर्देश दिए। उन्होंने राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत बैंकों को सीसीएल किए जाने के संबंध में आर्यावर्त बैंक, इंडियन बैंक एवं सेंट्रल बैंक आफ़ इंडिया के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उन्होंने बैंकर्स को सीडी रेशियों बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, लीड बैंक जीएम ,डीआईसी सहित पीडी, डीआरडीए संबंधित बैंकों के बैंक प्रबंधक एवं प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत होने पर भावभीनी दी विदाई

ऊसराहार, इटावा। ताखा क्षेत्र मे सिचाई विभाग की ओर से तैनात मेठ रामनरेश यादव निवासी नगला ढकाऊ 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए मेठ पद पर रिटायर्ड होने पर भरतिया स्थित सिचाई विभाग के डांक बंगले में आयोजित विदाई समारोह मे रामनरेश को धूमधाम से विदाई दी गई। समारोह में रामनरेश को फूल मालाओं से लाद दिया। रामनरेश ने कहा मेठ जैसे छोटे पद पर उन्होंने अपने जीवन को समर्पण भाव से लगाया है आज जिस तरह लोगो ने उन्हे सम्मानित किया है यही उनके जीवन की असली कमाई है समारोह के मुख्य अतिथि राकेश सिंह राजावत महामंत्री ठेकेदार संघ इटावा ने कहा व्यक्ति कभी रिटायर नही होता है, बल्कि अब जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत हो रही है यह पारी परिवार और रिश्ते नातेदारी के बीच गुजरेगी। समारोह में अमित कुमार, शिवनारायण यादव आदि मौजूद रहे।

जलशक्ति राज्य मंत्री ने किया यातायात जागरूकता माह का समापन

कार्यक्रम में आयोजित सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी में जनपद के जनप्रतिनिधि उच्चाधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक तथा हजारों की संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं रहीं उपस्थित

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस लाइन बांदा में यातायात जागरुकता माह-2025 का आकर्षक एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण समापन समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद बांदा के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अभिभावकों तथा नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की।

समारोह का शुभारम्भ कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । समापन समारोह के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा मेविस टॉक, जनप्रतिनिधियों में भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष बांदा मालती बासू, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार, क्षेत्राधिकरी अखिलेश राजन, क्षेत्राधिकारी प्रतिज्ञा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, पीटीओ रामसुमेर यादव, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री बेलास यादव, प्रभारी निरीक्षक यातायात संजय कुमार मिश्रा यातायात जागरुकता मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा आदि उपस्थित रहे। मंच से मंत्रीजी, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने यातायात माह के उद्देश्य, सड़क सुरक्षा के महत्व तथा जन-सहभागिता की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी, माडल डिस्प्ले, तथा आन स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता व यातायात जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। यातायात सुरक्षा थीम पर आधारित स्कूली बच्चों द्वारा थीम आधारित प्रदर्शनी रोड सेफ्टी मॉडल डिस्प्ले सड़क सुरक्षा चार्ट प्रेजेंटेशन थ्री-डी ट्रैफिक सिग्नल मॉडल यातायात नियमों पर चित्रांकित पोस्टर्स लगाए गए, जिन्हें देख उपस्थित नागरिकों ने बच्चों की सराहना की। आयोजित प्रदर्शनी में पुलिस विभाग की ओर मिशन शक्ति, साइबर जागरुकता, फायर सर्विस, डायल-112 का जागरुकता स्टॉल लगाकर लोगों को इनसे प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। अन्य विभागों की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग ने भी प्रदर्शनी में अपना स्टाल लगाया गया ।कार्यक्रम में आ स्पाट पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 138 बच्चों ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट, सीट बेल्ट, डाटेड लाइन, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग आदि विषयों पर उत्कृष्ट कला प्रस्तुत की। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों के कार्य को सराहनीय बताया गया। नुक्कड़ नाटक, योग, नृत्य और संगीत कार्यक्रमकृ समारोह का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक, योग, नृत्य, संगीत तथा प्रशिक्षु आरटीसी रिक्रूटर्स द्वारा प्रस्तुत यातायात जागरूकता आधारित कार्यक्रम रहे, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए 1 से 30 नवंबर तक कुल 32578 वाहनों का चालान करते हुए कुल 03 करोड 80 लाख 56 हजार 900 रुपये का जुर्माना किया गया है, जिसमें सर्वाधिक बिना हेलमेट के 28536 वाहन, बिना सीटबेल्ट के 868 वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 1046 वाहन, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 272 वाहन, तीन सवारी के 1797 वाहन, नो-पार्किंग/गलत स्थान पर पार्किंग के 974 वाहन, गलत नम्बर प्लेट के 485 वाहन तथा चालक द्वारा नशे में वाहन चलाने वाले 30 वाहन शामिल हैं । इस दौरान बिना वैध परिपत्र के पाये जाने वाले 38 वाहनों को सीज भी किया गया है ।